अरविंद के अनुसार सर्जनात्मक आधार चरमसत से पृथक नहीं हो सकता अतः वह आतिमानस को स्रष्टा या सर्जनात्मक भाव या यूं कहें कि सत भाव के रूप में स्वीकार करते हैं । सृष्टि का आधार हम सत में ही ढूंढ़ सकते हैं उसके अतिरिक्त कहीं नहीं । वेदांत दर्शन में हम सृष्टि के आधार के समाधान के रूप में ईश्वर एवं माया के संप्रत्यय को पाते हैं जहां सृष्टि की व्याख्या ईश्वर एवं माया के माध्यम से की गई है परंतु वेदांत में ईश्वर, माया इत्यादि संप्रत्यय को ब्रह्म के साथ समन्वय स्थापित करने में कठिनाई होती है परिणामस्वरुप वेदांत के समक्ष और कोई रास्ता नहीं बचता की ईश्वर, माया, जगत सबको अंततः वास्तविक ही मान लिया जाए यही कारण है कि श्री अरविंद का मानना है कि इस प्रकार के किसी समाधान में सत्य के एकत्व रूप को तो हम सुरक्षित कर सकते हैं परंतु सृष्टि के साथ हम न्याय नहीं कर पाते क्योंकि सृष्टि पूर्ण रूप से भ्रामक सिद्ध होती है । जिसका कारण यही है कि यहां सृष्टि के आधार ईश्वर को एक प्रकार से ब्रह्म से पृथक माना गया है जिसके कारण ईश्वर एवं ब्रह्म के संबंध में ईश्वर का विलय हमें करना ही पड़ता है अरविंद के अनुसार वेदांत दर्शन की समस्या से बचने के लिए हम यही मार्ग अपना सकते हैं कि सृष्टि के आधार को परमसत से भिन्न या पृथक ना मानें बल्कि हम ऐसे सिद्धांत को स्वीकार करें जो कि सत् और सृष्टि दोनों के साथ न्याय संगत हो सके। इसी समस्या के समाधान हेतु श्री अरविंद आतिमानस के संप्रत्यय को स्वीकार करते हैं सच्चिदानंद शुद्ध सत, चित एवं आनंद स्वरूप है। वह काल एवं देश के पार है जबकि सृष्टि देश एवं काल में स्थित है । अब इन दोनों के मध्य दोनों को अंतर्संबंधित करने वाली एक कड़ी का होना आवश्यक होता है और उस कड़ी के लिए यह भी अनिवार्य हो जाता है की एक तरफ तो उसे सत की एकरुपता की चेतना हो तो दूसरी ओर सृष्टि की यथार्थता की भी समझ हो और ऐसा तभी संभव हो पाएगा जब इस कड़ी को एक सर्जनात्मक भाव ,एक सद्भाव के रूप में स्वीकार किया जाए।

पूर्ण सत भाव के रूप में यह सत्य है और संरचनात्मक होने के कारण इसमें अभिव्यक्त की क्षमता होती है सच्चिदानंद से यह भिन्न नहीं है क्योंकि यह सद्भाव है और सच्चिदानंद की चेतना है परंतु इसमें अभिव्यक्ति की शक्ति भी निहित होती है यहां अभिव्यक्त का तात्पर्य है मूल भाव का एक प्रकार का विभेदन अर्थात अपने मूल रूप का अनेक रूपों में व्यक्त होना और यह अभिव्यक्ति उस सत का ही रूप है परंतु वह अभिव्यक्ति है अतः उसकी प्रतीति सत से भिन्न है और यह प्रतीति सृष्टि की प्रतीति है। सृष्टि भी उस समय आरंभ होती है जब सत्य में निहित तीनों रूपों सत, चित और आनंद के एकात्म का आतिमानस विभेदन प्रस्तुत करता है । श्री अरविंद के अनुसार इसमें कोई संदेह नहीं है कि सुपरमाइंड या अतिमानस स्वयं सच्चिदानंद है लेकिन सच्चिदानंद अपनी शुद्ध, अनंत, अपरिवर्तनीय चेतना में आराम नहीं कर रहा है, बल्कि मौलिक स्थिति से बाहर निकलकर एक ऐसी गति की ओर बढ़ रहा है जो उसकी ऊर्जा का रूप है और ब्रह्मांडीय सृजन का साधन है।

5.4 मनुष्य के चरम लक्ष्य के रूप में अतिमानस

अतिमानस मानस का चरम लक्ष्य है और यह मानस की अंतिम परिणति है। जैसा कि हम श्री अरविंद के दर्शन में पाते हैं की एक अर्थ में मानस भी आतिमानस के सर्वथा विपरीत नहीं है अभी तो उसमें नहीं शक्तियां आतिमानस की शक्तियों के ही निम्नतर रूप हैं इस प्रकार मानस निम्नतर गोलार्ध में स्थित है परंतु उसमें अतिमानस का ही निर्माता रूप है और अपने चरम लक्ष्य के रूप में अतिमानस की ओर उठने के लिए वह सदैव प्रयासरत रहता है , तत्पर रहता है। उनके अनुसार मानस एवं अतिमानस का अंतर सत्य के ग्रहण करने के तरीकों का भेद है अतिमानस अनिवार्य रूप से सत को पूर्ण अद्वैत एवं एकात्मक रूप में ग्रहण करने का प्रयास करता है परंतु मानस अपने स्वरूप के पूर्णता को खंडित करके उसे अंशों में विभक्त कर लेता है मानस अनिवार्य रूप से ज्ञात और ज्ञेय में भेद करता है और ज्ञेय को भी उसके अवयवों एवं अंशों के आधार पर ही पकड़ने का प्रयास करता है इसी कारण मानस सत्य के चित्रण में अंततः

असमर्थ है सत्य एक है ज्ञान की ऐसी विधा जो ज्ञान विषय को उसके विश्लेषण के द्वारा ही जान सकती है , उसे अवयवों में विभाजित करके ही जान पाती है सत्य का ज्ञान नहीं पा सकती क्योंकि सत तो अविभाज्य होता है सत्य के अवयव नहीं होते हमारी मानसिक चेतना में भी इकाइयों की चेतना होती है परंतु अरविंद का मानना है कि मनस के द्वारा प्राप्त ऐसी चेतना ज्ञान नहीं है। मानसिक चेतना अपने विषय को विभिन्न अंशों में विश्लेषण करके देखते हैं और तब उन्हें पुनःसंगठित करने का प्रयास करती है परंतु ऐसी इकाई मौलिक एकत्व का चित्रण नहीं कर सकती । जिस कारण मानसिक चेतना की उपलब्धियां ज्ञान के वास्तविक अर्थ में ज्ञान नहीं कहीं जा सकती।

मानस और आतिमानस के बीच हम इस भेद को देखते हैं फिर भी हम पाते हैं कि मानस में सदैव ऊपर उठने की उत्सुकता रहती है प्रयास रहता है। मानस से प्राप्त ज्ञान आशिक और सताई होते हैं परंतु उसमें एकत्र को प्राप्त करने की तत्परता एवं प्रयास होता है और इकाइयों को स्थापित करने की प्रवृत्ति होती है मानस में अपूर्ण रूप में आदिमानस की शक्ति ही प्रयासरत रहती है उच्चतर आध्यात्मिक क्षेत्र से आतिमानस का निम्नतर क्षेत्र के मानस में अवतरित होने के परिणाम स्वरुप मानस में विकसित होने एवं उच्चतर स्तर की ओर उठने की संभावना होती है मानस में ऊपर उठने की शक्ति रहती है। यद्यपि मानस विश्लेषण करता है फिर भी यह विश्लेषण पर नहीं रुकता बल्कि इसमें एक ऐसी प्रवृत्ति होती है जिसके कारण वह विश्लेषित अंशु को पुनः संगठित करता है और इसकी यह एकात्मकता की ओर उन्मुखता इसकी आध्यात्मिकता की की ओर झुकाव की ही पहचान है। यहीं से हमें इस बात का पता चल जाता है कि मानस में आती मानस की शक्ति अंतर निहित है चाहे वह आंशिक रूप से हो अपूर्ण हो लेकिन वह है। इस प्रकार मानस जो उच्चतर स्टारों की ओर उठ पाता है यह आध्यात्मिक क्रियो की ओर विस होता है वह इसी कारण से की आती मानस इसमें अवतरित होता है अति मानस का अवतरण सृष्टि के लिए अनिवार्य होता है और इसके माध्यम से आत्मा का निम्नतर गोलार्ध में अवतरण होता है आत्मा का निम्नतर गोलार्ध में अवतरण हुए बिना उत्थान या विकास प्रक्रिया नहीं चल सकती। इस अवतरण के कारण ही मानस में आतिमानस की ओर उठने की प्रवृत्ति संभव होती है।

5.5 सारांश

श्री अरविंद के दर्शन में हम पाते हैं कि मानस एक ऐसी चेतन शक्ति है जो प्रदत्त विषयों का आकलन करती है उनका उनके अंशु में विश्लेषण करके समझने का प्रयास करती है उनके सीमाओं को निर्धारित करती है मनुष्य का मूल कार्य इकाइयों का उनके आव्यूह में विश्लेषण करते हुए उनके स्वरूप को समझने का प्रयास करना है इस विश्लेषणात्मक पद्धति से किसी पूर्ण एक के स्वरूप का ज्ञान तो हमें नहीं मिल सकता तो हम देखते हैं कि मानस पुणे विश्लेषित अंशु को संगठित करने का प्रयास करता है परंतु यह मानस के स्वाभाविक विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति से भिन्न कार्य है और यह उच्चतर स्तर का कार्य है अर्थात एकात्मक की ओर अग्रसर होना और संगठन के प्रवृत्ति उच्चतर स्तर का कार्य है यह तो मानस का मूल कार्य नहीं है तो प्रश्न उत्तर है कि मानस में ऐसी प्रवृत्ति किस प्रकार जागती है। अर्थात इस प्रकार की नियंत्रण आत्मक प्रज्ञा जिसमें मानस अपने स्तर से ऊपर उठना है और उसमें अपनी शक्तियों को नियंत्रित करने की क्षमता आती है इसके पीछे उसके उच्चतर मानस के स्तर की प्राप्ति ही जिम्मेदार है और इसके लिए अति मानस का अवतरण (डिसेंट) आवश्यक हो जाता है आत्मा में आती मानसिक आधार तो उपस्थित रहता है परंतु या मुक्त रूप से तभी सामने आता है जब आती मानस का आत्मा में अवतरण हो आदिमानस का आत्मा में अवतरण ही आतिमानसिक रूपांतरण है। ऐसे रूपांतरण के परिणाम स्वरुप हमारा जैविक , सांसारिक जीवन पूर्णतया रूपांतरित हो जाता है क्योंकि सभी प्रकार के अस्तित्व का आधार एक पूर्ण एकत्व की अनुभूति के रूप में झलकने लगता है और भौतिक, जैविक एवं मानसिक जगत के प्रति हमारा दृष्टिकोण पूर्णतया बदल जाता है ऐसी स्थिति में आत्मा अज्ञान के

क्षेत्र में नहीं रहती और उसका ज्ञान पूर्ण अद्वैत एकत्व का ज्ञान होता है और आत्मा स्वयं ज्ञान सत में परिणत हो जाती है और उसका जीवन 'दिव्य जीवन' हो जाता है।

5.6 उपयोगी पुस्तकें

1.The Philosophy of Sri Aurobindo - S.K. Moitra

2 . दिव्य जीवन - श्री अरविंद

3. समकालीन भारतीय दर्शन - बसंत कुमार लाल

5.7 बोध प्रश्न

1 श्री अरविंद के आतिमानस के संप्रत्यय की विवेचना कीजिए।

2. सृष्टि के विकास में आतिमानस के योगदान को समझाइए।

3. सत की चेतना के रूप में आतिमानस के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

.....00.....

खण्ड–3 जे0 कृष्णमूर्ति

खण्ड परिचयः

जे. कृष्णमूर्ति की दर्शनशास्त्रीय विचारधारा अपने में एक विधा है। उनका दर्शनव्यक्तिगत विकास, मानवता के महत्व, और समाज में सामंजस्य और शांति के प्रति महान आकर्षण से भरा हुआहै। उनके विचार व्यापक समाजिक, धार्मिक और मानवतावादी मुद्दोंपर एक अद्वितीय प्रकार से ध्यान केंद्रित करतेहैं। कृष्णमूर्ति ने मानव चेतना के विकास और आत्म–मुक्ति के माध्यम से वास्तविक धर्म की खोज की है, जो सम्पूर्ण मानवजाति के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। उनके दर्शन में स्वतंत्रता, विचारशीलता और सच्चाई की ऊंची भावना ने उन्हें एक महान धार्मिक विचारक के रूप में जानाजाताहै। प्रस्तुत खण्ड मे ंजे. कृष्णमूर्ति के जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण विषय के महत्व, उपयोगिता और उसको प्रभावित करने वाले तथ्यों एवं कारकों को इंगित किया गया है। साथ ही बुद्धि की सीमाएं' विषय पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया है कि कैसे हम रूढ़ियों, रीति–रिवाजों, नवीनविचारों के प्रति असहजकता आदि से ग्रसित होकर बौद्धिकता के चरम पर प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। बुद्धि जो असीमित और अनन्त संभावनाओं से युक्त है, उसे हम सीमित एवं बंधन युक्त कर देते हैं।

इकाई–6 जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोणः जे. कृष्णमूर्ति का जीवन के प्रति आदर्शवादी दृष्टिकोण एक अद्वितीय पहलू है। अगर हम कहें कि यह मानव और समाज को जे. कृष्णमूर्ति की एक अतुलनीय भेट है तो इसमें कोई अतिश्योक्ति न होगी। जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण न केवल एक सिद्धांत है, बल्कि एक जीवन शैली और सोच का जीवन्त उदाहरण है। उन्होंने मानव जीवन की सच्ची प्रकृति और उसके अद्वितीयता को गहराई से जानने की कोशिश की है, जिससे हमारे जीवन को एक सार्थक और संवेदनशील दृष्टिकोण से देखा जासके। कृष्णमूर्ति का आदर्शवादी दृष्टिकोण हमें आत्म–समझ, सही विचारशीलता और अनुभव में आधारित जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है, जो हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सहायक सिद्ध होता है।

इकाई–7 बुद्धि की सीमाएंः जे. कृष्णमूर्ति के विचार में मन की सीमाओं का विषय एक गहराऔरमहत्वपूर्णविचारहै।उन्होंनेमानवमन की कठिनाइयों, उसकीसीमाओंऔरउसकेप्रभावोंको समझाने का प्रयासकियाहै। कृष्णमूर्ति ने बतायाहैकिमनविचारों, धारणाओंऔरसांस्कारिकप्रभावों से परिपूर्णहोताहै, जिसकेकारण यह अक्सरहमारीसोचऔरअनुभवमेंसीमाओं का कारण बन जाताहै।वे यह भीबतातेहैंकिमानवमन की इस सीमा से उबरने के लिए आत्मज्ञानऔरआत्मचिंतन की आवश्यकताहोतीहै, जिससेहमअपनेविचारोंको शुद्ध करकेसत्य कोअनुभवसकें। इस प्रकार, जे. कृष्णमूर्ति के द्वारामन की सीमाओं का विश्लेषण हमें अपने अंदर के विचारों और स्वभाव के गहरे पहलुओं को समझने में मदद करता है।

इकाई–6

जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण

6.0 उद्देश्य

6.1 प्रस्तावना

6.2 जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण

6.3 सारांश

6.4 शब्दावली

6.5 प्रश्नावली

6.6 सन्दर्भग्रन्थ

.....000.....

6.0 उद्देश्यः

प्रस्तुत इकाई का उद्देश्य आपको जे. कृष्णमूर्ति के 'जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण' के सन्दर्भ में उनके विचारों से अवगत कराना है। इस इकाई के पूर्ण होने पर आप निम्नलिखित तथ्यों से परिचित हो पायेंगे–

- जे. कृष्णमूर्ति के जीवन का सामान्य परिचय प्राप्त कर पायेंगे।
- जे. कृष्णमूर्ति के विचार में जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण को समझ पायेंगे।
- व्यक्ति का जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए, यह समझ पायेंगे।
- आदर्श जीवन के दृष्टिकोण को प्रभावित करनेवाले कारकों से परिचित होंगे।

6.1 प्रस्तावनाः

जिद्दू कृष्णमूर्ति का जन्म 12 मई 1895 को आन्ध्रप्रदेश के चिन्तूर जिले के मदनपल्ली नामक स्थानपर एक तेलुगु ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनकी माता का नाम संजीवम्मा एवं पिता का नाम जिद्दूनारायनीय था और वे एक अवकाश प्राप्त सर्वेन्ट के साथ–साथ पुराने थियोसोफिस्ट थे। दस वर्ष की आयु में जब इनकी माता श्री का देहावसान हो गया तो इनके पिता अपने पुत्रों समेत श्रीमती एनी बेसेन्ट के आमन्त्रण पर 1908 में मद्रास के उडयार नामक

स्थान पर स्थित थियोसोफिकल सोसायटी के परिसर में जाकर रहने लगे। कृष्णमूर्ति विलक्षण एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। इनकी प्रखर बुद्धि और गहरी आध्यात्मिक समझ को देखकर उस समय के प्रमुख थियोसोफिस्ट, सी.डब्लू. लीडबीटर और श्रीमती एनी बेसेन्ट ने यह स्वीकार किया कि यह बालक भविष्य में एक महान् आध्यात्मिक शिक्षक के रूप में विश्व का मार्गदर्शन कर सकता है। इस प्रकार इन्हें 1927 में विश्वगुरू घोषित किया, किन्तु इन्होंने दो वर्ष बाद ही थियोसोफिकल सोसायटी से नाता तोड़कर अपने नवीन दृष्टिकोण का प्रतिपादन किया।

इन्होंने अपना स्वतन्त्र विचार एवं चिन्तन किया। उनका कहना था कि व्यक्त्वि के पूर्ण रूपान्तरण से ही विश्व को संघर्ष एवं पीड़ा को हटाया जा सकता है। उन्होंने 'आर्डर ऑफ द स्टार' को भंग कर दिया। कृष्णमूर्ति की नवीन एवं उत्कृष्ट विचार धारा ने समाज के बौद्धिक वर्ग को आकर्षित किया। इसके साथ ही इन्होंने अपने जीवनकाल में अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की जो आज भी भारत सहित विश्व में अपना एक स्थान रखते हैं।

द्क्षिणभारत का ऋषिवैलीस्कूल इनमें विशेष उल्लेखनीय है। इसी के साथ ही इनके साहित्य में सार्वजनिक वार्ताएं, प्रश्नोत्तर, परिचर्चाएँ, साक्षात्कार, परस्पर संवाद, डायरी एवं उनकी प्रमुख पुस्तकें सम्मिलित हैं। उनका मूल साहित्य अग्रेजी भाषा में है, जिसका अनुवाद कई प्रचलित भाषाओं में किया गया है। इनका देहान्त 17 फरवरी, 1986 को 91 वर्ष की आयु में हुआ।

6.2 जीवन के प्रतिआदर्शदृष्टिकोण :

मानव जीवन मेंआदर्श दृष्टिकोण एक महत्वपूर्णभूमिकानिभातेहैं।इन दृष्टिकोणों के माध्यम से हमअपने जीवन कोसहीदिशामेंलेजासकतेहैंऔरअपनेकार्योंकोउच्चतममानकोंपरस्थापितकरसकतेहैं। जीवन के प्रति ये अदार्श दृष्टिकोणहमें एक सार्थकऔरसंतुलित जीवन जीने मेंमददकरतेहैं। जीवन मेंसदैवउतार–चढ़ाव लगेरहतेहैं।कभी धूपतोकभीछाव, कभीगमतोकभी खुशी, कभीज्यादातोकभी कम, ये सभीमानव जीवन केअभिन्न अंग हैं।आपइनसेपृथकनहींरहसकतेहैं, लेकिन यदिआप जीवन के प्रतिसरल, सहजऔरआदर्शात्मकदृष्टिकोण रखतेहैंतोआपसदैव जीवन मेंसुख–शान्तिकोप्राप्तकरेंगे।

जे. कृष्णमूर्ति का माननाथाकिमानवमें जीवन के प्रतिआदर्शदृष्टिकोणऔरआत्मबोधतभीपुष्पित एवंपल्लवितहोगा,जबवहअपनीपरम्परागतसोच–समझऔरविचारों से आगे बढ़करअपनेकोनवीनविचारों एवं धाराणाओं के परिप्रेक्ष्य मेंकोरेकागज के समान रखेगाक्योंकि यदिवहपूर्व के दुराग्रहोंऔरविचारों से स्वंय कोपृथकनहींकरेगा,तबतकनवीनविचारऔर धाराणाएंउसकेज्ञानकोपरिष्कृतऔरपरिमार्जितनहींकरपायेंगी।इननवीनविचारोंऔर धाराणाओं से एक

सशक्त, कर्मठ् औरओजस्वीव्यक्तित्व का निर्माणहोताहै।कोईभीमानवअपने जीवन मेंतभीनवीनऊँचाईयोंकोप्राप्तकरसकताजबवह समय के अनुरूपअपनेआचरण एवंकर्तव्यों का पालनकरेगा।उसे समय के अनुरूपउसकेव्यक्तित्व का निर्माण,नवीनदृष्टिकोण एवं धारणाएंहीकरेंगी।व्यक्तित्व के पूर्ण रूपान्तरण से हीविश्व से संघर्षऔरपीड़ाकोमिटायाजासकताहै।हमअन्दर से अतीत का बोझऔरभविष्य का भय हटादेंऔरअपनेमस्तिष्ककोमुक्त रखें, तभीहमेंअपने ध्येय की प्राप्तिहोपायेगी।

जे. कृष्णमूर्तिकहतेहैं, किहमपरम्पराओंऔर रूढ़ियों के दासहैं।हमभलेही खुदकोआधुनिक समझबैठेहैं, मानलेंकिहमस्वतन्त्र हो गए,हमपरकिसीभीप्रकार का कोईबन्धननहींहै,लेकिनजबहम इस परगहनदृष्टिपातकरेंतो देखतेहैंकिहम रूढ़िवादीहीहैं।कुछभीनयाकरने से डरतेहैं,करनातोदूर की बातहमअपनीपरम्पराओंऔर रूढ़िवादियोंपरविचारभीकरने से डरतेहैंऔरइसका यह परिणामहोताहैकिहमसदैवहीमत–मतान्तरों, परम्पराओं, रूढ़िवादियोंऔरकल्पनाओं से घिरेरहतेहैं।इसमेंकोईसंशय नहींहै, क्योंकिहमलोगों ने हीछवि–रचना के खेलकोस्वीकारकियाहैऔरपरस्परसम्बन्धोंकोइसी के आधारपरस्थापितकियाहै। यह बातउतनीहीपुरातनहै, जितनीकि ये पहाड़ियाँ, नदी–झरनेंऔरआकाश।यह हमारीनियती बन गईहै। हम इसे अपनातेहैं, इसीमेंजीतेहैंऔरइसी से एक–दूसरेको यातनाएँदेतेहैं।आज का मानवइतिहास के एक बहुतहीउत्तेजनापूर्ण युग के द्वारपर खड़ाहै।भौतिकउपलब्धियों के बावजूदमानवमनदुराग्रहोंऔरअशान्ति से भराहुआहै।हम ऐसेसंसारमेंजीरहेहैंजहाँ विषाद, दुःख औरपीड़ासर्वव्यापीहै।सम्पूर्णवातावरणसन्देह, कटुता एवंअविश्वासों से युक्तहै।मूल्यों का कोईसर्वस्वीकृतसिद्धान्तनहींरहा, जो क्षण–क्षणपरिवर्तितपरिवेशमेंमनुष्य का दिशा–निर्देशकरसके।नैतिकअवसान ने मानवता के सम्मुख एक प्रश्नचिन्ह खड़ाकरदियाहै, ऐसीस्थितमेंमनुष्य व उसकेअस्तित्वसम्बन्धीप्रश्नोंपरपुनर्विचारअत्यन्तआवश्यक है।

जीवन कोउसकीसम्पूर्णतामेंग्रहणकरनेहेतुसर्वप्रथमहमें उन जीवन–मूल्यों से मुक्तहोनाहोगा, जिन्हें इस समाज ने परम्पराओं के रूपमेंहमारेऊपरथोप रखा है । परम्पराओं ने गरीबी व शोषणकोकर्मों का फल या पापों का दण्डबताकरईश्वरीय कृपाकोउच्चवर्गतकसीमितकर रखा। अतः सर्वप्रथमआवश्यकताहै, इस संस्कार रूपमेंअर्जितभय से मुक्ति कीक्योंकिमानवीय शक्तिअनन्तसम्भावनाओं से युक्तहै, किन्तुउसकी इस सम्भावना के आगेपरम्पराओंऔर रूढ़िवादीविचारधारा ने प्रश्नचिन्ह खड़ेकर रखेहैं ।

भय एक ऐसाभीषणरोगहै, जिसकेहोतेजीवन–वृक्ष हरा–भरारहहीनहींसकता।भय समस्तमानवीय सम्भावनाओंको क्षीणकरदेताहैऔर जीवन एक बोझबनकररहजाताहै। यदि जीवन कोसार्थकबनानाहैतोभय का निदान एवंनिराकरणआवश्यकहै।भय एक मिथककल्पनाहै,भय कोईविवशतानहीं, अबोधता है । जीवन के हर क्षणकोमनुष्य

स्वयंअपनेप्रयासोंसुन्दरबनासकताहै।आत्म–विश्वास से धैर्यउत्पन्नहोताहै, जोमनुष्य का सच्चासाथीहै।

कृष्णमूर्ति का दर्शनमनुष्य में एक ऐसेअडिगविश्वासकोजाग्रतकरनाचाहताहै, जोउसेगहरे जीवन मूल्योंऔरआदर्शों के प्रतिउन्मुख करसके।वेनिःसंदेहसामाजिकक्रांति की भूमिकाप्रस्तुतकरनाचाहतेहैं।वेस्वयंकोकिसीविचारधारा के प्रतिनिधि के रूपमेंप्रस्तुतनहींकरते।सत्य के अतिरिक्तपरमसत् तकपहुँचने का कोईअन्य मार्गनहींहै।व्यक्ति की प्रबुद्धता एवं जीवन के प्रतिउसकेआदर्शदृष्टिकोणहीउसकेवास्तविकनिर्देशकहैं।व्यक्तिकोसंघर्षों का स्वयंहीसामनाकरनापड़ेगा।

यहाँ यह प्रश्न स्वतः उठताहैकिक्या इस रीतिकोरोकानहींजासकताहै?इसके समाधान के सन्दर्भमेंजे. कृष्णमूर्तिकहतेहैंकिइसकाहलकिसीतथाकथित धार्मिकगुरूओं, ठेकेदारोंऔरराजनीतिज्ञों के पासनहींहै।इसकाहलआपकेभीतरहै, आप स्वंय मेंसर्वशक्तिमानऔरसर्वज्ञहैं, बस आवश्यकताहै स्वंय कोपहचानने की, स्वंय कोजाननेकी।जिसने स्वंय कोजानलिया, पहचानलिया, उसने इस संसारऔरचराचरजगतकोभीजानऔरपहचानलिया।

वेकहतेहैंकि यहकोईसैद्धांतिकसंकल्पनानहींहै। यह मेरे जीवन का अनुभवहै, मैंइसकीउपलब्धि के लिए क्याआवश्यक है, यह कह सकताहूँ।औरमैंकहताहूँ किपहलीचीज यह हैकिजोवस्तुजैसीहै,हमउसेवैसा का वैसाहीपहचाने।क्योंकिहमसदैववस्तुओंकोकिसीअन्य की आँखों से देखने, किसीअन्य के मुख से सुनने, किसीअन्य के स्पर्श से महसूसकरने के आदिहोचुकेहैं। यह रीति–रिवाज, आदतें, परम्पराएंऔर धाराणाएंहमेंवस्तु के वास्तिविकस्वरूपकोमाया की भाँतिढक लेती है औरहमेंजो देखनाहै, हमउससेवंचितरहजातेहैं।इसलिए यह अत्यन्तआवश्यक हैकिहमवस्तु को जैसी है, उसेवैसा देखने का अभ्यासकरेंऔरअपनेअन्दरकिसीअन्य प्रकार की विसंगतियों और दुराग्रहों को न पनपनेदें।सदैवरचनात्मकऔरसृजनात्मकविचारों का सहर्षस्वागत करें। जे. कृष्णमूर्ति एक बातबड़ी दृढ़ताऔरकर्मठ्ता के साथकहतेहैंकि ''मनुष्य स्वतंत्र होमैंकेवल इस जरूरी बात से स्वंय कोसम्बन्धितकरताहूँ।मैंउसेसभीपिंजरों, सभीभय से मुक्तकरनाचाहताहूँ, मैंनहींचाहता मनुष्य कोई नया धर्म, नयासम्प्रदाय, नयासिद्धान्त या फिरनयादर्शनढूंढे।''

वे आगे कहते हैं कि शिक्षा के माध्यम से आप स्वंय का स्वंय से साक्षात्कारकरासकतेहैं। आर्दश जीवन और आर्दशदृष्टिकोण की प्राप्तिहमेंशिक्षा से हीप्राप्तहोसकतीहै।प्रत्येकमनुष्य को प्रकृतिक सौन्र्दय को देखने और समझने की दृष्टि विकसित करनी होगी। यह एक सतत् प्रक्रिया है, जिसे हम शिक्षा और समझ से प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा मात्र पुस्तकों को पढ़ना और तथ्यों को कंठस्थ करना नहीं है। यह कोई दिखावे की वस्तु नहीं है क्योंकि दिखावा दूसरों के लिए होता है और यहाँ बात स्वंय के साक्षात्कार की है। माता–पिता अपने बच्चों को ऐसे विद्यालयोंमेंभेजतेहैं, जहाँ महत्वकांक्षा है, प्रतिस्पर्धा है, जहाँ प्रेम का नामों–निशान नहींहै।

यहीकारणहैकिहमारासमाजनिरन्तरसड़ताजारहाहै, यह सतत् संघर्षमय बनताजारहाहै।हमजाने–अनजाने एक ऐसेसमाज या सृष्टि का निर्माणकररहेंहैंजो एक खोखलीऔरदिखावे की दुनिया मात्र रहगयीहै, जिसकावास्तविकमानवीय मूल्योंऔरसिद्धान्तों से कोईसरोकारनहींहै।शिक्षा का वास्तविकअर्थहमें उस योग्य बनानाहैकिहम पक्षियों के कलरवकोसुनसकें, आकाशको देख सकें, वृक्षोंऔरपहाड़ियों के अनुपम एवंअद्वितीय सौन्दर्यकोमहसूसकरसकें।अर्थात् हमप्रकृतिप्रेमी, मानवीय मूल्योंऔरआत्म–प्रेमीबनेंताकिहम स्वतंत्र, निष्पक्ष औरसजगहोकरवस्तुओं का चुनावकरसकें।आपप्रकृति से अलगनहींहैंऔर न हीसमाज से इसलिए आपकाहर एक कदमअपनेआपमेंबहुतहीमहत्वपूर्णहोताहै।

8.3 सारांश

अतः सांराशतः जे. कृष्णमूर्ति के अनुसारकहाजासकताहैकि जीवन के प्रतिआदर्शदृष्टिकोण के निर्माण के निमित्तआपका स्वतंत्र आचरण, चिन्तन, मननऔरव्यवहारआताहै।आत्मा, परमात्मा या इन्द्रियातीतसत्ताआपकी क्षमताऔर शक्तिको क्षीणकरतीहै।परम्परा, रूढ़ियाँ औररीति–रिवाजआपकेबहुमुखीचिन्तनऔरमननकोप्रभावितकरतीहैं।आपका जीवन के प्रतिउत्कृष्ट दृष्टिाकोणकहें या जीवन का परिवर्तनसिर्फइसीबोध मेंनिहितहै की आप स्वतंत्र रूप से सोचतेहैं कि नहीं और आप अपनी सोच पर ध्यानदेतेहैंकिनहीं। यदिआपअन्य के विचारों, धाराणाओंऔर बातों से सदैव असहमति ही व्यक्त करते हैं तो आप कभी भी नये विचारों और सिद्धान्तों को नहीं गढ़ सकते हैं। आपकी सोच और समझ में समग्रता ही आपके व्यक्तित्व का परिचायक है। जीवन के प्रतिआदर्श दृष्टिकोण की परिभाषा भी इसी बात में निहित है।

6.4 शब्दावली : आदर्श दृष्टिकोण, स्वतंत्रता, प्रतिस्पर्धा, निडरता, सशक्त और सार्थक विचार, दार्शनिक, धार्मिक विद्वान, मनोवैज्ञानिक, संस्कार, धर्म, नैतिकता, आध्यत्मिकता, निष्पक्षता और केन्द्रीभूत।

6.5 प्रश्नावलीः

1. जे. कृष्णमूर्ति का संक्षिप्त परिचय प्रदान करें।
2. जे. कृष्णमूर्ति के अनुसार जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण से क्या तात्पर्य है ?
3. व्यक्ति का जीवन के प्रति आदर्श दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए?
4. जीवन के निर्माण में आदर्श दृष्टिकोण की क्या भूमिका है?

6.6 सन्दर्भग्रन्थ :

1. सक्सेना, लक्ष्मी, ''समकालीन भारतीय दर्शन'', उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2016

2. शर्मा, ए. सी., ''प्रेम क्या है? अकेलापन क्या है?'', राजपाल एण्ड सन्ज, कश्मीरीगेट, दिल्ली, 2013.
3. गुप्ता, मुकेश, '' जे. कृष्णमूर्तिः एक जीवनी'', राजपाल एण्ड सन्ज, कश्मीरीगेट, दिल्ली, 2013.
4. https://en.wikipedia.org/wiki/Jiddu_Krishnamurti
5. https://www.jstor.org/stable/23607349

.....000.....

इकाई–7

बुद्धि की सीमाएं

7.0 उद्देश्य

7.1 प्रस्तावना

7.2 बुद्धि की सीमाएं

7.3 सारांश

7.4 शब्दावली

7.5 प्रश्नावली

7.6 सन्दर्भ ग्रन्थ

.....0000.....

7.0 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई का उद्देश्य आपको जे. कृष्णमूर्ति के 'बुद्धि की सीमाएं' विषय के सन्दर्भ में उनके विचारों से अवगत कराना है। इस इकाई के पूर्ण होने पर आप निम्नलिखित तथ्यों से परिचित हो पायेंगे–

- बुद्धि, बौद्धिक क्षमता और सीमा के प्रति सामान्य समझ विकसित कर पायेंगे।
- जे. कृष्णमूर्ति के 'बुद्धि की सीमाओं' से सम्बन्धित विचार को जान पायेंगे।
- बुद्धि को प्रभावित करने वाले तथ्यों और कारकों से परिचित होगें।

7.1 प्रस्तावना:प्रस्तुत इकाई में जे. कृष्णमूर्ति के अनुसार 'बुद्धि की सीमा' से सम्बन्धित तथ्यों और जानकारियों पर गहन और विस्तृत दृष्टिपात किया जायेगा। सामान्य अर्थों में बुद्धि से क्या तात्पर्य है? बुद्धि की सीमाओं से क्या तात्पर्य है? बुद्धि की सीमाओं को कैसे जाना जा सकता

है? वे कौन से तत्थ एवं कारक हैं जो बुद्धि की सीमा को प्रभावित करते हैं? बुद्धि की सीमा को क्यों जानना जरूरी है? आदि प्रश्नों का उत्तर प्रस्तुत इकाई में खोजने का प्रयास किया गया है। जे. कृष्णमूर्ति के द्वारा व्यक्त किया है, यह विषय बहुत ही गहरा और विशिष्ट है। उन्होंने कहा है कि बुद्धि की सीमा सिर्फ स्मृति और ज्ञान से बहुत आगे बढ़ने की सक्षमता को निर्धारित करती है। यह आत्म–स्वीकृत और सामाजिक प्रतिरोध के बीच एक संतुलन बनाए रखती है, जिसमें समय, स्थिति, और परिस्थितियों के अनुकूल विचार करना आवश्यक होता है।

कृष्णमूर्ति ने समझाया कि बुद्धि की सीमा जिसमें लोग स्वयं को रोक लेते हैं, वहां उन्हें अपने स्वार्थी और स्वाभिमानी विचारों से बाहर निकलकर व्यापक और समग्र दृष्टिकोण को समझने की क्षमता होनी चाहिए। इस प्रकार, वे बुद्धि को एक स्थिर, अपरिपक्व स्थिति में देखते हैं जो स्वतंत्रता, समझ, और सहानुभूति के साथ जुड़ी होती है।सीमाएं देश की संस्कृति की हैं, परिवेश की हैं और उन आर्थिक परिस्थितियों की हैं, जिनमें रहकर ही हम बड़े हुए हैं। अतः इन बंदिशों और सीमाओं से ऊपर उठे बिना हम कैसे चीजों को सही प्रकार से देख एवं समझ सकते हैं। कहने का तात्पर्य है कि हमारी बुद्धि सरल, सहज और सारगर्भित तथ्यों से ओत–प्रोत है, बस आवश्यकता है तो उसको सही अर्थों में जानने की।

7.2 बुद्धि की सीमाएं:

जे. कृष्णमूर्ति बाल्यकाल से ही उत्कृष्ट आध्यात्मिक समझएवं विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। समय के साथ इनकी आध्यात्मिक समझ, श्रेष्ठ ज्ञान और उच्च व्यवहार ने न केवल भारत अपितु विश्व के समस्त दार्शनिकों, धार्मिक विद्वानों एवं मनोवैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित किया।

जे. कृष्णमूर्ति विचारों की स्वतंत्रता और निडरता को लेकर बहुत ही मुखर थे, वे कहते थे कि मानव ने जितनी भी परम्परा और संस्कार, देश एवं काल से जानी है, उससे मुक्त होकर ही आप सच्चे अर्थों में मानव बन पाएँगें। जीवन की समृद्धि और सार्थकता इसी बोध में निहित है कि आप स्वतंत्र चिन्तन और मनन कर सकते हैं कि नहीं।आपको अपनी शक्ति और सामर्थ का भान होना ही चाहिए। उनके अनुसार विश्व को बेहतर बनाने के लिए यथार्थवादी और स्पष्टवादी मार्ग पर चलना ही होगा। आप के भीतर कुछ भी नहीं होना चाहिए, तब आप एक साफ एवं स्पष्ट आकाश देखने के लिए तैयार हो पायेंगे।आप धरती का भाग नहीं, आप स्वयं आकाश हैं।यदि आप कुछ भी हैं, तो फिर आप कुछ नहीं। अपनी महात्मा की छवि को दृढ़तापूर्वक नकारने के साथ ही उन्होंने 'ऑर्डर ऑफ दि स्टार' को भंग करते स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'सत्य एक मार्ग रहित भूमि' है, उस तक किसी औपचारिक धर्म, दर्शन अथवा किसी सम्प्रदाय के माध्यम से नहीं पहुँचा जा सकता है।अब से कृपा करके याद रखें कि मेरा कोई शिष्य नहीं है, क्योंकि गुरु तो सब को दबाता है। वे किसी का भी गुरू नहीं बनना चाहते थे।

लोग उनके पीछे अन्धे और आज्ञाकारीहोकर चलें, वह यह नहीं चाहते थे। गुरू सत्ता तथा भारत से पश्चिम पहुँची अनुभवातीत ध्यान पद्धतियाँ उनके लिए अफसोस का विषय थीं। खास तौर पर वे ऐसे अनुयायियों और समर्थकों की एक भीड़ नहीं चाहते थे जो उन्हें भगवान घोषित कर दे और उनके चारों ओर धर्म खड़ा कर दे तथा गद्दी–पदवी की रचना कर एक अधिसत्ता बना दे।

स्पष्ट है कि जे. कृष्णमूर्ति यह बताना चाहते हैं कि आपकी बौद्धिक क्षमता और सामर्थ को गुरूवादी परम्परा, अनुयायी विचारधारा और रूढ़िवादी विचार सीमित और संकुचित करते हैं, इन सभी से व्यक्ति को बचना चाहिए। सच तो स्वयं आपके भीतर है। उससे साक्षात्कार करना अपका कार्य है, उसके लिए प्रत्यत्न आपको करना है, साथ ही सच को ढूँढने के लिए मनुष्य को सभी बन्धनों से स्वतन्त्र होना नितान्त आवश्यक है। आपके बुद्धि की सीमाएं अनन्त और अपरा हैं। ईश्वर, आत्मा, परमात्मा, धर्म और आध्यात्मिकता के द्वारा इसे सीमित करना कहीं से उचित नहीं है। समय–समय पर आपको अनन्त उदाहरण मिल जायेंगे जहाँ किसी एक मानव ने दिखाया कि आज तक जो मानव दुष्कर और असंभव मान रहा था उसे इसी बुद्धि द्वारा बहुत–ही आसानी से प्राप्त किया जा सकता है, बस जरूरत है तो अपनी बौद्धिक क्षमता और शक्ति को पहचानने की। यदि हम अपने

कृष्णमूर्ति ने बड़ी ही स्पष्टता, मुखरता एवं जीवटता से लगातार दुनिया के अनेकों भागों में भ्रमण किया और लोगों को शिक्षा दी तथा लोगों से शिक्षा भी ग्रहण की। उन्होंने सम्पूर्ण जीवन एक शिक्षक और छात्र की तरह व्यतीत किया। मनुष्य के सर्वप्रथम मनुष्य होने से ही मुक्ति की शुरुआत होती है, किंतु आज का मानव हिन्दू, बौद्ध, ईसाई, मुस्लिम, अमेरिकी या अरबी है। उन्होंने कहा था कि संसार विनाश की राह पर आ चुका है और इसका हल तथाकथित धार्मिकों और राजनीतिज्ञों के पास नहीं है।

वे कहते थे कि ''गंगा बस उतनी नहीं है, जो ऊपर–ऊपर हमें नजर आती है। गंगा तो पूरी की पूरी नदी है, शुरू से आखिर तक, जहाँ से उद्‌गम होता है, उस जगह से वहाँ तक, जहाँ यह सागर से एक हो जाती है। सिर्फ सतह पर जो पानी दीख रहा है, वही गंगा है, यह सोचना तो नासमझी होगी। ठीक इसी तरह से हमारे होने में भी कई चीजें शामिल हैं, और हमारी समझ, सीमायें, हमारे अंदाजे, विश्वास, पूजा–पाठ, मंत्र–ये सब के सब तो सतह पर ही हैं। इनकी हमें जाँच–परख करनी होगी, और तब इनसे मुक्त हो जाना होगा–इन सबसे, सिर्फ उन एक या दो विचारों, एक या दो विधि–विधानों से ही नहीं, जिन्हें हम पसंद करते हैं या नहीं।''

किसी चीज को सहज रूप से जैसी वह है, वैसी ही देखना, यह संसार सर्वाधिक कठिन चीजों में से एक है, क्योंकि हमारा दिल व दिमाग बहुत जटिल, जो वस्तु जितनी सरल,

सहज और सही जान पड़ती है, उतनी होती नहीं है और हमने सहजता का गुण खो दिया है। धार्मिक मन, प्रेम का विस्फोटक है। यह प्रेम किसी भी अलगाव को नहीं जानता। यह न एक है न अनेक, अपितु यह प्रेम की अवस्था है, जिसमें सारा विभाजन समाप्त हो चुका होता है। सौन्दर्य की तरह उसे भी शब्दों के द्वारा मापा नहीं जा सकता । इस मौन से ही एक ध्यानपूर्ण मन का समस्त क्रियाकलाप जन्म लेता है। कृष्णमूर्ति ने सत्य को एक 'मार्गरहित भूमि' बताया है और यह भी कहा है कि किसी भी औपचारिक धर्म, सम्प्रदाय एवं दर्शन के माध्यम से इस तक नहीं पहुँचा जा सकता।

जे. कृष्णमूर्ति ने शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए कहा है कि शिक्षा का सबसे बड़ा कार्य एक ऐसे समग्र व्यक्तित्व का विकास है जो जीवन की समग्रता को पहचान सके, उसे जान और समझ सके। वे विचार–विमर्श एवं वार्ताओं द्वारा अपने विचारों को लोगों तक पहुँचाते थे, क्योंकि मानव मूल के मूलभूत परिवर्तनों से तथा एक नवीन संस्कृति के सृजन से जो केन्द्रीभूत है, उसके सम्प्रेषण के लिए शिक्षा को कृष्णमूर्ति प्राथमिक महत्त्व देते हैं।

बुद्धि की सीमाओं को इंगित करते हुए वे अनुशासन और ध्यान को बहुत ही महत्वपूर्ण मानते हैं और वे कहते हैं कि अनुशासन आन्तरिक और आध्यत्मिक प्रवृत्ति है, बाह्य अनुशासन मन को मूर्ख बनाता है। यह आप में अनुकूलता और नकल करने की प्रवृत्ति को जन्म देता है, परन्तु यदि आप अपने आन्तरिक शक्ति, चिन्तन और विचारों के माध्यम से स्वयं को अनुशासित रख सकते हो, तो इससे आप में एक उत्कृष्ट बुद्धिमत्ता का विकास और संचार होता है।। जहाँ उत्कृष्ट बुद्धिमत्ता होगी, वहाँ स्वतन्त्रता सदैव विराजमान रहेगी।

यदि आप ऐसा करने में स्वतन्त्र नहीं हैं, तो आप व्यवस्था नहीं कर सकते। व्यवस्था ही अनुशासन है। कृष्णमूर्ति अपने शैक्षिक विचारों के माध्यमों से शिक्षक एवं शिक्षार्थी को यह उत्तरदायित्व सौंपते हैं कि वे एक अच्छे समाज का निर्माण करें, जिसमें सभी लोग सुख, शान्ति, सुरक्षा, सौहार्द एवं बिना किसी हिंसा के प्रसन्नतापूर्वक जीवन जी सकें। हम अपने सशक्त और समग्र कल का निर्माण तभी कर सकते हैं जब आज हम अपने विचारों, सोच और समझ में स्वतंत्र और निडर होंगे।

सच्ची स्वतंत्रता से तात्पर्य किसी नवीन वस्तु की प्राप्ति नहीं है, वरन् अज्ञान की परतों को हटाकर अपने ही स्वरूप की प्राप्ति है। मनुष्य को स्वंय से दूर नहीं जाना है। मनुष्य स्वंय में एक अनन्त सृजनात्मता और रचनात्मकता का स्त्रोत है, पर दिशा विभ्रम के कारण उसे जीवन पर्यनत भटकना पड़ता है। जीवन के तल पर प्रविष्ट होकर उस सत्य का साक्षात्कार करने की जगह मानव मन विविध प्रकार की, विविध स्तरीय उपलब्धियों के द्वारा अपने को सन्तुष्ट करने की चेष्टा करता है। यहाँ कृष्णमूर्ति के विचारों में हमें वेदान्त विचारों की स्पष्ट गूंज सुनने को मिलती है– स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि मनुष्य जब माया के पार यानी

उसकी चेतना जब देश–काल के अतिक्रमण की सामर्थ्य अपने में विकसित कर लेती है, तब सहज ही उसकी दृष्टि विश्व के अधिष्ठान का साक्षात्कार करती है, पर वेदान्त के अनुसार यही मनुष्य की अन्तिम उपलब्धि नहीं है। अन्य शब्दों में, माया के अतिक्रमण के बाद जब मनुष्य अपने तथा जगत् के अधिष्ठान के रूप में ईश्वर की सत्ता की प्रतीति करता है, तो वह उसकी यात्रा की इति नहीं है प्रारम्भ ही है : कालान्तर में वह अनुभव करता है कि जो सत्ता उसके बाहर थी और अपने वैभव एवं शक्ति में अपार श्रद्धा एवं उपासना योग्य थी, वही वस्तुतः उसके भीतर भी है और यथार्थ में उसमें और ईश्वर में तात्विक दृष्टि से पूर्ण अभेद है। स्पष्ट है कि शुद्ध एवं उच्चकोटि की आध्यात्मिकता का मूलाधार एकता की यही प्रतीति है, जिसका अनुभव मनुष्य अपनी आत्मा की गहराई से करता है।'

कृष्णमूर्ति सृजनात्मक बुद्धि के विकास हेतु बोध की समग्रता पर विशेष बल देते हैं। विश्व जो अनेकानेक समस्याओं एवं दुराग्रहों के दौर से गुजर रहा है, उसे एक सर्वथा नवीन एवं नैतिक मानदण्ड की आवश्यकता है। मनुष्य को आन्तरिक परिवर्तन की आवश्यकता है, विश्व में व्याप्त कुण्ठा, हताशा, संत्रास को सिद्धान्तों एवं आदर्शों के माध्यम से नहीं पकड़ा जा सकता, इसके लिए नवीन नैतिक सिद्धान्त का आविर्भाव अपेक्षित है। यहउचित शिक्षा के द्वारा ही सम्भव हो सकता है। प्रबुद्ध मस्तिष्क ही समाज में व्याप्त विसंगतियों एवं अराजकता को अपनी समग्र दृष्टि के माध्मय से समाप्त कर सकता है। क्योंकि सतही तौर पर आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन के बाद भी मनुष्य को रूपान्तरित करने की आवश्यकता का प्रश्न ज्यों का त्यों बना रहता है। अन्य शब्दों में, तंत्र एवं सामाजिक ढाँचा अगर बदल भी जाए, लेकिन मन में विषमतावादी जीवन मूल्य एवं लिप्साएँ बनी रहें, तो मानव का स्वतंत्र अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। अतः बिना समुचित आत्मबोध के कुछ भी सम्भव नहीं है।

जे. कृष्णमूर्ति ने वर्ष 1979 में प्रकाशित हुई अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'मेडिटेशन' में ध्यान के सन्दर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने लिखा है कि ध्यान का अर्थ विचार का अन्त हो जाना है तथा एक भिन्न आयाम का प्रकट होना है जो समय से परे है। ध्यानपूर्ण मन शान्त होता है। यह मौन विचार की कल्पना से परे है। यह मौन किसी निस्तब्ध संध्या की नीरवता भी नहीं है। विचार जब अपने सारे अनुभवों, शब्दों और प्रतिभाओं सहित पूर्णतः विदा हो जाता है, तभी इस मौन का जन्म होता है। यह ध्यानपूर्ण मन ही धार्मिक मन है।

7.3 सारांश

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि क्रांन्ति एवं विद्रोह से आक्रान्त इस युग में मनुष्य परायेपन के दुःख बोध से पीड़ित है। वह व्यक्ति से, समाज से, स्वयं को जोड़ सकने में सर्वथा अक्षम महसूस कर रहा है। इसी को आज की पदावली में 'एलियेनेशन' कहते हैं। वस्तुतः जीवन की सुव्यवस्था के लिए जीवन व मानस की समन्वित अभिव्यंजना आवश्यक है।

सन्तुलित बौद्धिक आध्यात्मिक प्रगति तभी संभव है, जब व्यक्ति जीवन की सामान्य इच्छाओं से ऊपर उठते हुए, अन्तस की गहराईयों में उतरते हुए, समग्र बोध को प्राप्त करें, क्योंकि वही उसके जीवन के अंधेरे को आलोकित करने की शक्ति रखता है।इसी में उसकी विमुक्ति भी है। आपकी बुद्धि की सीमा अनन्त, अपार और अतुलनीय है तथा बुद्धि की सीमा और परिधि को आप स्वंय परिभाषित एवं परिष्कृत करते हो। अतः आवश्यकता है, अपने बौद्धिक सीमाओं के ज्ञान का सुमचित एवं समग्र उपयोग कर अपने जीवन को उसके लक्ष्य तक ले जायें, तभी हम मानव होने के सही अर्थों को परिभाषित कर पायेंगे।

7.4 शब्दावलीः

परिष्कृत, स्वतंत्रता, आर्विभाव, सृजनात्मकता, प्रतिस्पर्धा, निडरता, बुद्धि की सीमाएं, तात्विक दृष्टि, इन्द्रियातीत, पारलौकिक, ईश्वर, आत्मा, परमात्मा, सशक्त और सार्थक विचार,दार्शनिक, धार्मिक विद्वान, मनोवैज्ञानिक, संस्कार, संम्प्रेषण, बुद्धिमत्ता, धर्म, नैतिकता, आध्यत्मिकता, निष्पक्षता और केन्द्रीभूत।

7.5 प्रश्नावलीः

5. जे. कृष्णमूर्ति के अनुसार 'बुद्धि की सीमा' से क्या तात्पर्य है?
6. बुद्धि की सीमाएं क्या हैं?
7. बुद्धि की सीमाओं को जानना क्यों आवश्यक है?
8. बुद्धि की सीमा को प्रभावित करने वाले कारक कौन–कौन से हैं?

7.6 सन्दर्भ ग्रन्थः

6. शर्मा, ए. सी., ''प्रेम क्या है? अकेलापन क्या है?'', राजपाल एण्ड सन्ज, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2013.
7. गुप्ता, मुकेश, '' जे. कृष्णमूर्तिः एक जीवनी'', राजपाल एण्ड सन्ज, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2013.
8. सक्सेना, लक्ष्मी, ''समकालीन भारतीय दर्शन'', उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2016

9- https://en.wikipedia.org/wiki/Jiddu_Krishnamurti

10- https://www.jstor.org/stable/23607349

खण्ड–4 कृष्णचंद भट्टाचार्य

खण्ड परिचय :

प्रस्तुत खण्ड में समकालीन भारत के महान दार्शनिक कृष्णचन्द्र भट्टाचार्य के आत्मा या विषयी के दर्शन पर प्रकाश डाला गया है। यह खण्ड दो इकाइयों में विभाजित है। पहली इकाई में विषयिता या आत्मपरकता के सिद्धांत का निरूपण किया गया है। दूसरी इकाई में आत्मा के स्वतंत्रता की क्रमिक अनुभूति कैसे होती है, इसका विश्लेषण किया गया है।

इकाई 8 में विषयिता की अवधारणा का विवेचन किया गया है। इसमें विषयी और विषय की पृथकता और विषयिता के स्तरों–शरीररूप विषयिता, मानसिक विषयिता और आध्यात्मिक विषयिता पर चर्चा की गई है। अन्ततः विषयी के शुद्ध रूप का उद्घाटन किया गया है, जो आत्म अनुभूति से परे जाने की अवस्था है, 'मैं' के निषेध की अवस्था है और अनिर्दिष्ट परमसत् का क्षेत्र है।

इकाई 9 में विषयी या आत्मा की उन्मुक्तता या स्वतंत्रता की क्रमिक अनुभूति का विवेचन किया है। इसके अन्तर्गत यह बताया गया है कि विषयी शारीरिक आत्मपकता, मानसिक आत्मपरकता और आध्यात्मिक आत्मपरकता के स्तरों से होते हुए अनिश्चित परमसत् के क्षेत्र में प्रवेश करता है और अपने शुद्ध रूप से साक्षात्कार करते हुए विषयीरूप स्वतंत्रता की स्थिति प्राप्त कर लेता है।

.....000.....

इकाई 8 विषयिता का सिद्धांत

परिचय

8.0 उद्देश्य

8.1 प्रस्तावना

8.2 विषयिता का सिद्धांत

8.3 सारांश

8.4 शब्दावली

8.5 प्रश्नावली

8.6 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ

.....000.....

8.0 उद्देश्य–

- के0सी0 भट्टाचार्य के दर्शन में विषयिता या आत्मपरकता के दर्शन को समझना।
- आत्मा या विषयी के स्वरूप का निरूपण करना।

8.1 प्रस्तावना– कृष्ण चन्द्र भट्टाचार्य ने अपने दर्शन में विषयी अथवा आत्म तथा विषय का गहन एवं गम्भीर विवेचन प्रस्तुत किया है। उनका मानना है कि विषयी या आत्मा एक ऐसी सत्ता है, जिसकी अनुभूति के आधार के रूप में कोई अर्थबोध नहीं होता, लेकिन इसका आशय यह नहीं है कि आत्मा कोई अर्थहीन सत्ता है। आत्मा ऐसी सत्ता है जो कथनीय है। उसमें तात्पर्यपूर्ण कथनीयता है, जिससे उसका अन्तर्विषय अविश्लेष्य

होते हुए भी समझ लिया जाता है। आत्मा अनुभूति का विषय है। विषयिता आत्म से विषय की भिन्नता एवं मुक्तता की अनुभूति है। विषयिता विषयी के स्वतंत्रता की अनुभूति है। प्रस्तुत इकाई में विषयिता के इन्हीं विशेषताओं का सम्यक् निरूपण प्रस्तुत है।

8.2 विषयिता का सिद्धांत– कृष्णचन्द्र भट्टाचार्य का कहना है कि विषयिता या आत्मपरकता शब्द का प्रयोग कई तरह से होता है, इसलिए इसके अर्थ का निरूपण दुष्कर हो जाता है। प्रो0 भट्टाचार्य कहते हैं कि विषयिता के स्वरूप के स्पष्ट करने के क्रम में वे अभावात्मक विधि का सहारा लेते हैं। इसमें वे विषयिता को विषयनिष्ठता से अलगाव पर चर्चा करते हैं। इसे सम्यक् रूप से समझने के लिए सर्वप्रथम विषय और विषयी के मूलभूत अन्तर को जानना होगा, जो अधोलिखित हैंः

- विषय में अनिवार्यतः अर्थबोध होता है, जबकि विषयी में इस तरह के अर्थनिर्देश की आवश्यकता नहीं रहती है। विषयी की चेतना सदैव अर्थ–चेतना से भिन्न होती है। अर्थ चेतना में द्वैत का भाव रहता है, वहीं विषयी में स्वचेतना है। परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि विषयी अर्थहीन है, विषयी में कथनीयता है, जिससे उसका अन्तर्विषय एक विशेष अर्थ में समझा जाता है। इस प्रकार विषय में अर्थबोध (Meanable) है जबकि विषयी में कथनीयता (Significant speakable) है।
- विषय 'यह' शब्द से सूचित होता है और सभी लोग यह शब्द से उसी विषय को सूचित करते हैं। उदाहरण के लिए मोहन पुस्तक के रूप में एक विशेष वस्तु की ओर संकेत कर रहा है। इसी प्रकार सोहन भी 'यह पुस्तक है' कहकर पुस्तक के रूप में उसी विशेष वस्तु को सूचित कर रहा है। यहाँ 'यह' शब्द का व्यवहार इस प्रकार किया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति पुस्तक रूप एक विशेष वस्तु को 'यह' कहकर सूचित कर सकते हैं। जबकि विषयी के लिए 'मैं' शब्द का प्रयोग होता है जो प्रत्येक व्यक्ति केवल अपने लिए निर्देश करता है। जैसे– यदि मोहन 'मैं' शब्द का प्रयोग करेगा तो वह स्वयं को निर्देश करके करेगा, उसी प्रकार सोहन भी मैं

का निर्देश मोहन के लिए न करके अपने लिए करेगा। 'वह' और 'तुम' शब्द भी विषयी के लिए प्रयुक्त होते हैं। किन्तु कृष्णचन्द्र भट्टाचार्य ने इसके लिए विशिष्ट शब्द मैं का प्रयोग किया है। 'मैं' को 'वह' और 'तुम' से अधिक मौलिक बताया है, क्योंकि 'वह' और 'तुम' भी अपने आपको 'मैं' से संबोधित कर सकते हैं। विषय ग्रहण सर्वनिष्ठ होता है, जबकि विषयी ग्रहण आत्मनिष्ठ। प्रो0 भट्टाचार्य मैं को विषयी का प्रतीक बना देते हैं। वे उसे 'तुम' और 'वह' से अधिक महत्व देते हैं, क्योंकि वह उनसे अधिक विशिष्ट है। इसमें वह व्यापकता नहीं है जो विषय में हैं।

- ध्यातव्य है कि आत्मा या विषयी के लिए विषय शब्द का प्रयोग हो सकता है, लेकिन विषय के लिए विषयी का प्रयोग नहीं किया जा सकता है। जैसे–यदि मोहन पुस्तक की ओर इशारा करके कहे कि ''यह मैं हूं'' तो यह असत्य कथन हो जायेगा, जबकि यदि वह कहता है कि ''मै यह हूं'' जैसे– मैं अध्यापक हूँ, तो यह असत्य नहीं कहा जायेगा। इस प्रकार सामान्य भाषीय प्रयोग में विषयी को विषयरूप बना दिया जाता है। किन्तु इस प्रकार की विषयरूपता, विषयी का लक्षण नहीं है। वास्तव में विषयिता या आत्मपरकता के लिए विषय का निषेध परम आवश्यक है।
- यह शब्द से प्रदर्शित वस्तु व्यष्टि भी हो सकती है और सामान्य भी। जबकि अहं से प्रदर्शित विषयी सदैव एक व्यक्ति या सामान्य को संदर्भित नहीं करता। इसका उपयोग न केवल एक चीज को इंगित करने के लिए किया जाता है, बल्कि ऐसी चीज को इंगित करने के लिए भी किया जाता है, जिसे एक समय में केवल एक वक्ता द्वारा इंगित किया जा सकता है। हालाँकि अलग–अलग वक्ता स्वयं को संदर्भित करने के लिए अहं का उपयोग कर सकता है। और प्रत्येक को श्रोता द्वारा एक विशिष्ट व्यक्ति समझा जा सकता है।

- प्रो0 भट्टाचार्य कहते हैं कि विषय का निराकरण हो सकता है, उस पर संदेह किया जा सकता है, लेकिन विषयी की सत्ता का निराकरण किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। किसी तथ्य का निराकरण अन्य तथ्यों के आधार पर हो जाता है, लेकिन विषयी स्वयं निराकरण को संभव बनाने वाला आधारभूत तत्व है, उसका निराकरण कैसे संभव हो सकता है? तो फिर क्या विषयी अचिंत्य है? प्रो0 भट्टाचार्य कहते हैं कि वह अचिंत्य भी नहीं है, बल्कि एक ऐसी सत्ता है, जिसका अन्तर्विषय अविश्लेष्य और अपूर्व है। जो सभी अर्थपूर्ण सत्ताओं से भिन्न होते हुए भी समझी जाती है और बिना प्रश्न के विश्वास किया जाता है।

ध्यातव्य है कि विषयिता के तीन स्तर हैं–

1. **शरीर रूप विषयिता**– उपर्युक्त विश्लेषण में यह स्पष्ट हो गया कि विषयिता, विषयी की विषय से भिन्नता का ज्ञान है। परन्तु यह ज्ञान हुआ कैसे? यह ज्ञान इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमें हमारे शरीर का ज्ञान है। जैसे– मै अपने सामने मेज पर रखी एक पुस्तक देख रहा हूँ। इस पुस्तक से मेरा संपर्क मेरी इन्द्रियों, यथा–आंख और त्वचा द्वारा होता है। यह संपर्क का माध्यम ही हमें इस भिन्नता का भान भी कराता है। इस प्रकार विषयी की वस्तु–जगत से भिन्नता शरीर पर आधारित हो गई। इसीलिए यह शरीररूप विषयिता है। शारीरिक विषयिता के तीन स्तर हैं– दृश्य शरीर, अनुभूत शरीर तथा अनुपस्थित शरीर। वे कहते हैं कि दृश्य शरीर वह शरीर है जो बाहर से दिखाई पडता है, अपने को भी और दूसरों को भी, अनुभूत शरीर स्वयं को ही अनुभूत होता है, वहीं अनुपस्थित शरीर में अभाव का ज्ञान होता है। शारीरिक आत्मपरकता के प्रथम स्तर में पहले आत्मा अपने आप को दृश्य शरीर से एकरूप कर लेता है। वहीं अगले स्तर में अनुभूत शरीर या शरीर की आन्तरिक भावना से एकाकार कर लेता है। अनुपस्थित शरीर वह तीसरा आयाम है, जिसमें हम शारीरिक सीमाओं से ऊपर उठते हैं।

इसमें हम एक शरीर या वस्तु का अभाव महसूस करते हैं। इस अनुपस्थिति या अभाव का ज्ञान दो तरह से हो सकता है–पहला, काल्पनिक प्रत्यक्ष के द्वारा अनुपस्थिति का ज्ञान, दूसरा, सचेतन अप्रत्यक्ष के द्वारा अनुपस्थिति का ज्ञान।

पहले की व्याख्या के लिए प्रो0 भट्टाचार्य ने अपनी पुस्तक ''स्टडीज इन फिलॉसफी'' में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो यहां उल्लेखनीय है। मान लिया कि एक स्थान पर एक वृक्ष था। कुछ समय के बाद देखते हैं कि उस स्थान पर भिन्न दृश्य है। हम यह जान जाते हैं कि किसी वस्तु की अनुपस्थिति है, लेकिन किसकी है, यह नहीं जान पाते। एक दूसरा उदाहरण इस तरह दिया जा सकता है कि एक व्यक्ति अपने अध्ययन कक्ष में किसी पुस्तक को खोज रहा है, लेकिन वह पुस्तक नहीं मिलती। यहां उसे ज्ञान है कि पुस्तक अनुपस्थित है। यहां द्रष्टव्य है कि दृश्य शरीर और अनुभूत शरीर में अन्तर पूर्ण न होकर आंशिक है। क्योंकि काल्पनिक प्रत्यक्ष के द्वारा जो अनुपस्थिति का भान होता है, वह अनुभूत शरीर के ज्ञान के स्तर का ही ज्ञान है। जैसे–वृक्ष के उदाहरण में कुछ के अनुपस्थित होने का ज्ञान है। यहां कुछ शब्द से आशय वृक्ष से नहीं है, क्योंकि वृक्ष का ज्ञान ही नहीं है, यह कुछ कल्पना में अनुभूत हो रहा है।

2. **मानसिक विषयिता**– इस स्तर पर शरीर का निषेध हो जाता है और आत्मपरकता को शरीर से निषेध का ज्ञान हो जाता है। जब भी किसी भी वस्तु का हम अनुभव करते हैं तो उस वस्तु या विषय के साथ उसके अनुभव करने की भी समझ होती है। यह समझ एक मानसिक तथ्य है। विषयी वस्तु से संबंधित प्रतिमा या विचार अर्थात् मानसिक तथ्यों से एकरूप हो जाता है। परन्तु यह भी अंतिम स्तर नहीं है, क्योंकि मानसिक तथ्य किसी न किसी रूप में वस्तु से संबंधित होते हैं। विचार या भाव के स्तर पर 'अन्तर्वस्तु' और 'चेतना' का द्वैत बना रहता है। प्रो0 भट्टाचार्य के अनुसार आत्मा की स्वतंत्र चेतना का तात्पर्य 'अन्तर्वस्तु' और

'चेतना' के द्वैत से पूर्ण मुक्ति है। इस तरह वे मानसिक विषयिता को नकारकर आध्यात्मिक विषयिता को स्वीकार करते हैं।

3. **आध्यात्मिक विषयिता**–इस स्तर में मानसिक तथ्यों का भी निषेध हो जाता है। यह शुद्ध विषयिता में प्रवेश का द्वार है। आध्यात्मिक विषयिता को तीन अर्थों में समझने का प्रयास किया जाता है, पहला, विषयिता को भावना के रूप में, द्वितीय, विषयिता को मैं या अन्तर्निरीक्षण के रूप में एवं तीसरा, विषयिता को अन्तर्निरीक्षण से परे स्वतंत्र आत्म के रूप में। तीनों अर्थों का संक्षिप्त विवेचन अधोलिखित है–

भावनात्मक अनुभूति–यहां अर्थ का कोई महत्व नहीं रह जाता। मानसिक स्तर तक अर्थ से सम्पर्क बना रहता है। यहां विषयी वैचारिकता से मुक्त होता है और अपने प्राकृतिक रूप में अवस्थित होता है। इसे भावना की भावनात्मक अनुभूति भी कहा जाता है।

अन्तर्दृष्टि– यह विषयिता की स्पष्टतम अनुभूति प्रदान करती है। यह मैं चेतना की अनुभूति है। प्रो0 भट्टाचार्य कहते हैं कि आत्म को व्यक्त करने का सबसे उपयुक्त प्रतीक 'मैं' ही है। मैं विशिष्ठ है। वहीं वह और तुम शब्द भिन्न होते हैं। उदाहरण के लिए वह शब्द का प्रयोग एक ही व्यक्ति के लिए कई लोग कर करते हैं। वहीं तुम शब्द का जब हम प्रयोग करते हैं तो सामने वाले व्यक्ति के शरीर पर ही केन्द्रित होते हैं। जबकि मैं एकदम अलग है। उससे आत्मचेतना का ज्ञान होता है। मैं की चेतना उपभोगी चेतना है। यह समस्त प्रकार की विषयता एवं अर्थबोध से मुक्त होने की स्थिति है। ध्यातव्य है कि यह भी विषयिता की पूर्ण अभिव्यक्ति नहीं है, क्योंकि अन्य लोगों को भी मैं का बोध होता ही है। ऐसी व्यापकता विषयिता या आत्मपरकता के प्रतिकूल है, क्योंकि आत्मरकता को नितान्त विशिष्ट होना चाहिए।

अन्तर्दृष्टि से परे– यह शुद्ध विषयिता है। इस स्तर में मैं चेतना का निषेध हो जाता है। यह स्थिति वर्णन एवं रूपांकन से परे है। इसका कोई स्वरूप नहीं है।

यह पूर्णतया अनिश्चित निरपेक्ष सत् का क्षेत्र है तथा इसी को स्वतंत्र रूप विषयी कहा जा सकता है जो विषयिता के विकास का परम लक्ष्य है।

8.3 सारांश– के0 सी0 भट्टाचार्य के अनुसार विषयिता विषय और विषयी से भिन्नता की एक समझ है। विषयिता अर्थ निरपेक्ष है। विषयिता विषयीरूप में जीना है, विषयपरकता नहीं है। विषयिता को तीन स्तरों में विभाजित किया गया है– शारीरिक स्तर, मानसिक स्तर और आध्यात्मिक स्तर। शारीरिक स्तर में विषयी अपने आप को शरीर से एकरूप कर लेता है। मानसिक स्तर में विषयी मानसिक तथ्यों से ण्करूप होता है। इसके अंतर्गत प्रतिमा और विचार आते हैं। अध्यात्मिकता के स्तर में विषयिता स्वयं को अर्थ संदर्भ से पूर्णतया मुक्त कर लेती है। इसके तीन उप स्तर हैं। भावनात्मक अनुभूति, अन्तर्दृष्टि और अन्तर्दृष्टि से परे का स्तर। भावनात्मक स्तर में विषयिता विचार की हर संभावना से ऊपर उठ जाती है। अन्तर्दृष्टि के अंतर्गत विषयिता की स्पष्ट अनुभूति होती है। यह समझ बन जाती है कि विषयिता को व्यक्त नहीं किया जा सकता। अंतिम स्तर में मैं की चेतना का भी निषेध हो जाता है। यह आत्म अनुभूति से परे की अवस्था है, यह पूर्णतया अनिर्दिष्ट परमसत् का क्षेत्र है।

8.4 शब्दावली– विषय, विषयी, विषयिता

8.5 प्रश्नावली–

1. के0 सी0 भट्टाचार्य के विषयिता के सिद्धांत का वर्णन कीजिए।
2. के0 सी0 भट्टाचार्य के दर्शन में विषयिता के सभी स्तरों की समीक्षात्मक व्याख्या कीजिए।
3. के0 सी0 भट्टाचार्य के दर्शन में आत्मा की प्रकृति का निरूपण कीजिए।

8.6 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ –

1. टाक, ओमप्रकाश, *आधुनिक भारतीय चिंतक,* राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2008।

2. लाल, बसंत कुमार, *समकालीन भारतीय दर्शन,* मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2006।

3. सक्सेना, लक्ष्मी (सं0), *समकालीन भारतीय दर्शन,* उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2005।

4. सिन्हा, रमेश चन्द्र एवं विजयश्री, *समकालीन भारतीय चिंतक,* डी.के. प्रिंटवर्ल्ड (प्रा.) लि., नई दिल्ली, 2013।

5. भट्टाचार्य, के0सी0, *द सब्जेक्ट ऐज फ्रीडम,* इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फिलासफी, अमलनेर, 1930।

.....000.....

इकाई 9

स्वतंत्रता की क्रमिक अनुभूति

9.0 उद्देश्य

9.1 प्रस्तावना

9.2 स्वतंत्रता की क्रमिक अनुभूति

9.3 सारांश

9.4 शब्दावली

9.5 प्रश्नावली

9.6 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ

.....000.....

9.0 उद्देश्य–

- के0सी0 भट्टाचार्य के दर्शन में आत्मा या विषयी की उन्मुक्तता या स्वतंत्रता की अनुभूति के क्रमिक स्तरों को समझना।
- के0सी0 भट्टाचार्य के दर्शन में आत्म के यथार्थ स्वरूप को समझना।

9.1 प्रस्तावना– के0सी0 भट्टाचार्य ने अपने दर्शन में आत्मपरकता का गहन एवं गम्भीर विवेचन प्रस्तुत किया है। प्रो0 भट्टाचार्य का मानना है कि आत्मपरकता की अनुभूति से तात्पर्य है, विषयी या आत्मा की यथार्थ अनुभूति। यहाँ यथार्थ अनुभूति का आशय है, आत्म के स्वतंत्रता की अनुभूति, उन्मुक्तता की अनुभूति। ध्यातव्य है कि स्वतंत्रता आत्मा का विशेषण नहीं, बल्कि उसका अन्तस्तम तत्व है। प्रस्तुत इकाई में स्वतंत्ररूप आत्म के साक्षात्कार करने की क्रमिक पद्धति का विवेचन किया गया है।

9.2 स्वतंत्रता की क्रमिक अनुभूति– के0सी0 भट्टाचार्य के अनुसार आत्मपरकता की अनुभूति का अर्थ आत्म के अपने वास्तविक आत्म–रूप की अनुभूति अपनी उन्मुक्तता की अनुभूति है। यह अनुभूति विभिन्न स्तरों से होती हुई अग्रसर होती है। इन स्तरों को क्रमिक कहा गया है, क्योंकि एक स्तर के निषेध के आधार पर आत्मपरकता दूसरे स्तर तक पहुँचती है। यह क्रमिक प्रक्रिया तब तक चलती है, जब तक निषेध योग्य कोई रूप बचा नहीं रह जाता।

साधारण मनुष्य एक विशिष्ट वातावरण में वस्तुओं से घिर कर जीता है। यह उसके आत्मरूप पर एक प्रकार का घेरा है। क्योंकि उसी सीमा के अन्तर्गत ही वह क्रियाशील हो पाता है। वैसे इस क्षेत्र में भी उसे अपनी उन्मुक्तता का भान रहता है। किन्तु वह उन्मुक्तता उस घेरे से सीमित रहती है। प्रो0 भट्टाचार्य ने दो प्रकार की स्वतंत्रता का उल्लेख किया– संकल्पनात्मक स्वतंत्रता और तात्विक स्वतंत्रता। अनुभूति की प्रक्रिया संकल्पनात्मक स्वतंत्रता के स्तर से तात्विक स्वतंत्रता तक के विकास की क्रमिक प्रक्रिया है।

इस क्रमिक विकास की प्रक्रिया के कई स्तर हैं, जिनका विवरण निम्नवत् हैः–

1. प्रथम स्तर वस्तुनिष्ठता के निषेध का स्तर है। यह आत्मा की स्वतंत्रता पर घेरा डाल कर बैठा रहता है। इसी कारण से आत्मा, आत्मरूपता की ओर केन्द्रित नहीं हो पाता। यह निषेध शरीर एवं शारीरिक वृत्ति के स्वीकार करने पर आधारित है। अन्य वस्तुओं की अपेक्षा शरीर आत्मा के अधिक निकट होता है। इस निकटता के कारण वह भी विषयिता या आत्मपरकता का अंग बन जाता है। यह स्तर **शारीरिक आत्मपरकता** का स्तर कहा जाता है। प्रो0 भट्टाचार्य दृश्य शरीर, अनुभूत शरीर तथा अनुपस्थित शरीर में एक भेद करते हैं। वे कहते हैं कि दृश्य शरीर वह शरीर है जो बाहर से दिखाई पडता है, अपने को भी और दूसरों को भी, अनुभूत शरीर स्वयं को ही अनुभूत होता है, वहीं अनुपस्थित शरीर में अभाव

का ज्ञान होता है। शारीरिक आत्मपरकता के प्रथम स्तर में पहले आत्मा अपने आप को दृश्य शरीर से एकरूप कर लेता है। वहीं अगले स्तर में अनुभूत शरीर या शरीर की आन्तरिक भावना से एकाकार कर लेता है। अनुपस्थित शरीर वह तीसरा आयाम है, जिसमें हम शारीरिक सीमाओं से ऊपर उठते हैं। इसमें हम एक शरीर या वस्तु का अभाव महसूस करते हैं। इस अनुपस्थिति या अभाव का ज्ञान दो तरह से हो सकता है–

काल्पनिक प्रत्यक्ष के द्वारा अनुपस्थिति का ज्ञान

सचेतन अप्रत्यक्ष के द्वारा अनुपस्थिति का ज्ञान

पहले की व्याख्या के लिए प्रो0 भट्टाचार्य ने अपनी पुस्तक ''स्टडीज इन फिलॉसफी'' में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो यहां उल्लेखनीय है। मान लिया कि एक स्थान पर एक वृक्ष था। कुछ समय के बाद देखते हैं कि उस स्थान पर भिन्न दृश्य है। हम यह जान जाते हैं कि किसी वस्तु की अनुपस्थिति है, लेकिन किसकी है, यह नहीं जान पाते। एक दूसरा उदाहरण इस तरह दिया जा सकता है कि एक व्यक्ति अपने अध्ययन कक्ष में किसी पुस्तक को खोज रहा है, लेकिन वह पुस्तक नहीं मिलती। यहां उसे ज्ञान है कि पुस्तक अनुपस्थित है। यहां द्रष्टव्य है कि दृश्य शरीर और अनुभूत शरीर में अन्तर पूर्ण न होकर आंशिक है। क्योंकि काल्पनिक प्रत्यक्ष के द्वारा जो अनुपस्थिति का भान होता है, वह अनुभूत शरीर के ज्ञान के स्तर का ही ज्ञान है। जैसे–वृक्ष के उदाहरण में कुछ के अनुपस्थित होने का ज्ञान है। यहां कुछ शब्द से आशय वृक्ष से नहीं है, क्योंकि वृक्ष का ज्ञान ही नहीं है, यह कुछ कल्पना में अनुभूत हो रहा है।

2. दूसरा स्तर शारीरिक आत्मपरकता का निषेध है। इसमें आत्मपरकता को शरीर से भिन्नता की समझ हो जाती है। यह **मानसिक आत्मपरकता** का स्तर है। मानसिक तथ्यों का है। जब भी किसी भी वस्तु का हम अनुभव करते हैं तो उस वस्तु या विषय के साथ उसके अनुभव करने की भी समझ होती है। यह समझ एक

मानसिक तथ्य है। विषयी वस्तु से संबंधित प्रतिमा या विचार अर्थात् मानसिक तथ्यों से एकरूप हो जाता है। परन्तु यह भी अंतिम स्तर नहीं है, क्योंकि मानसिक तथ्य किसी न किसी रूप में वस्तु से संबंधित होते हैं। विचार या भाव के स्तर पर 'अन्तर्वस्तु' और 'चेतना' का द्वैत बना रहता है। प्रो0 भट्टाचार्य के अनुसार आत्मा की स्वतंत्र चेतना का तात्पर्य 'अन्तर्वस्तु' और 'चेतना' के द्वैत से पूर्ण मुक्ति है। इस तरह वे मानसिक विषयिता को नकारकर आध्यात्मिक विषयिता को स्वीकार करते हैं।

3. धीरे–धीरे आत्मा को यह अनुभूति हो जाती है कि मानसिक तथ्य उसका वास्तविक स्वरूप नहीं है। क्योंकि प्रतिमा विषय से संबंधित होती है और विचार चेतना एवं चेतना के विषय के द्वैत से ऊपर नहीं उठ पाता। आत्मपरकता इस प्रकार के द्वैत से परे है। इस मानसिक अवस्था का निषेध करके आगे का स्तर **आध्यात्मिक स्तर** है। इसकी पहली कड़ी भावनात्मक अनुभूति है। इसमें आत्मपरकता का भावना से तादात्म्य स्थापित किया जाता है। यहां आत्मा अर्थ से निरपेक्ष हो जाता है। वैचारिकता के घेरे से बाहर निकल जाता है और भावनात्मकता के स्तर में पहुंच जाता है। परन्तु शुद्ध भावनात्मकता के स्तर के लिए भावनात्मकता की चेतना से मुक्त होना होगा, जिसे भावना की भावनात्मक अनुभूति कहते हैं। इसमें आत्मा वास्तविक विषयिता के स्तर में प्रवेश करता है।

   इस भावनात्मक स्तर का निषेध आत्मा को अगले स्तर पर ले जाता है जिसे **अन्तर्दृष्टि** कहते हैं। ध्यातव्य है कि यह मनोवैज्ञानिक अन्तर्निरीक्षण नहीं है। यह आध्यात्मिक अन्तर्दृष्टि है, जो संज्ञानात्मक है। इस स्तर पर आत्मा वस्तुगत बोध से स्वयं को पूर्णतः मुक्त कर लेता है। यहां अर्थबोध समाप्त हो जाता है। अर्थबोध समाप्त होने का अर्थ है कि अन्तर्वस्तु और चेतना का द्वैत समाप्त हो जाता है। यहां 'मैं' का बोध होता है। इस बोध को मै की उपभोगी चेतना (Enjoying

Consciousness) कहते हैं, क्योंकि यहां आत्मा भोगता है। यहां ज्ञान–ज्ञाता का द्वैत समाप्त हो जाता है।

आगे के स्तर में इस 'मैं' का भी निषेध हो जाता है। यह **अन्तर्दृष्टि के परे** जाने की अवस्था है। इस प्रकार आत्मा के उन्मुक्त होने का भान अन्तर्दृष्टि का स्तर है, परन्तु इस अनुभूति के स्तर को पार कर जाना ही वास्तविक अवस्था है। इस चरम स्थिति का कोई निर्धारित स्वरूप नहीं है। अब इस स्तर का निषेध भी नहीं हो सकता। यह अनिश्चितता का क्षेत्र है। इसे आत्म की तरह भोगा भी नहीं जा सकता। यह पूर्ण स्वतंत्रता की स्थिति है। यही आत्मा का चरम लक्ष्य है। यही विषयीरूप स्वतंत्रता (Subject as Freedom) है।

उपर्युक्त विवरण से सपष्ट है कि सर्वप्रथम शरीर में आत्मगत भावना होती है। यहाँ 'मैं' शरीर से तादात्म्य भाव रखता है। उसी को 'मैं' जानकर शरीर से भिन्न वस्तुओं के प्रति वस्तुगत भावना रखता है। दूसरे स्तर में 'मैं' अपना तादात्म्य मन से कर लेता है और शरीर से लेकर अन्य वस्तुओं के प्रति वस्तुगत दृष्टिकोण रखता है। तीसरे स्तर पर 'मैं' शरीर और मन दोनों से ऊपर उठ जाता है। लेकिन अन्ततः इस 'मैं' का भी निरसन हो जाता है। प्रो0 भट्टाचार्य कहते हैं कि आत्मा की उन्मुक्तता की क्रमिक अनुभूति 'मैं' से ऊपर उठने, अन्तर्दृष्टि से परे की अवस्था में अपने चरम पर पहुँचती है। परन्तु यह एक ऐसी अवस्था है, जहाँ कोई निश्चितता नहीं है। यहाँ निषेध का भी कोई स्थान नहीं बचता। यह अनिश्चित क्षेत्र, निरपेक्ष सत् का क्षेत्र है। यही स्वतंत्रता रूपी आत्म है।

9.3 सारांश– के0 सी0 भट्टाचार्य के अनुसार विषयी या आत्मा के वास्तविक रूप का परिचय आत्मा के स्वतंत्रता की अनुभूति है। यह अनुभूति क्रम से, विभिन्न स्तरों से होते हुए अग्रसर होती है। यह प्रक्रिया निषेध के माध्यम से आगे बढ़ती है और तब तक चलती रहती है, जब तक कि निषेध के योग्य कुछ शेष रह जाता है। प्रथम स्तर के निषेध में वस्तुनिष्ठता का निषेध होता है। यह शरीर का स्तर है। शारीरिक स्तर में

विषयी या आत्मा अपने आप को शरीर से एकरूप कर लेता है। दूसरा स्तर मानसिक स्तर है। इसमें विषयी मानसिक तथ्यों से एकरूप होता है। इसके अंतर्गत प्रतिमा और विचार आते हैं। तीसरे स्तर अर्थात् अध्यात्मिकता के स्तर में विषयिता स्वयं को अर्थ संदर्भ से पूर्णतया मुक्त कर लेती है। इसके तीन उप–स्तर हैं। भावनात्मक अनुभूति, अन्तर्दृष्टि और अन्तर्दृष्टि से परे का स्तर। भावनात्मक स्तर में विषयिता विचार की हर संभावना से ऊपर उठ जाती है। अन्तर्दृष्टि के अंतर्गत विषयिता की स्पष्ट अनुभूति होती है। यह समझ बन जाती है कि विषयिता को व्यक्त नहीं किया जा सकता। अंतिम स्तर में मैं की चेतना का भी निषेध हो जाता है। यह आत्म अनुभूति से परे की अवस्था है, यह पूर्णतया अनिर्दिष्ट परमसत् का क्षेत्र है। पूर्ण स्वतंत्रता की स्थिति है, उन्मुक्तता की स्थिति है। यही विषयीरूप स्वतंत्रता है।

9.4 शब्दावली– विषय, विषयी, विषयिता, आत्मपरकता, विषयीरूप स्वतंत्रता, उन्मुक्तता

9.5 प्रश्नावली–

1. के0 सी0 भट्टाचार्य के अनुसार आत्मा के स्वंतत्रता की क्रमिक अनुभूति पर प्रकाश डालिए।
2. के0 सी0 भट्टाचार्य के दर्शन में विषयी रूप स्वतंत्रता की अवधारणा का विवेचन कीजिए।
3. के0 सी0 भट्टाचार्य के दर्शन में आत्मपरकता की अनुभूति के विभिन्न स्तरों की व्याख्या कीजिए।

9.6 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ–

1. टाक, ओमप्रकाश, *आधुनिक भारतीय चिंतक,* राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2008

2. लाल, बसंत कुमार, *समकालीन भारतीय दर्शन*, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2006

3. सक्सेना, लक्ष्मी (सं0), *समकालीन भारतीय दर्शन*, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2005

4. भट्टाचार्य, के0सी0, *द सब्जेक्ट ऐज फ्रीडम*, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फिलॉसफी, अमलनेर, 1930

.....000.....

खण्ड–5 मानवेन्द्र नाथ राय

खण्ड –परिचय

एम. एन. राय के 'दर्शन के कार्य' एवं 'नव मानवतावाद' सिद्धान्त की प्रासंगिकता

मानवेन्द्रनाथ रॉय ने समाज, राजनीति और मानवीय स्वतंत्रता के मुद्दों पर अपने विचार बहुत ही बेबाकी से रखे। उनके द्वारा प्रस्तुत की गई 'नवमानववाद' की सोच आज भी मानविकी और सामाजिक विचार में महत्वपूर्ण स्थान रखती है, जो समाजवाद, मानववाद और व्यक्तिवाद के विभिन्न पहलुओं को समाहित करती है।

इकाई–10 दर्शन का कार्यः एम.एन. राय समकालीन भारतीय दर्शन में एक उत्कृष्ट दार्शनिक एवं रहस्यवादी पुरूष के रूपमें ख्याति प्राप्तहै। उनका दर्शन समाजवाद, मानवतावाद और राष्ट्रवाद के मध्य में स्थित है।उन्होंने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज में समानता, बन्धुत्व और न्यायको स्थापित करने की कोशिश की। उनकी दर्शनशास्त्रीय योजना नवमानवतावाद, उत्थानवाद और स्वतंत्रतावाद के विचारों का संयोजन करती है, जिससे उनका दर्शन सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है। कोई भी दर्शन अपने देश, काल, परिस्थिति और सामाजिक संरचना की देन होती है। जब समाज गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हो, नागरिकों को जीवन के मूलभूत अधिकार तो दूर की बात मूलभूत जरूरतों को भी पूरा करने की न तो सहुलियत हो न ही इजाजत, चारों ओर रूढ़िवादियों और अन्धविश्वासों का बोल–बाला हो उस समय में वैज्ञानिकता और मानव मूल्यों की बात करना अपने में एक दुरूह कार्यहै। राय का दर्शन बौद्धिकता एवं प्रयोग को प्रमुखता प्रदान करता है। उनका दर्शन परम्परागत अन्धविश्वाओं से ऊपर उठकर शुद्ध बौद्धिक एवं वैज्ञानिकता को प्रश्रय प्रदान करता है। उनका दर्शन मनुष्य को कोरा भाग्यवादी और अकर्मठ होने से रोकता है। मानव स्वंय का भाग्य विधाता और निर्माण कर्ता है। आज का विश्व, मानव के कार्यों का लेखा–जोखा है। इसलिए मानवको अपने पौरूष में विश्वास करते हुए कर्म पथ पर सतत् अग्रसर रहना चाहिए। श्रीमद्भगवदगीता में इसे 'अनासक्ति कर्मयोग' तो महान समीक्षावादी दार्शनिक इमैनुअल काण्ट के शब्दोंमें 'कर्तव्य के लिए कर्तव्य' कहेंगे।

इकाई–11 नवमानवतावादः यद्यपि एम.एन. राय ने 'नवमानवतावाद' के सिद्धांत को विकसित नहीं किया, लेकिन उन्होंने इस सिद्धान्त को उसके सही मुकाम पर पहुँचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। नवमानवतावाद उनका स्वंय का मौलिक सिद्धांत है जो मानव समाज

के निर्माण और प्रगति का समर्थन करता है अपितु उसके केन्द्र में मानव ही रहता है। इस सिद्धांत के अनुसार, समाज में समानता, समरसता और न्याय की प्राप्ति होनी चाहिए। राय ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए, नवमानवतावाद के सिद्धांत कोस्थापित किया, जो व्यापक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस प्रकार, एम.एन. राय का 'नवमानवतावाद' समाजवादी और मानववादी विचारधारा के संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और राजनीतिक विचार है। राय कहते हैं कि पूँजीवाद और साम्यवाद दोनों ही अपूर्ण एवं अपर्याप्त सिद्धान्त हैं। उन्होंने पहले ही हिटलर के हार की और रूस एवं अमेरिका के दो ध्रुवों के रूप में उभरने की भविष्यवाणी कर दी थी। उनका मानना था कि विश्व में सुख, शान्ति, समृद्धि और विकास के लिए इन दो महाशक्तियों के संघर्ष को रोकना परमावश्यक है। इसका उत्तर न तो पूँजीवाद के पास, न ही साम्यवाद के पास है।इसके लिए इन दोनों विचार धाराओं का अतिक्रमण करके एक ऐसी विचारधारा, राजनैतिक संरचना तथा सामाजिक परिस्थिति के निर्माण की आवश्यकता थी जिसमें सबकी स्वतंत्रता और समानता सुरक्षित रह सके, जिसमें सबके विकास का उन्मुक्त अवसर हो। राय का नवमानववाद इसी का परिणाम है।

.....000.....

इकाई–10

दर्शन का कार्य

12.0 उद्देश्य

12.1 प्रस्तावना

12.2 दर्शन का कार्य

12.3 सारांश

12.4 शब्दावली

12.5 प्रश्नावली

12.6 सन्दर्भग्रन्थ

.....000.....

12.0 उद्देश्यः

प्रस्तुत इकाई का उद्देश्य आपको मानवेन्द्रनाथ राय के 'दर्शन का कार्य' के सन्दर्भ में उनके विचारों से अवगतकरानाहै। एम.एन. राय के दर्शन का विकासकैसेऔर किनपरिस्थितयोंमेंहुआ, वेकौन से कारक एवंतथ्य हैंजो उनके दर्शनमेंमहत्वपूर्णभूमिका निभातेहैं। इनसभीबातोंपरगहनता से विचार किया गयाहै। इस इकाई के पूर्णहोने पर आप निम्नलिखिततथ्यों से परिचितहोपायेंगे–

- एम. एन. राय के जीवन का सारगर्भित परिचितप्राप्तकरपायेंगे।
- एम.एन. राय के अनुसारदर्शन के कार्य को जान एवं समझपायेंगे।
- डनकादर्शन किस प्रकार मानव जीवन को नई दिशा प्रदानकरताहै, यह जानपायेंगे।
- समकालीन समय में एम.एन. राय के दर्शन की प्रासंगिकता को समझपायेंगे।

12.1 प्रस्तावना:

19 वींसदी के महान चिन्तकों, स्वतंत्रतासेनानी, विश्वप्रसिद्ध राजनीतिक सिद्धान्तकार, समाजसेवी एवंउत्कृष्ट कोटि के दार्शनिक मानवेन्द्र नाथ राय का जन्म 6 फरवरी 1886 को पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना जिले में हुआ। इनके बचपन का नाम नरेन्द्र नाथ भट्टाचार्य था। इनका जन्म ब्रिटिश शासित भारत में हुआ था, इस समय सामाजिक और राजनीतिक ताना–बाना ऐसा था कि वे देश औरदुनिया की राजनीति एवं दर्शन से भलि–भाँति परिचित होगये। गहन आध्यात्मिक चिन्तन औरगूढ़ राजनीति के ममर्ज्ञ बनने में इन्हें देर न लगी। इनके जीवन पर स्वामी विवेकानन्द, स्वामीरामतीर्थ, स्वामी दयानन्द सरस्वती, विनायक दामोदर सावरकर और विपिन चन्द्र पाल का अत्यधिक प्रभावरहा।

यदि हम कहेंकि मानवेन्द्र नाथ राय ने न सिर्फ भारत अपितु समूचे विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त की तो इसमें कोई अतिश्योक्ति न होगी। राय की लम्बी राजनैतिक वैचारिक यात्रा का परिणाम है, कि वे किसी विचारधारा से बँधे नहीं रहे। उन्होंने विचारों की भौतिक वादीआधार भूमि एवं मानव के अस्तित्व के नैतिक प्रयोजन के मध्य समन्वय करना आवश्यक समझा।वे जीवन की सस्याओं, चिन्तन और मननमेंव्यवहारवादी समाधान के समर्थकथे।अतः राय के दर्शनमेंभौतिकता, व्यक्ति कीस्वतन्त्रता, लोकतन्त्र, अन्तर्राष्ट्रीयता एवं उग्रमानवतावाद का विशेषमहत्त्वहै। इन्होंनेमानवतावाद की संकल्पना एवं मानवतावाद सम्बन्धितविचार का अपनीप्रमुख पुस्तकों 'द प्रॉब्लमऑफफ्रीडम' 'साइण्टिफिक पॉलिटिक्स', 'रीजन' एवं 'रोमेण्टीसिज्म एण्ड रिवोल्यूशन', मेंविशेष रूप से वर्णन कियाहै।

लेनिनऔर अमेरिकी मार्क्सवादी विचाराधारा के प्रभावमेंइनकी राजनीतिक, दार्शनिक एवंराष्ट्रवादी विचार धारा को और दृढ़ता प्रदानकी। मैक्सिको की क्रान्तिमेंइन्होंने ऐतिहासिक योगदान दिया, जिससे इनकी ख्याति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हो गई।आपकेकार्यों से प्रभावित होकर थर्ड इंटर नेशनल में आपको आमंत्रित किया गया था और उन्हेंउसके अध्यक्ष मंडलमें स्थान दियागया। 1921 में वे मास्को के प्राच्य विश्वविद्यालय के अध्यक्ष नियुक्तकिए गए। 1921 से 1928 के बीचउन्होंनेकईपत्रों का संपादन किया, जिनमें 'वानगार्ड' और 'मासेज' मुख्य थे।सन् 1927 ई. मेंचीनीक्रांति के समय आपको वहाँ भेजा गया किंतु आपके स्वतंत्र विचारों से वहाँ के नेता सहमत न हो सके और मतभेद उत्पन्न हो गया। रूसी नेता इस पर आप से क्रुद्ध हो गए औरस्टालिन के राजनीतिक कोप का आप को शिकार बनना पड़ा।विदेशों में आप की हत्या का कुचक्रचला। जर्मनी में आप को विष देने की चेष्टा की गई पर सौभाग्य से आप बच गए।

इधर देश में आपकी क्रांतिकारी गतिविधि के कारण आपकी अनुपस्थितिमेंकानपुर षड्यंत्र का मुकदमा चलाया गया। ब्रिटिश सरकार के गुप्तचर आप पर कड़ीनजर रखेहुए थे, फिरभी 1930 मेंआपगुप्त रूप से भारतलौटनेमेंसफलहोगए। मुंबई आकर आप डाक्टरमहमूद के नाम से

राजनीतिकगतिविधि मेंभाग लेनेलगे। 1931 में आपगिरफ्तारकरलिए गए। छह वर्षों तक कारावास जीवन बिताने पर 20 नवम्बर 1936 को आप जेल से मुक्त किए गए। कांग्रेस की नीतियों से आपका मतभेद हो गया था। ये गांधी के अनुनय और विनय के सिद्धान्त से असहमत थे।क्योंकि आपके सोचने और समझने की चिन्तन प्रक्रिया भिन्न थी और आप राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने की चाह थी अतः आप नेरेडिकल डिमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना की ताकि अपनी शैली मेंराष्ट्र को नये शिखर पर ले जा सके। इनका जीवन सतत् संघर्ष और प्रयास का एक जीवन्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। सक्रिय राजनीति से अवकाश ग्रहण कर आप जीवन के अंतिम दिनों में देहरादून में रहने लगे और यहीं 25 जनवरी 1954 को आपका निधनहुआ।

12.2 दर्शन का कार्यःदर्शनमानवजातिकोप्राप्त एक अमूल्य निधि है। यह न तोकिसी एक व्यक्ति, जाति या समुदाय, न हीकिसीदैवीय सत्ता की देनहैअपितु यह समस्तमानवजाति की उच्चतमबौद्धिक प्रक्रिया की सृष्टिहैजोमानव के सुख–शान्तिऔरकल्याणकोप्रथामिकताप्रदानकरतीहै।

एम.एन. राय पूर्णतः प्रखरवक्ता, राजनीति के मर्मज्ञऔर स्वतंत्र चिन्तन के उपासकरहेहैं।उनकीदार्शनिक शैलीमेंभौतिकवादतथानिरीश्वरवाद के दर्शनहोतेहैं।उनका मत थाकिसम्पूर्णजगत की व्याख्या भौतिकवाद के आधारपर की जासकतीहै।इसकेनिमित्तकिसीअतिन्द्रिय सत्ता या ईश्वरजैसीकोई शक्ति के अस्तित्वकोस्वीकारकरने की कोईआवश्यकतानहींहै।हमबौद्धिक प्राणी हैं, अन्य जीवों की भाँति न तोहमसीमितसाधन, न हीसीमित क्षमतावालेहैं। यदि ऐसाहोतातबहमेंअतिन्द्रिय सत्ताओं या ईश्वरजैसी शक्ति के आश्रितरहनापड़ताजोकिनहींहैऔर यदिहमअबभी उस सत्ता की कल्पनाकरतेहैं एवंउसकेसहारेअपने जीवन औरदर्शनकोआगे की ओरलेजानाचाहतेहैंतो यह स्वंय अपनेकोसीमितकरनाऔरबन्धनोंमें बाँधनाहोगा।बेहदहीआसनतरीके से प्राकृतिक घटनाओं के समुचितप्रेक्षणतथासूक्ष्म विश्लेषण द्वाराहीसम्पूर्णवास्तविकतथ्योंऔरकारणोंको समझा जासकताहै।ग्रीकदार्शनिकथेलीस की भाँति एम.एन. राय भीकहतेहैंकिविश्व का मूलतत्त्वभौतिकद्रव्य अथवापुद्गलहैतथासभीवस्तुएँ इसीपुद्गल के अन्तर्गत रूपान्तरितहैं, जोनिश्चितप्राकृतिकनियमों के द्वारानियन्त्रित होतीहैं।जगत के मूलआधार इस पुद्गल के अतिरिक्तअन्य किसीवस्तु की अन्तिमसत्तानहींहैं।राय,चार्वाकों की तरहहीमानवीय प्रत्यक्ष कोसम्पूर्णज्ञान का मूलआधारस्वीकार्यकरतेहैं। इस सम्बन्ध मेंवेकहतेहैंकि ''मनुष्य द्वाराजिसवस्तु का प्रत्यक्ष सम्भवहै, वास्तवमें, उसी का अस्तित्वहैऔरमानव के लिए जिसवस्तु का प्रत्यक्ष ज्ञानसम्भवनहींहै, उसकाअस्तित्वभीनहींहै।"राय के अनुसार, सम्पूर्णब्रह्माण्डभौतिकपरमाणुओं के संघात का परिणामहै, जिसकाकोईसृजनकर्त्ता या रचनाकारनहींहै।

वैज्ञानिकविचारधाराविश्व के सृजनकर्त्ता के रूपमेंसर्वशक्तिमानईश्वर की प्राकल्पना का समर्थननहींकरती।इसीप्रकार शरीर से पृथक् तथास्वतन्त्र आत्मा की प्राकल्पनाभीनिराधारहै, क्योंकि प्राणी की मृत्यु के पश्चात् उसकाकुछभी शेषनहींरहता, जिसेआत्माकहाजाए, वह मात्र प्राणी की चेतनाहै, जोभौतिकपरमाणुओं के संघात से हीउत्पन्नहोतीहै। इस प्रकारराय ईश्वर की सत्ता के साथ–साथआत्मा की सत्तातथाअमरता का भी खण्डनकरतेहैं।

वेचावार्कों की भाँतिपुनर्जन्म के सिद्धान्तकोभीअस्वीकारकियाहै।वेपुनर्जन्म के सिद्धान्तकोप्रशासकवर्ग के पुरोहितों की कल्पनामानतेहैं, जोसमाजमेंउनकीउच्चस्थितिकोबनाए रखने के लिए ही की गईहै।उनकाविचारहैकिपुनर्जन्म का सिद्धान्तसमाजमेंनियतिवाद एवंभाग्यवादकोप्रश्रय प्रदानकरताहै, जोमनुष्य कोजड़, निष्क्रिय तथाकर्तव्यहीनबनादेताहै।भौतिकवाद की सुदृढ़ परम्परा का उल्लेख करतेहुए राय कहतेहैंकिभौतिकवादीविचारधाराउतनीहीप्राचीनहै, जितनास्वयंमानवीय चिन्तन।हमारेवेदों एवंउपनिषदोंमेंभीभौतिकवाद के मूलतत्त्वविद्यमानहैं, अपने इस मत की पुष्टि के लिए राय 'उपनिषद् सूत्र–2' से निम्नलिखितवाक्य को उद्धृत करतेहैं ''कोईअवतारनहींहोता, न ईश्वरहै, न स्वर्गऔर न नरक, समस्तपारम्परिक धर्मशास्त्र का साहित्य दम्भीमूर्खों की कृतिहै।"

राय कहतेहैंकिवर्तमान युगमेंमनुष्य की महानवैज्ञानिकप्रगतिभीइसीविचारधारा की पुष्टिकरतीहै।उन्होंनेभौतिकवाद के विरुद्ध आध्यात्मिकदार्शनिकों के आरोपों का दृढ़तापूर्वक खण्डनकियाहै।उनका मत हैकिभौतिकवादीदर्शन 'खाओ, पियोऔरमौजकरो' का दर्शननहींहैजैसाकिइसकेविरोधीइसकाउपहासकरतेहुए प्रायः कहाकरतेहैं।यद्यपि यह सत्य हैकिभौतिकवाद,पारलौकिक जीवन के काल्पनिकसुख के लिए वर्तमान जीवन के स्पष्टऔरवास्तविकसुख के परित्याग का समर्थननहींकरता, किन्तुउसका यह अर्थनहींहैकिवहमनुष्य कोआत्मकेन्द्रिततथास्वार्थीहोजाने के लिए प्रेरितकरताहै।वस्तुतः भौतिकवादीदर्शनमनुष्य के सद्गुणमेंकोई बाधा नहींडालता।अतः राय अध्यात्मवादियों के आरोपोंकोनिराधारबतातेहुए इसका खण्डनकरतेहैं।

सामान्यतः यह मानाजाताहैकि अध्यात्मवादीदर्शन,आदर्शों का दर्शनहै।किन्तु अध्यात्मवादऔरआदर्श के अर्थभिन्न–भिन्नहैं। अध्यात्मवाद का व्यावहारिक अध्यात्मवाद से कोईसंबंध नहींहै।दार्शनिकभौतिकवादसबसेबड़ाव्यावहारिकआदर्शवादहै।' ऐसेसंसार का निर्माणकरनाजिसमेंमनुष्य सुख, शान्ति, स्वतंत्रताऔरसमृद्धि के साथजीवन व्यतीतकरसके, जिसमेंमनुष्य के समक्ष विकासऔरप्रगति की अनंतसंभावनाएँ हो,इससे बढ़करऊँचाआदर्शऔरक्याहोसकताहै? मनुष्य को उस लक्ष्य तकपहुँचने के लिए भौतिकवादीबड़ा से बड़ाबलिदानकरनेकोतैयाररहताहै।एम.एन. राय का प्रश्नबड़ाहीमार्मिकतथाव्यंजनात्मकहैः कौनअधिकआध्यात्मिकअथवाआदर्शवादीहै? घातकरोगों का निदानढूँढने के लिए अपने जीवन को खतरेमेंडालनेवालानिरीश्वरवादीवैज्ञानिकअथवाअपनीमूल्यवानआत्मा की रक्षा

मेंअपनेआपहीमेंसंकुचितपवित्र संन्यासीतथा धार्मिकअनुभूतिमेंमोक्षकामीआत्म–तुष्टव्यक्ति? कौन अध्यात्मवाद के प्रतिअधिकईमानदारहै?मानव–स्वातन्त्रता के लिए पीड़ा, अभियोग, भूख औरमृत्यु का साहसपूर्णसामनाकरनेवालाक्रांतिकारीनास्तिकअथवासुखासीनबुर्जुआऔर उनके गुर्गे, जोउच्चआदशों का कपटपूर्णनारालगातेहैंजिनसेदासता, दरिद्रता, अज्ञान, अनैतिकतातथापतन का सामाजिकतंत्र औरमजबूतहोताहै ?

भौतिकवादीदार्शनिकव्यावहारिक आदर्शवाद का विरोधीनहींहै।वस्तुतः हीउसकामनसाऔरकर्मणापालनकरताहै।आदर्शहीभौतिकवादी के जीवन की प्रेरक शक्तिहै, व्यवहारिकआदर्शवादउसकेलिए स्वाभाविकहै । वह, आदर्शों (आइडिल्स) के लिए हीजीताहै। उन आदर्शोंकोवास्तविकबनाने का प्रयासउसक लिए एक सुखदप्रक्रियाहै।उसकाआदर्शवादविवशता का अध्यात्मवादनहींहै। अध्यात्मवादियों की स्थितिठीकइसकेविपरीतहै।वेस्वभावतः आध्यात्मिकनहींहैं, कोईबाह्य शक्ति, जैसेईश्वर, उन्हें ऐसाहोने के लिए विवशकरतीहै।मनुष्य के आध्यात्मिकस्वरूप के ठेकेदारमनुष्य की आध्यात्मिकऔरनैतिकमहानतामेंविश्वासनहींकरते।मनुष्य में स्वतः नैतिकबनने की क्षमताहोतीहैउसकेलिएईश्वर के निर्देशनऔरप्रेरणा की जरूरत नहींहै।राय के अनुसारराधाकृष्णन् के निम्नलिखितवाक्य इसीबात की पुष्टिकरतेहैं।"हमारीनैतिकअनुभूतिसर्वोच्चअनुभूतिनहींहै। धार्मिकअनुभूति धार्मिकआश्वासन के बिनानैतिक जीवन का कोईअर्थउससेपरेहैनहींहैऔरनैतिकसंघर्षप्रेरणाहीनहै।''

भौतिकवादक्रांति का दर्शनहै।क्रांतिमानव–विकास की प्रक्रियामेंअंतर्निहितहै।अतएवभौतिकवादीदर्शनसभी युगोंमें एक अनिवार्यदर्शनरहाहै। इस दर्शन के अनुसारज्ञान की उत्पत्ति ध्यानअथवाचिंतन' से नहींअपितुक्रिया से होतीहै। ''दार्शनिकों ने जगत् की विभिन्नविधियों से व्याख्या की है, किन्तुवास्तविकसमस्याउसेबदलनाहै।'' जगत–परिवर्तन की निरंतरप्रक्रियामेंहीमानव–ज्ञान की अनंतवृद्धि होतीहैऔरप्रत्येककाल का ज्ञान इस नातेमूल्यवानहोताहैकिउससेमनुष्य कोजगत–परिवर्तन की प्रक्रियामेंसहायतामिलतीहै।भौतिकवादवस्तुओं का चिंतन न करकेउनकी खोजकरताहै।मानवीय ज्ञानकोसीमितमानना शर्मनाकअज्ञान का सिद्धांतहै।विज्ञानतथामनुष्य की सच्चीआध्यात्मिक स्वतंत्रता के शत्रुओं ने ईश्वर, आस्था, तत्त्वमीमांसा, धर्मआदि का सहारालेकरमानवीय ज्ञान की सीमितताको एक सम्मानितसिद्धांत का रूपदेनाचाहा।भौतिकवादीदर्शनमानवीय अनुभव के समीक्षात्मकपरीक्षणपरआधारितहै। यह शाश्वत् अज्ञान के सिद्धांत का निराकरणकरताहै,अतीन्द्रिय कोटियोंको मात्र कपोलकल्पनामानताहैतथामानव–बुद्धि की कल्पितसीमाओंकोतोड़करउसकीआत्माको स्वतंत्र करताहै। निरपेक्ष, अपरिवर्तनीय, प्रागनुभविकआदि की तत्त्वमीमांसीय धारणाओं से स्वतंत्र होकरमनुष्य परंपरा की जंजीरोंकोतोड़नेमेंसमर्थहोताहै।कुछभीअनुल्लंघ्य अथवा शाश्वत् एवंस्थायीनहींहै।परिवर्तनशीलतावस्तुओं का स्वभावहै।हेराक्लाइट्स के शब्दोंमें

''परिवर्तनहीस्थायित्व का अर्थहै।'' भौतिकवादीदर्शनमनुष्य कोसंसारमेंपरिवर्तनलाने के लिए प्रेरितकरताहैऔरउसीप्रक्रियामेंस्वयंमनुष्य मेंभीपरिवर्तनआतेहैं।

भौतिकवाद एक दर्शनतंत्र है। यह हठमतनहींहै। यह प्रकृति,इतिहासतथासमाज, संक्षेपमें, जीवन के सभीपक्षों के अध्ययन की पद्धतिहै।ज्ञान का अर्जन एक निरंतरप्रक्रियाहै, संपूर्णऔरअंतिमज्ञान का कोईदर्शनतंत्र नहींहोता।दर्शनकिसीव्यक्तिअथवासमुदाय की देननहींहै।वहसमस्तमानवजाति की उच्चतमआध्यात्मिकसृष्टिहै।

12.3 सारांशः अन्ततः हम कह सकतेहैंकि एम.एन. राय के अनुसारदर्शन का कार्यमनुष्य कोउसकीवास्तविक शक्तिऔरसामर्थ से परिचितकरनाहै।मानव स्वंय मेंसर्वशक्तिमान एवंसर्वज्ञहै बस आवश्यकताहैतो स्वंय कोपहचाननेकी। अद्वैतवेदान्तमें शंकराचार्य का 'अहंब्रह्मस्मि' कहें या गौतमबुद्ध का 'आत्मदीपोभवः', ये दोनोंहीवाक्य मानवकोउसकीपूर्णताऔरसामर्थ का बोध करातेहैं।मानवईश्वर, आत्माऔरअतिन्द्रिय सत्ताओं के फेरमेंआकर स्वंय को समझनहींपाताहै, वहसमुद्र के समानगहरा, पर्वतों से ज्यादा दृढ़ औरआकाश से भीज्यादाऊँचाहै।जहाँ उसेबौद्धिकता, कर्मठताऔरज्ञान का उपासकहोनाचाहिए, वहींवहबाह्यआडंबरों, रूढ़िवादियोंऔरपरम्पराओं का दासहो स्वंय का नाशकरताहै।राय स्पष्ट रूपमेंकहतेहैंकिमानव एक विवेकशील प्राणी है, जोअपनेभाग्य का स्वंय निर्माताहै।

13.4 शब्दावलीः राजनीतिकसिद्धान्तकार, समाजसेवी, अध्ययात्मवाद, भौतिकतवाद, स्वतंत्रता, अहंब्रह्मस्मि,आत्मदीपोभवः,स्वाधीनता, अतिन्द्रिय सत्ता, ईश्वर, साक्षात्कार, विकेन्द्रीकरण, वैचारिकता, जन्मजातप्रवृत्तियाँ,कन्फ्यूशियस, बाधिसत्व, राजनीतिकचिन्तक, विचारधारा, प्रासंगिकता,व्यवहारिकआदर्शवाद,अन्धविश्वास,रूढ़िवाद, आडंबर,औरपरम्राओं।

13.5प्रश्नावलीः

- एम. एन. राय का परिचय प्रदानकरें?
- एम.एन. राय के अनुसारदर्शन के क्याकार्यहैं?
- एम.एन. राय का दर्शनआज के दौरमेंकितनाप्रासंगिकहै? व्याख्या कीजिए।

13.6सन्दर्भग्रन्थः

1. दीक्षित, चन्द्रोदय, मानववादीविचारः एम.एन. राय, लोकभारतीप्रकाशन, नईदिल्ली, 2007.
2. पाण्डेय, ऋषिकान्त, ''दार्शनिकविमर्श'', श्रीभुवनेश्वरीविद्याप्रतिष्ठान, इलाहाबाद, सितम्बर, 2007
3. सक्सेना, लक्ष्मी, ''समकालीनभारतीय दर्शन'', उत्तरप्रदेशहिन्दीसंस्थान, लखनऊ, 2016

4. शर्मा, बी.एम., शर्मा, राम कृष्ण दत्त एवं शर्मा, सविता, भारतीय राजनीतिकविचारक, रावतप्रकाशन, जयपुर
5. राय, एम.एन., बियोन्डकम्यूनिज्मटूह्यूमेनिज्म
6. https://en.wikipedia.org/wiki/M._N._Roy
7. https://www.jstor.org/stable/41856152

इकाई–11

नव मानववाद

इकाई की रूपरेखा

11.0 उद्देश्य

11.1 प्रस्तावना

11.2 नवमानववाद

11.3 मानववाद और मानवतावाद में अन्तर

11.4 सारांश

11.5 शब्दावली

11.6 प्रश्नावली

11.7 सन्दर्भग्रन्थ

.....00.....

11.0 उद्देश्यः

प्रस्तुत इकाई का उद्देश्य आपको मानवेन्द्र नाथ राय के 'नवमानवतावाद' के सन्दर्भ में उनके विचारों से अवगत करानाहै। इस इकाई के पूर्ण होने पर आप निम्नलिखित तथ्यों से परिचित हो पायेंगे–

- एम. एन. राय के नवमानववाद के सिद्धान्त से परिचित हो पायेंगे।
- मानवतावाद के सिद्धान्त से परिचितहोपायेंगे।
- मानवतावाद और नवमानववाद के मध्य विभेदों से अवगतहोंगे।
- समकालीन समय में एम.एन. राय के नवमानववाद की प्रासंगिकता को समझ पायेंगे।

11.1 प्रस्तावनाः

एम.एन. राय समकालीन दार्शनिक परम्परा में एक आदर्श मानववादी चिन्तक के रूपमें ख्याति प्राप्तहै। उनका व्यक्तित्व मानो एक सार्वभौम और समग्र व्यक्ति का प्रकाशन है जिसके संपर्क में आने पर साधारण से साधारण व्यक्ति को भी जीवन की सार्थकता, उसके मूल्य एवं सौंदर्य का बोध होताहै। जीवन से दुःखी और निराश व्यक्ति भी उनके संपर्कमेंआकरसुख एवं शान्ति की अनुभूति प्राप्त करता है। उनके चिन्तन के केन्द्र में मानव एवंमानव वादीविचारधारा प्रथम सोपान पर एवं समाज व सामाजिक मान्यताएं द्वितीय स्थान पर आतीहैं।

मानववादी विचार का केन्द्रव्यक्ति और उसकी स्वतंत्रता है।राय अपने मानववाद में व्यक्तिगत स्वतंत्रता को केन्द्रीय स्थान प्रदान करते हुए लिखते हैं कि "नवमानववाद का आदर्श, वर्ग या समाज (राष्ट्र) नहीं है, बल्कि इसका सम्बन्ध मनुष्य से है।इसमें स्वतंत्रता एवं स्वाधीनता का तात्पर्यव्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं स्वाधीनता से है।" इस प्रकार राय के दर्शन में "व्यक्ति और उसकी स्वतंत्रता साध्य है तथा सामाजिक संगठन इस के साधन। जहाँ व्यक्ति के बौद्धिक, मानसिक, नैतिक, राजनीतिक एवं सामाजिक इन सभी पक्षोंमें आमूल चूल परिवर्तन की बात की जातीहै।इसमें न तोराष्ट्रवाद की भावना का समावेश होगा और न ही रंगभेद का, न जाति का, न वर्ग का, समाजका।

यदि दर्शन सिर्फ सिद्धान्तों और कल्पनाओं के स्तर पर होगा तो वह कभी–भी मनुष्य के व्यावहारिक और समाजिक समस्याओं को भली–भांति न समझ पायेगा न ही उसका समाधान कर पायेगा। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसके जीवन से सम्बन्धित सभी पहलूपूर्णतः व्यवाहारिक हैं और यदि हम उसका समधान किसी अदृश्य जगत या अदृश्य शक्ति से करेंगे, तब हम कभी–भी सफल नहीं हो सकेंगे। जीवन की व्यावहारिक समस्याओं का समाधान कोई सिद्धान्त या कल्पना नहीं कर सकती है, इसके लिए हमें इसके व्यावहारिक समाधान की ओर ही देखना होगा और यह व्यावहारिक समाधान नव–मानववाद ही प्रदान करता है।

11.2 नवमानवतावाद :

राय के **नवमानववाद** (New Humanism) को 'वैज्ञानिक मानववाद (Scientific Humanism)', 'उग्रमानववाद' या आमूल परिवर्तनवादी मानववाद (Radical Humanism), एवं 'पूर्णमानवतावाद' (Absolute Humanism) की संज्ञा प्रदान की गई है। राय के नवमानववाद का उद्देश्य मूल्यों की प्रधानता एवं शाश्वत स्वतन्त्रता के लिए आग्रह करना है। इन्होंने कहा है कि लोकतन्त्र तभी प्रभावकारी होगा, जब व्यक्ति आध्यात्मिक रूप से स्वतन्त्र सार्वजनिक मामलों के आचरण को मानेंगे और इनकी दृष्टि किसी भी स्तर पर न्यायपरक, मानव परक और व्यवहारिक होगी।

राय के अनुसार, अज्ञान की स्थितिमें मनुष्य अन्धविश्वासों में फँस जाता है तथा अलौकिक शक्तियों में विश्वास करते हुए स्वयं को विवश महसूस करता है, जिससे उसकी रचनात्मक और सृजनात्मक शक्तियाँ कुण्ठित हो जाती हैं, जबकि ज्ञान और विज्ञान मनुष्य को इन निराधार विश्वासों से मुक्ति प्रदान करतेहैं। सामान्य तौर पर जो मनुष्य ज्ञान और विज्ञान की समझ रखता है वह न सिर्फ अन्धविश्वासों, दुराग्रहों और कुण्ठाओं से मुक्त रहता हैअपितुवह जीवन को सही मायनेमेंजीताहै क्योंकि अन्धविश्वाओं और रूढ़ि वादिता में फंसकर मनुष्य न सिर्फअपना अपितु सम्पूर्ण मानवजाति को खतरे में डालता है।

राय ने विज्ञान के ज्ञान के विषय में कहा है कि आधुनिक समय में विज्ञान ने प्राचीन रूढ़िबद्धता, निराधार विचारों एवं अन्धविश्वासों को चुनौती दी है। जीवन को देखने और समझने का नया नजरिया प्रदान किया है, यह मानवको एक ऐसे समाधान प्रदान करता है जो सामान्य से सामान्य मानव को बहुत ही सहज और सरल तरीके से समझ में आ जाता है। राय का यह मानना है कि विज्ञान के ज्ञान की कोई सीमा नहीं है। अतः मनुष्य के भविष्य की कोई निश्चित व्याख्या नहीं की जा सकती।

अग्रतर बढ़ते हुए मानवेन्द्रनाथराय ने मूल्यों की प्रधानता एवं शाश्वत स्वतन्त्रता के लिए आग्रह किया है। मानव ज्ञान की ओर तभी अग्रसर होगा जब वह स्वतंत्र चिन्तन–मनन करेगा। नवमानववाद में ईश्वर अथवा किसी अन्य दैवीय शक्ति को कोई स्थान नहीं दिया है। उन्होंने कहा हैकि मनुष्य के लिए यह समझ लेना आवश्यक है किअपने सुख–दुःख के लिए वह स्वयं उत्तरदायी है। वह स्वयं अपने भाग्य का निर्माता है, इसमें कोई दैवीय शक्ति आपकी सहायता नहीं करती। यदिकोई ऐसा सोचता है कि ईश्वर उसके कष्टों एवं पीड़ा कोहरलेंगे या वहींउसकेकष्टों एवंपीड़ा के कारक हैं तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है।राय के अनुसार, "मानववादस्वतन्त्रता के प्रयोग की अनन्तसम्भावनाओंमेंआस्था रखतेहुए उसेकिसी ऐसीविचारधारा के साथनहीं बाँधनाचाहता, जोकिसीपूर्व–निर्धारित लक्ष्य की सिद्धि कोहीउसके जीवन का ध्येय मानतीहै।'' राय ने मानवविकास के सिद्धान्तों में विश्वास करते हुए यह तर्क दिया हैकिस्वय मनुष्य का अस्तित्व भौतिकसृष्टि के विकास का परिणामहै।भौतिकसृष्टिस्वयंमेंनिश्चित नियमों से बँधी हुई है, इसलिए इसमें सुसंगति पाई जातीहै। इस सृष्टिका सृजनकर्ता एवंविनाशकर्ता स्वंय मानव ही है न कि कोई अतिन्द्रिय या दैवीसत्ता।

मानव के अस्तित्व में यह सुसंगति तर्कशक्ति के रूप में सार्थक होती है।मनुष्य का विवेक भौतिकजगत मेंव्याप्त सुसंगति की ही प्रतिध्वनिहै। यह मनुष्य के जीव वैज्ञानिक विकास की परिणिति है। अपने विवेक से प्रेरित होकर मनुष्य जिन सामाजिक सम्बन्धों का निर्माण करता है, उनमें भी वे ऐसी सुसंगति लाने का प्रयास करते हैं, जो नैतिकता के रूप में व्यक्त होती हैं। राय कहते हैं कि आज देश में जो संघर्ष, निर्धनता, बेरोजगारी एवं अविश्वास व्याप्त है, उनका प्रमुख कारण संकुचित राष्ट्रीयता की भावना है।

विश्व में एकता और शान्ति तभी स्थापित हो सकती है, जब हम केवल अपने देश के हित की दृष्टि से हीनहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवजाति के हित की दृष्टि से सामाजिक, आर्थिक एवंराजनैतिकचिन्ताओंपरविचारकरेंगे।राय मानतेहैंकि वर्तमान समय में संकुचित विचारधारा से कोई लाभ नहींहै, क्योंकि उस के अनुसार किया गया आचरण मानव जाति के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। यही कारण है कि उन्होंने मानववादी विचारधारा को विशेष महत्त्व दिया है तथा उग्रमानववाद एवं वैज्ञानिक मानववाद की संज्ञा दी है। उनके अनुसार सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतु मानववादी दर्शन ही सहायक सिद्ध हो सकताहै।

11.3 मानववाद और मानवतावाद मेंभेद:

प्रश्न उठता है कि मानववाद क्याहै? मानवतावाद क्याहै? क्या दोनों एक ही हैं या इनमेंकोईभिन्नताभीहै। मानववाद एक प्रकार का मानव केन्द्रित दर्शनहै, जिसके अनुसार मानवीय हित ही सर्वोपरि है।लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं है कि इसके अन्तर्गत एक मात्र मानव का ही अस्तित्व है। निस्संदेह मनुष्य के अतिरिक्तअन्य का भी अस्तित्व है लेकिन मानववाद, मानव को केन्द्रीय स्थान प्रदान करता है क्योंकि मनुष्य ही मूल्यों का स्त्रोत है।

मानववाद मनुष्य के हतों का समाधान धाार्मिक विश्वासों की अपेक्षा, तर्कबुद्धि के आधारपर करना चाहता है। विद्वान फिंगरहीआर्थ अपनी पुस्तक' मानववाद के परिचय' में लिखते हैं कि ''मानववाद वह विचारधारा है जो मानव को केन्द में रखती है। यह मानवहित, मानव–कल्याण, मानव–गरिमा एवं मानवीय मूल्यों को सामने रख कर चलती है। इसमें तर्क बुद्धि को महत्व दिया जाता है। कुछ मानववादी अपने को बुद्धिवादी भी कहते हैं। पुनश्च, वे लिखते हैं कि मानववाद ईश्वर के स्थान पर मानव पर ध्यान केन्द्रित करता है। इसमें मनुष्य की स्वायत्तातापर बल दिया जाता है अर्थात् मनुष्य किसी अतिप्राकृतिक शक्ति पर निर्भर नहीं हैं। वह अपने भाग्य का निर्माता स्वंय है। इस अर्थमें 'मानववाद, धर्मनिरपेक्षता के समतुल्य है। मानववाद (Humanism), मानवतावाद (Humantarianism) से निम्नलिखित रूपों में भिन्न है–

- मानवतावाद ईश्वर को केन्द्र में रखते हुए मानवीय कल्याण एवं उसके उत्थान की बात करता है, जबकि मानववाद मनुष्य को ही सर्वशक्तिमान मानकर उसकी सेवा को परम धर्ममानता है।
- मानवतावाद एक प्रकार का नियतिवादी एवं भाग्यवादी दर्शन है, जबकि मानववाद मानव को ही अपनाभाग्य विधाता मानता है।
- मानवतावाद के अनुसार ईश्वर हीमूल्यों का अन्तिम स्रोत है, जबकि मानववाद के अनुसार मनुष्य ही मूल्यों का स्रोतहै, न कि ईश्वर। मानववाद वैज्ञानिक दृष्टिकोण है, क्योंकि यह बौद्धिकता पर आधारित है, जबकि मानवतावाद धार्मिक या आध्यात्मिक दृष्टिकोण पर आधारित है, क्योंकि यह मूलतः आस्था पर आधृत है।

- मानवतावाद का केन्द्र सभी प्राणी (All human being) हैं, जबकि मानववाद का केन्द्र केवल मनुष्य है।
- मानवतावादियों का उद्देश्य ईश्वर–साक्षात्कार है, जबकि मानववादी ईश्वर की सत्ता का ही निषेध करते हैं।

मानववादी अवधारणा की शुरुआत ग्रीकदार्शनिक प्रोटागोरस के दर्शन से होती है, जब वह कहता है कि 'मनुष्य ही सभी वस्तुओं का मापदण्ड है' (Man is the measure of all things). यही मानववाद की मूल संकल्पना है। इसी प्रकार मार्क्सभी कहता है कि 'मनुष्य मानवता की जड़ है' (Man is the root of mankind)। भारतीय परम्परा में चार्वाकों एवं बौद्धों ने भी मानववाद का प्रतिपादन कियाहै। महात्माबुद्ध ईश्वर को नहीं मानते, क्योंकि ईश्वर को नित्य एवं पूर्ण होने के साथ–साथ जगत का स्रष्टा भी माना जाता है।

यदि ईश्वर नित्य है तो जगत में भी नित्यता होनी चाहिए, जबकि जगत प्रवाहशील है। अतः इस परिवर्तनशील जगत का कारण ईश्वर नहीं हो सकता। दूसरा, यदि ईश्वर सर्वशक्तिमान है, तब जगतमें दुःख क्योंहै? क्या ईश्वर दुःखों को दूर नहीं कर सकता? इसी कारण वे ईश्वर का निषेध करतेहुए 'बहुजनहिताय, बहुजन सुखाय'' का उपदेश देते हैं, जो कालांतर में महायान दर्शन में 'बोधिसत्व की अवधारणा के रूप में विकसित हुआ। इसके अतिरिक्त चीन में कन्फ्यूशियस, पाश्चात्य दर्शन में ऑगस्तकाम्टे, जॉनडीवी, एरिकफ्रॉम, हर्बर्टस्पेंसर, जॉनहास्पर्स, बी०रसेल, मार्क्स एवंजे०पी० सार्त्रप्रभृति के दर्शनमें भीमानववादी अवधारणा निहित है।

आधुनिक भारतीय परम्परा में मानववाद के अग्रदूत के रूप में एम० एन० राय को जाना जाता है। जिन्होंने अपनी पुस्तक 'न्यूह्यूमेनिज्म' में नवमानव वाद की स्थापना की है। जिसका स्पष्ट रूप 'रेडिकलडेमोक्रेटिकपार्टी' के २२ प्रस्तावों में नहित है। जिसमें निम्न प्रमुख हैं–

- मनुष्य समाज का आदर्शहै, क्योंकि वह अस्तित्व एवं महत्व की दृष्टि से समाज से पहलेहै। यहीनहींमनुष्य हीसभीचीजों का मापदण्ड है और वही प्रत्येक दृष्टि से मूल्यों का निर्माताहै।
- व्यक्तिवास्तविक इकाई है, समाज नहीं। किसी भी प्रकार का अनुभव व्यक्ति को ही होताहै, समाजको नहीं।
- यद्यपि समाजव्यक्ति की भलाई के लिए है, तथापि व्यक्तियों में आपसी सहयोग से हीव्यक्ति की उन्नति सम्भव हो पाती है।
- 'स्वतंत्रता की खोज' तथा 'सत्य का अन्वेषण', ये मनुष्य की जन्मजात प्रवृतियाँ हैं।
- व्यक्ति की स्वतंत्रता की किसी भी स्थिति में बलि नहीं चढ़ाई जानी चाहिए।
- ईश्वर, आत्मा जैसी अतीन्द्रिय सत्ताओं एवं पुनर्जन्म में विश्वास एक प्रकार की धर्मान्धता है।

- मनुष्य की आर्थिक व्याख्या महत्वपूर्ण होते हुए भी अपूर्ण है, क्योंकि इस के अतिरिक्त कई अन्य महत्वपूर्ण तत्वहैं, जो व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करते हैं।
- आर्थिक समानता के साथ–साथ राजनीतिक समानता भी समाज में होनी चाहिए। एतदर्थ, सत्ता का विकेन्द्रीकरण आवश्यक है। इसके लिए संगठित प्रजातंत्र (Organised Democracy) का विकास व्यक्तिगत स्तर तक होना चाहिए। जिससे सभी प्रकार की तानाशाही का अंत हो सके।
- सभी प्रकार के शोषण एवं दमन का अंत होना चाहिए, तभी व्यक्ति की जन्मजात क्षमताओं का पूर्ण विकास हो सकता है।
- नैतिकता, मानवसमाज का एक आवश्यक पहलू है, जो बौद्धिकता पर आधारित है।
- मनुष्य इतिहास का निर्माता है और उसमें इतनी सामर्थ्य है कि वह आज के विश्व को बदल कर नूतन विश्व की स्थापना कर सकता है।
- सामाजिकशिक्षा हीक्रांति का उचितमार्गहै, न किहिंसा एवं रक्तपात ।
- धर्म–निरपेक्ष व्यक्तियों के संगठित प्रयत्नों से एक ऐसे विश्व का निर्माण किया जा सकता है, जहाँ व्यक्ति अधिकाधिक स्वतंत्रता का अनुभव कर सकेगा।
- साध्य के साथ–साथ साधन शुद्धता का होना आवश्यक है।
- हमारा दृष्टिकोण वैज्ञानिक होना चाहिए, जिससे हम वास्तविकता की तह तक पहुँच सकें।

11.4 सारांशः अतः हम कह सकते हैं कि एम.एन. राय का नवमानववादवहसिद्धान्तहैजोमनुष्य कोअपनेभाग्य का निर्माता बनताहै। इस वाद में न तो राष्ट्रवाद की भावना का समावेश है और न हीरंग भेद का। उन्होंने विचारोंमें मानव की व्यक्तिगत स्वतन्त्रताको सर्वोपरि माना। एम.एन. राय के अनुसार, व्यक्ति की तर्कशक्ति उसके ज्ञान के विस्तार के साथ जुड़ी है।अतः जहाँ अज्ञान की सीमाएं टूटती हैं, वहाँ वह नईजीवन–पद्धति की तलाशकरताहै। यही तलाश उसकी स्वतंत्रता को सार्थक करती है।अतः मनुष्य की स्वतंत्रताज्ञान के विस्तार के साथ–साथ अपनी आकांक्षाओं के विस्तार में निहित है। राय का नव–मानववाद 'मनुष्य' को संपूर्ण सृष्टि की धुरी मानताहै, ठीक उसी प्रकार जैसे सूर्य सभी ग्रहों की धुरीहै।वह शुद्ध 'मनुष्य' को मान्यता देता है–ऐसे मनुष्य को नहीं जो किसी 'वर्ग', 'राष्ट्र','समाज', 'देश', 'धर्म', 'जाति', 'पंथ' या अन्य प्रकार के सीमित समूह के पूर्व–निर्धारित लक्ष्य के साथ बँधा हो। स्वतंत्र मनुष्य अपनी सहज–स्वाभाविक तर्कशक्ति से प्रेरित होकर अपनी सामान्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए परस्पर सहयोग के सम्बन्ध में बंध जाते हैं। संक्षेप में, राय ज्ञान के अनंत विस्तार और मानव–विकास की अनंत संभावनाओं के प्रति आशावान हैं। चूंकि इस विकास की कोई सीमा नहीं है, इसलिए हमारे वर्तमान ज्ञान के आधार पर इसका कोई पूर्व–निर्धारित लक्ष्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। स्वतंत्रता की पहली शर्त वर्तमान बंधनों का तोड़ना है। मानवेन्द्रनाथ राय का आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन में विशिष्ट स्थान है।राय का राजनीतिक चिंतन लम्बी वैचारिक यात्रा का परिणाम है। वे किसी

विचारधारा से बंधे हुए नहीं रहे। उन्होंने विचारों की भौतिकवादी आधार भूमि और मानव के अस्तित्व के नैतिक प्रयोजनों के मध्य समन्वय करना आवश्यक समझा।

11.5 शब्दावली: नवमानववाद, मानवतावाद, भौतिकतवाद, स्वतंत्रता, स्वाधीनता, अतिन्द्रिय सत्ता, ईश्वर, साक्षात्कार, विकेन्द्रीकरण, वैचारिकता, जन्मजातप्रवृत्तियाँ, कन्फ्यूशियस, बोधिसत्व, राजनीतिक चिन्तक, विचारधारा, प्रासंगिकता, अन्धविश्वास, रूढ़िवाद, दुराग्रह, अग्रदूत और प्रजातंत्र।

11.6 प्रश्नावली:

- एम. एन. राय के नवमानववाद से आपक्या समझते हैं?
- मानववाद और मानवतावाद की सामान्य विशेषताएं क्या हैं?
- नवमानववाद और मानवतावाद के मध्य क्या विभेद हैं? विस्तार से चर्चा करें।
- समकालीन समय में एम.एन. राय के नवमानववाद सिद्धान्त कैसे और क्यो प्रासंगिक है?

11.7 सन्दर्भग्रन्थ:

8. दीक्षित, चन्द्रोदय, मानववादी विचारः एम.एन. राय, लोक भारती प्रकाशन, नईदिल्ली, 2007.
9. पाण्डेय, ऋषिकान्त, ''दार्शनिकविमर्श'', श्री भुवनेश्वरी विद्या प्रतिष्ठान, इलाहाबाद, सितम्बर, 2007
10. सक्सेना, लक्ष्मी, ''समकालीन भारतीय दर्शन'', उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2016
11. शर्मा, बी.एम., शर्मा, राम कृष्ण दत्त एवं शर्मा, सविता, भारतीय राजनीतिक विचारक, रावत प्रकाशन, जयपुर
12. राय, एम.एन., बियोन्ड कम्यूनिज्म टूह्यूमेनिज्म
13. https://en.wikipedia.org/wiki/M._N._Roy
14. https://www.jstor.org/stable/41856152

.....00.....

खण्ड–6 पं. दीनदयाल उपाध्याय

खण्ड परिचय :

प्रस्तुत खण्ड में बीसवीं सदी के उद्‌भट विद्वान, युगद्रष्टा पं0 दीनदयाल उपाध्याय के तात्विक चिंतन का प्रतिपादन किया गया है। यह खण्ड दो इकाइयों में विभाजित है। पहली इकाई में एकात्म मानववाद के सिद्धांत का निरूपण किया गया है। दूसरी इकाई में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संप्रत्यय का विश्लेषण किया गया है।

इकाई 12 में पंडित जी के एकात्म मानव दर्शन पर प्रकाश डाला गया है। जिसमें पाश्चात्य जीवन दर्शन को भारतीय एकात्मवादी संस्कृति के साँचे में ढालकर कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, उस पर चर्चा हुई है। एकात्म मानववाद एक बहुआयामी चिंतन है, इसलिए इसकी विवेचना में व्यक्ति, समाज, राष्ट्र, राज्य, धर्म, अर्थव्यवस्था आदि उन समस्त प्रत्ययों का विवेचन किया गया है, जिससे मानव प्रभावित होता है, क्योंकि इसका लक्ष्य मानव का समग्र विकास है।

इकाई 14 में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का विश्लेषण किया गया है। इसमें संस्कृति और राष्ट्र को परिभाषित किया गया है, उसे भारतीय संदर्भ में समझने का प्रयास हुआ है। अन्ततः यह निष्कर्षित किया गया कि पंडित जी का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद राष्ट्र के सतत विकास को निश्चित करता हुआ जन–जन को भारत बोध से परिचित कराता है और दृढ़ता से यह स्पष्ट करता है कि भारत एक भौगोलिक सीमा में निर्मित राज्य मात्र नहीं है, अपितु एक सांस्कृतिक नींव पर खड़ा हुआ गौरवशाली राष्ट्र है।

.....00.....

इकाई 12 : एकात्म मानववाद

12.0 उद्देश्य

12.1 प्रस्तावना

12.2 एकात्म मानववाद

12.3 सारांश

12.4 शब्दावली

12.5 प्रश्नावली

12.6 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ

.....0000.....

12.0 उद्देश्य–

- पं0 दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन पर विचार करना।
- पाश्चात्य जीवन दर्शन से उत्पन्न नकारात्मक प्रभावों को समझना एवं भारतीय संस्कृति के प्रकाश में सम्यक् उपाय खोजना।

12.1 प्रस्तावना– पं0 दीनदयाल उपाध्याय ने मनुष्य का समग्रता में चिंतन करते हुए जिस दर्शन का प्रवर्तन किया, उसे एकात्म मानववाद कहते हैं। एकात्म मानववाद सिद्धांत के दो आयाम हैं, पहला, मानववाद जो मुख्यतः पाश्चात्य अवधारणा है, दूसरा, एकात्मकता जो भारतीय संस्कृति की एक विशेषता है। अर्थात् कहा जा सकता है कि पाश्चात्य मानववाद के भारतीयकरण का परिणाम है–एकात्म मानववाद। पाश्चात्य जीवन दर्शन से उत्पन्न भौतिकवाद, पूंजीवाद, साम्राज्यवाद, फांसीवाद, यंत्रवाद, असंयमित भोगवाद जैसी विकृतियों ने मानव को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। इन विकृतियों से मानव–समाज को उबारने के लिए पंडित जी ने भारतीय संस्कृति का सहारा

लिया, जिससे मनुष्य का सर्वांगीण अर्थात् शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समेकित उन्नयन संभव हो सके। व्यष्टि, समष्टि एवं परमेष्टि में एकात्मकता स्थापित हो। यही जीवन दर्शन 'एकात्म मानववाद' है।

12.2 एकात्म मानववाद सिद्धांत– एकात्म मानववाद सिद्धांत पं0 दीनदयाल उपाध्याय द्वारा 22 से 25 अप्रैल, 1965 को बम्बई में भाषण के रूप में प्रस्तुत किया गया। कुल चार व्याख्यान हैं जो एकात्म मानववाद की विशद् विवेचना करते हैं। वक्तव्य का प्रारम्भ करते हुए पंडित जी कहते हैं कि आजादी के बाद का भारत कैसा हो, इस पर ठीक से विचार नहीं किया गया। भारत की दिशा निश्चित करने का प्रयास नहीं हुआ। अब प्रश्न यह है कि भारत किधर जाने वाला है? इसके लिए हमें बड़े–बड़े नारों से अधिक आर्थिक, राजनीतिक कार्यक्रमों को व्यवस्थित करना होगा। हमें आत्माभिमुख होना पड़ेगा, हमें एक होना पड़ेगा, हमें राष्ट्र की सामान्य इच्छा को समझना होगा। स्व पर विचार करना होगा, तभी स्वराज्य का कोई अर्थ है। व्यक्ति या राष्ट्र का प्रकृति के विपरीत चलने पर पराभव हो जाता है। प्रकृति को मजबूत कर संस्कृति बनाने का काम करना चाहिए।

हम पश्चिम पर पूरी तरह निर्भर हो गए हैं। पश्चिमी सभ्यता ने एक तानाशाही का, अमानवीय धार्मिक सत्ता का ऐसा जीवन भोगा जिसकी तीव्र प्रतिक्रिया पुनर्जागरण के रूप में दिखाई दी। इसका परिणाम यह हुआ कि ईश्वरीय सत्ता, सामाजिक व्यवस्था, स्थापित मान्यताओं का विरोध हुआ और मानववाद, व्यक्तिवाद तथा अनुसंधान की प्रतिष्ठा स्थापित हुई। परन्तु इन सब प्रतिक्रियाओं के बाद परिणाम यह हुआ कि आध्यात्मिक तत्वों के विरोध से भौतिकवाद हावी हो गया, व्यक्तिवाद पूंजीवाद में बदल गया, राष्ट्रवाद फांसीवाद एवं नाजीवाद में, अनुसंधान से असंयमित भोगवाद उत्पन्न हो गया।

पश्चिम की इन्हीं विकृतियों के प्रति पं0 दीनदयाल उपाध्याय सचेत हैं और चिंतित भी कि लोग भारत को पश्चिम की अनुकृति बनाने में लगे हुए हैं। उनका मानना है कि हमने अपने संपूर्ण जीवन को तथा समस्याओं को अंगरेजियत के चश्में से देखा है। फलतः हमारी राजनीति, अर्थनीति, समाज व्यवस्था, साहित्य और संस्कृति पर अंगरेजियत की गहरी छाप है। भारतीयता केवल ऊपर–ऊपर दिखती है।

अब प्रश्न यह है कि भारत की दिशा कैसी हो? इसको लेकर दो तरह के विचार है– पहला, भारत के हजारों वर्षों से चली आ रही प्रगति जहां गुलामी से रुक गई थी, वहां से आगे बढ़ना।

लेकिन जरूरी कितना भी हो, यह असंभव सा कार्य है। समय को पीछे नहीं ले जाया जा सकता। हजार वर्षों में हमें जो मिला, जो हम आज कर रहे हैं, या बाहरी लोगों ने जो हमें दिया, हम उसका ऐसे ही प्रतिकार नहीं कर सकते। दूसरा, भारत की पुरानी चीज को अयोग्य मानते हैं, उसकी जगह पाश्चात्य की वकालत करते हैं। ये भी सही नहीं है। पाश्चात्य सभ्यता सार्वभौमिक नहीं है। कार्लमार्क्स आदि के सिद्धांत आज फीके पड़ गए हैं। हर देश की अपनी आर्थिक, ऐतिहासिक और सामाजिक परिस्थिति होती है। उस देश के नेता उसी के अनुरूप देश को आगे बढ़ाते हैं। **यद्देशस्य जो जन्तु, तद्देशस्य तु त्यौषधम्।**

लेकिन अपना देश, पराया देश कहकर ही पीछा नहीं छुड़ाना होगा। आखिरकार मानव ने ज्ञान अर्जित किया है। तो हमें देखना होगा कि किस हद तक वह तत्वयुक्त है, किस हद तक सारहीन। पश्चिम की राजनीति के आदर्श प्रजातंत्र, समाजवाद, राष्ट्रीयता आदि अधूरे हैं और विभिन्न समस्याओं को जन्म देने वाले हैं। उदाहरण के लिए, प्रजातंत्र में व्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन पूंजीवाद के साथ मिलकर वह शोषणकारी हो गया। या समाजवाद ने व्यक्ति की स्वतंत्रता एवं गरिमा नष्ट कर दी। इसके लिए अब आवश्यक है कि हम अपनी संस्कृति पर विचार करें। क्योंकि वही हमारी प्रकृति है। संस्कृति का स्वराज्य से घनिष्ठ संबंध है। स्वराज्य तभी साकार और सार्थक होगा, जब वह अपनी संस्कृति की अभिव्यक्ति का साधन बनेगा। इससे विकास और आनन्द दोनों मिलेंगे। राष्ट्रीय और मानवीय दोनों दृष्टियों से आवश्यक है कि हम अपनी संस्कृति पर विचार करें। यदि उसके सहारे पश्चिम के आदर्शों के बीच कोई तालमेल बिठाया जा सके तो उत्तम होगा।

भारतीय संस्कृति एकात्मवादी (Integrated) है, क्योंकि वह सृष्टि का संकलित विचार करती है। पश्चिम ने हमेशा टुकड़ों में विचार किया है, फिर उसे पैबंद लगाकर जोड़ने का प्रयास किया है। हमारे यहां सदैव विविधता में एकता खोजने का प्रयास हुआ है। यह प्रयास वैज्ञानिक भी है। जैसे–विज्ञानी भी अव्यवस्था में व्यवस्था खोजने का प्रयास करते हैं। रसायन शास्त्रियों ने संपूर्ण भौतिक जगत में कुछ आधारभूत तत्व खोजकर निकाले और बताया कि सभी वस्तुएं उनसे ही बनी हैं। हमने संपूर्ण जीवन में मूलभूत एकता का दर्शन किया। भारत में जो द्वैतवादी रहे, उदाहरण के लिए सांख्य मतानुयायी, वो भी पुरुष और प्रकृति में संघर्ष या विरोध नहीं माने, बल्कि पूरकता ही माने। जीवन की विविधता अन्तर्भूत एकता से ही प्रकट होती है, इसलिए उसमें परस्पर पूरकता होती है, अनुकूलता होती है। जैसे–बीज ही वृक्ष के जड़, तने, पत्तियाँ, फल के अनेक रूपों में प्रकट होता है, फिर भी उनमें बीज के साथ एकत्व है। यही विविधता में एकता अथवा एकता का विविध रूपों में

व्यक्त होना भारतीय संस्कृति का केन्द्रीय विचार है। हमने अपनी संस्कृति का अंग उन्हें बनाया जो जीवन के अनुकूल हैं, हितकारी हैं। विकृतियों को कभी आदर्श नहीं माना।

ध्यातव्य है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय ने व्यक्ति का एकात्म एवं सकलित विचार किया। सामान्यतः व्यक्ति का विचार उसके शरीर को केन्द्र में रखकर किया जाता है। माना जाता है कि शरीर सुखी तो व्यक्ति सुखी। लेकिन देखा जाता है कि मन में यदि कोई चिंता है या बुद्धि में कोई उलझन चल रही है तो व्यक्ति बहुत परेशान हो जाता है। इसलिए ये सब भी विचारणीय हैं। इस पर पंडित जी कहते हैं कि व्यक्ति शरीर, मन, बुद्धि एवं आत्मा का समुच्चय है। हम उसका टुकड़ों में विचार नहीं कर सकते। पश्चिम में जो परेशानी आई वह इसीलिए आई कि व्यक्ति पर एकांगी विचार हुआ, उसे केवल राजनीतिक पशु (Political Animal) समझा गया। भारतीय संस्कृति सर्वांगीण विवेचन करती है। यह सत्य है कि भारतीय संस्कृति में आत्म तत्व पर अधिक ध्यान दिया गया है, लेकिन उपनिषदों का ऋषि शरीर को प्रमुखता देते हुए यह भी कहता है कि बलहीन व्यक्ति आत्मा का साक्षात्कार नहीं कर सकता (नाऽयमात्मा बलहीनेन लभ्यः)। शरीर, मन, बुद्धि एवं आत्मा की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही हमारी संस्कृति में चार पुरुषार्थों–धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की संकल्पना है। उनका संकलित विचार हुआ है। यह पूर्ण मानव की, एकात्म मानव की कल्पना है।

इस पूर्ण व्यक्ति का समाज के साथ क्या संबंध होगा, व्यष्टि का समष्टि के साथ क्या संबंध है तथा समाज का संवर्धन कैसे होगा, इस पर विचार करते हुए पंडित जी कहते हैं कि समाज, मानवों का ही समूह है। लेकिन मानवों ने समाज नहीं बनाया है, समाज समझौते से नहीं बना है, बल्कि स्वयंभू है। समाज जैविक है। इसमें भी व्यक्ति की तरह ही मन, शरीर, बुद्धि एवं आत्मा होती है। यह व्यक्तियों का जोड़ नहीं है। व्यक्ति सीधा हो सकता है, समाज गुस्सैल। व्यक्ति अच्छा, समाज बुरा या समाज अच्छा, व्यक्ति बुरा। व्यक्ति और समाज के मध्य संबंध की व्याख्या करते हुए पंडित जी कहते हैं कि समाज और व्यक्ति में संघर्ष नहीं है। यदि संघर्ष है तो प्रकृति नहीं, विकृति है। हमारे यहाँ वर्ग संघर्ष को मानक नहीं माना गया। यहाँ वर्णों की कल्पना विराट् पुरुष के अंगों से कह गई, लेकिन उनमें एकात्मकता है, पूरकता है, आत्मीयता है, संघर्ष नहीं।

इस क्रम में पंडित जी समाज के पर्याय के रूप में राष्ट्र शब्द पर विचार करते हैं कि समुदायों के रहने से राष्ट्र या समाज का निर्माण नहीं होता। क्योंकि बेबीलोन, ग्रीक, यूनान में वंश परम्परा तो है लेकिन राष्ट्र समाप्त हो गया। प्रश्न है कि राष्ट्र किसे कहें? पंडित जी कहते हैं कि मानव समुदाय

जब एक मिशन, एक विचार या आदर्श, भूमि विशेष के प्रति मातृभाव रखता है तो उसे राष्ट्र कहते हैं। राष्ट्र की आत्मा को 'चिति' कहते हैं। जैसे–आत्मा नहीं तो शरीर नहीं, वैसे ही चिति नहीं तो राष्ट्र नहीं। जो चिति के अनुकूल है वही संस्कृति है। महाभारत का युद्ध, विभीषण की भूमिका, कंस वध इसी चित के कारण ही वैधता प्रदान करते हैं। इसी से मानव प्रकृति बनती है, उसी से संस्कृति। अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राष्ट्र संस्थाओं को जन्म देता है। आत्मा और शरीर के अंग, कारखाना और विभाग में जो सम्बन्ध होता है, वही राष्ट्र और संस्था के बीच होता है। व्यक्ति इन संस्थाओं का उपकरण है और प्रतिनिधि भी। राष्ट्र की आत्मा को प्रकट करने का साधन भी है। सब संस्थाएँ राष्ट्र तथा मानव के अंगभूत हैं। उनमें एकात्मभाव चाहिए, वे परस्पर पूरक हैं तथा परस्पर अवलम्बी हैं। ध्यातव्य है कि राज्य भी एक संस्था है, जिसका निर्माता राष्ट्र है। इस प्रकार राज्य, राष्ट्र नहीं है, जैसा कि पश्चिम में माना जाता है। राज्य संविदा से पैदा हुआ है। ब्रह्मा ने दण्डनीति या राज्यशास्त्र मनु को दिया। भारत में राज्य सर्वोपरि नहीं है। ईरान में राज्य समाप्त होते ही राष्ट्र समाप्त हो गया। लेकिन भारत में राज्य केन्द्र में नहीं था।

राष्ट्र को मापदण्ड बनाकर देखें तो संविधान ने एक भूल की है कि वह भारत को संघीय मानता है। कुछ बातें तो ठीक हैं। जैसे–किसी प्रकार का भेदभाव नहीं, इकहरी नागरिकता, राज्य संघ से निकल नहीं सकते, राज्य की सीमायें और नाम राज्य नहीं तय करेगे, संसद करेगी। लेकिन बुराई संघ शब्द से है। क्योंकि उसमें इकाइयों की निजी सत्ता होती है। अपने अधिकार केन्द्र को सौंपते हैं। यह भारत की अखंडता के खिलाफ है। अगर संघीय न हो तो एकात्मक राज्य कैसा हो? एकात्मक का मतलब केन्द्रीकरण नहीं, बल्कि विकेन्द्रीकरण है। गांव तक को स्वायत्तता। जैसे आत्मा मुख्य है। लेकिन प्राण, मन, इन्द्रियां सबके पास ताकत रहती है।

यह एकात्मक राज्य हमारे धर्म के अनुसार चलेगा। धर्म की परिधि में संपूर्ण मानवता निहित है। राजा धर्म की रक्षा के लिए है। न राजा बड़ा है, न जनता, यहां तक कि ईश्वर भी नहीं। धर्म राज्य हो, थियोक्रेटिक स्टेट नहीं। न लेजिस्लेचर बड़ा है, न जूडीशियरी, न जनता। धर्मानुसार चलने वाला अल्पमत भी श्रेष्ठ होता है। अंग्रेजों के लिए कुछ लोग ही खड़े हुए। बहुमत शासक तय कर सकती है, सत्य नहीं, धर्म नहीं। बहुमत या जनता में धर्म नहीं है। धर्म शाश्वत है। सनातन है। इसलिए जनता का शासन पर्याप्त नहीं, जनता के हित में होना चाहिए। Government of the people, by the people and for the people में of स्वतंत्रता का, by जनतंत्र का और for धर्म का द्योतक है।

एकात्म मानववाद के अंतिम वक्तव्य में पं0 दीनदयाल उपाध्याय ने अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डाला। वे कहते हैं कि पश्चिम ने नए उपभोक्ता पैदा करने, नई मांग पैदा करने, अंधाधुंध उत्पादन को अपना लक्ष्य बना लिया, जो विनाशकारी सिद्ध होता जा रहा है। क्योंकि उत्पादन का संबंध प्राकृतिक संसाधनों से है जिसके उपभोग की एक मर्यादा है। एक कारखाने का मालिक मशीनों की घिसाई निधि की व्यवस्था रखता है, लेकिन प्रकृति के लिए इस तरह का विचार नहीं होता, जबकि होना चाहिए। इसलिए हमें संयमित उपभोग करना होगा। पश्चिम के घातक आर्थिक नारों ने स्थिति खराब कर दी। पूँजीवाद मानव की क्रयशक्ति पर जोर देता है, साधन सम्पन्न के लिए बहुत कुछ, साधनहीन के लिए कुछ नहीं, समाजवाद व्यक्ति निरपेक्ष होकर सबकुछ राज्य को सौंप देता है, वहीं कम्युनिस्ट कहते हैं कि श्रमिक को ही खाने का अधिकार है। जबकि व्यवस्था यह हो कि सभी की न्यूनतम् आवश्यकताएँ रोटी, कपड़ा और मकान पूरी हों। निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा, प्रत्येक को काम की गारण्टी मिले।

इस प्रकार पं0 दीनदयाल उपाध्याय ने अपने एकात्म मानव दर्शन के अन्तर्गत मानव के समग्र एवं संकलित स्वरूप पर विचार किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के मूल्यों के साथ राष्ट्रीयता, प्रजातंत्र, समता और विश्व एकता के आदर्शों को समन्वित रूप में रखने का प्रयास किया। इससे मानव अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा एवं जीवन के उद्देश्य को पा सकेगा। हमें राष्ट्र को सबल बनाने के लिए उसके विराट् को जाग्रत करना होगा जो उसका प्राण है। पंडित जी कहते हैं कि अपने प्राचीन के प्रति गौरव का भाव लेकर, वर्तमान का यथार्थवादी आकलन लेकर और भविष्य की महत्वाकांक्षा लेकर हमें इस कार्य में जुटना होगा। विश्व का ज्ञान और आज तक की संपूर्ण परंपरा के आधार पर ऐसे भारत का निर्माण करना होगा जो हमारे पूर्वजों के भारत से अधिक गौरवशाली होगा तथा जिसमें जन्मा मानव अपने व्यक्तित्व का विकास करता हुआ संपूर्ण मानव ही नहीं, अपितु सृष्टि के साथ एकात्मकता का साक्षात्कार 'नर से नारायण' बनने में समर्थ हो सकेगा।

12.3 सारांश– पं0 दीनदयाल उपाध्याय की एकात्म मानव दर्शन की संकल्पना बहुत व्यापक और सुगठित है। वे एक साथ व्यक्ति, समाज, राजनीति, धर्म, राष्ट्र आदि विषयों पर विचार करते हैं। एकात्म मानववाद के अन्तर्गत वे पश्चिम की नकारात्मकता का भारतीय एकात्मकता से शोधन करना चाहते थे। उन्होंने पश्चिम की उस अवधारणा का खण्डन किया जो व्यक्ति का एकांगी विचार करती है। वे मानव के सर्वांगीण विकास के पक्षधर थे। वे सम्पूर्ण व्यवस्था के केन्द्र में मानव को रखना

चाहते हैं। वे मानवमात्र का हर उस दृष्टि से मूल्यांकन करने की बात करते थे, जो उसके संपूर्ण जीवनकाल में छोटी अथवा बड़ी जरूरत के रूप में संबंध रखता है। उन्होने व्यष्टि–समष्टि या मानव और समाज की परस्पर सापेक्षता की बात कही। उनका कहना था कि मानव राष्ट्र का उपकरण है और प्रतिनिधि भी। उनका उद्देश्य एक ऐसा स्वदेशी सामाजिक–आर्थिक मॉडल प्रस्तुत करना था, जिसमें विकास के केन्द्र में मानव हो। अन्ततः हम कह सकते हैं कि दुनिया के इतिहास में केवल मानव मात्र के लिए यदि किसी एक विचार दर्शन ने समग्रता में चिंतन प्रस्तुत किया है तो वह एकात्म मानववाद का दर्शन है।

12.4 शब्दावली– मानववाद, संस्कृति, राष्ट्र, धर्म

12.5 प्रश्नावली–

1. पं0 दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' सिद्धांत का वर्णन कीजिए।
2. पं0 दीनदयाल उपाध्याय पाश्चात्य मानववाद का भारतीय एकात्मकता से किस प्रकार सामंजस्य बैठाते हैं? स्पष्ट कीजिए।
3. एकात्म मानववाद मानव के सर्वांगीण विकास का दर्शन है। चर्चा कीजिए।

12.6 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ–

1. उपाध्याय, दीनदयाल, *एकात्म मानववादः तत्वमीमांसा सिद्धांत विवेचन*, प्रभात पेपरबैक्स, नई दिल्ली, 2020।
2. शर्मा, महेश चंद्र, *आधुनिक भारत के निर्माता : पंडित दीनदयाल उपाध्याय*, प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, 2017।
3. गुरुदेव, डॉ0 गुप्तिसागर जी, *सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अग्रदूत : पं0 दीनदयाल उपाध्याय*, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2023।
4. शर्मा, डॉ0 महेश चंद्र (संपादक), *दीनदयाल उपाध्याय : संपूर्ण वाङ्मय*, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2016।

इकाई 13

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

इकाई की रूपरेखा

13.0 उद्देश्य

13.1 प्रस्तावना

13.2 संस्कृति क्या है?

13.3 राष्ट्र क्या है?

13.4 सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

13.5 सारांश

13.6 शब्दावली

13.7 प्रश्नावली

13.8 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ

.....000.....

13.0 उद्देश्य–

पं0 दीनदयाल उपाध्याय की दृष्टि में राष्ट्र, संस्कृति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की संकल्पना पर विचार करना।

13.1 प्रस्तावना– राष्ट्रवाद एक ऐसा विषय है, जो अनेक महापुरुषों यथा–महात्मा गांधी, टैगोर, विवेकानन्द इत्यादि के चिंतन का विषय रहा है। आधुनिक युग में पं0 दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रवादी चिंतन के प्रमुख उद्घोषक के रूप में दिखाई देते हैं। उनका राष्ट्रवाद अध्यात्म से स्पंदन करता है और सांस्कृतिक चेतना से स्फूर्त होता है। उनका राष्ट्रवाद व्यष्टि से समष्टि तक विस्तृत था, जिसकी

पूर्णता 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में होती है। वस्तुतः इस संकल्पना के मूल में उनका विचार था कि हमारी सारी व्यवस्थाएं सांस्कृतिक चेतना पर ही आधारित हों, जिससे कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के सहारे भारत–बोध सम्भव हो सके।

13.2 संस्कृति क्या है?– संस्कृति किसी राष्ट्र–राज्य, जीवन या समाज की संपूर्ण मानसिकता का आदर्श एवं सुंदर रूप होती है। यह प्रत्येक समाज की परंपरा से जुड़कर हमारी जीवन पद्धति बन जाती है। संस्कृति का वर्तमान रूप किसी समाज के दीर्घकाल तक अपनाई गई पद्धतियों का परिणाम होता है। संस्कृति मनुष्य को विवेक सम्पन्न व मानवीय बनाती है। संस्कृति किसी भी देश अथवा समाज के सामूहिक आचरण का प्रतीक है। यह मानवीय संबंध, जीवन जीने के अर्थ की धुरी है। यदि भारतीय संस्कृति को देखें तो यह सबसे प्राचीन और समृद्ध है। यह विविध संस्कृतियों की समन्वयात्मक समष्टि है। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की संकल्पना पर अधिष्ठित है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय कहते हैं कि भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण जीवन का, सम्पूर्ण सृष्टि का संकलित विचार करती है। उसका दृष्टिकोण एकात्मवादी है, न कि टुकड़ों–टुकड़ों में विचार करना। विविधता में एकता अथवा एकता का विविध रूपों में व्यक्तीकरण ही भारतीय संस्कृति का केन्द्रस्थ विचार है। 'धर्म' भारतीय संस्कृति की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता है। धर्म के कारण भारत में राजा, प्रजा, समाज, व्यक्ति सभी सुसंयमित हुए, कोई भी उच्छृंखल नहीं हो सका। ध्यातव्य है कि यहां धर्म का अर्थ प्रकृति के शाश्वत् व खोजे हुए नियम हैं। धर्म मजहब नहीं है। भारतीय संस्कृति परमत–सत्कारवादी है अर्थात् दूसरे मतों के प्रति सहिष्णु है। यहाँ यह विचार ही है कि 'एकं सद् विप्राः बहुधा वदन्ति' अर्थात् एक ही सत्य को विद्वान लोग बहुत प्रकार से कहते हैं। भारतीय संस्कृति समन्वयवादी है। व्यक्ति व समाज में समन्वय, राष्ट्र एवं विश्व में समन्वय, भौतिकता एवं आध्यात्मिकता में समन्वय, विभिन्न विचारों व पंथों में समन्वय तथा हर प्रकार के संघर्ष को शासित करने की अद्भुत समन्वय क्षमता भारतीय संस्कृति का विशिष्ट लक्षण है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय मानते थे कि संस्कृति सृजित नहीं होती, बल्कि स्वतः क्रियाशील होती है। संस्कृति आत्म–तत्व है, जिसके विकास की प्रक्रिया में खान–पान के तरीके, पहनावा, भाषाएँ, सामाजिक–आर्थिक व्यवस्थाएँ, राजनीतिक प्रणालियाँ सन्निहित हैं और इस विकास की प्रक्रिया में यह आवश्यक है कि सबके बीच सौहार्द बना रहे, स्नेह का भाव बना रहे।

13.3 राष्ट्र क्या है?– राष्ट्र एक ऐसी अवधारणा है जो समय–समय पर परिभाषित होती रही। वैदिक युग में देखें तो राजनीतिक रूप से संगठित जन ही राष्ट्र या जनपद कहलाता था। संहिताओं में राष्ट्र शब्द का प्रयोग भूभाग के लिए किया गया। पश्चिम में राष्ट्र के लिए जिस अंग्रजी शब्द 'नेशन' का प्रयोग किया जाता है, वह लैटिन भाषा के 'नेशियो' शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है–जन्म या प्रजात। वह भी पहले अनेक अर्थों से भरा था। कभी आयरलैण्ड में कुलप्रमुख को राष्ट्र प्रमुख कहा जाता था तो जर्मनी और फ्रांस में राष्ट्र शब्द उच्च शासक वर्ग के लिए प्रयुक्त होता था। 17वीं शताब्दी तक आते–आते राष्ट्र शब्द किसी राज्य की विशेष आबादी को रेखांकित करने के लिए प्रयुक्त होने लगा, वहीं फ्रांस की राज्य क्रांति ने नेशन को देशभक्ति के रूप में लिया। वास्तव में देखा जाय तो राष्ट्र के सारे अर्थ बहुत सीमित दायरे में हैं। जबकि आज राष्ट्र शब्द का अर्थ भौगोलिक सीमाओं में आबद्ध वह भूभाग है, जहाँ के निवासियों में एक साथ मिलकर रहने की भावना हो और जिनकी अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं परंपरा हो। जिस तरह मानव की रचना में शरीर, प्राण और मन आदि की अपनी–अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, उसी प्रकार राष्ट्र के निर्माण में भूभाग रूपी शरीर, जनसमूह रूपी प्राण और जनसंस्कृति रूपी मन से राष्ट्र का गतिशील रूप सामने आता है। भूमि राष्ट्र का कलेवर है, जन उसका प्राण है और संस्कृति उसका मानस है।

राष्ट्र का अस्तित्व पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जीवन का ध्येयभूत भाव है। वे कहते हैं कि जब एक मानव समुदाय के समक्ष एक मिशन, विचार या आदर्श रहता है और वह समुदाय किसी भूमि विशेष को मातृभाव से देखता है तो वह राष्ट्र कहलाता है। इनमें से एक का भी अभाव रहा तो वह राष्ट्र नहीं बनेगा। पं0 दीनदयाल उपाध्याय कहते हैं कि जैसे शरीर में आत्मा होती है, वैसे ही राष्ट्र की भी एक आत्मा होती है, जिसे वह 'चिति' कहते हैं। चिति समाज की वह प्रकृति है, जो जन्मजात है, किसी ऐतिहासिक कारण से नहीं बनी है। चिति वह मापदण्ड है, जिससे हर वस्तु को मान्य अथवा अमान्य किया जाता है। इसी आत्मा के आधार पर राष्ट्र खड़ा होता है और यही आत्मा राष्ट्र के प्रत्येक श्रेष्ठ व्यक्ति के आचरण द्वारा प्रकट होती है। व्यक्ति भी इस राष्ट्र की आत्मा को प्रकट करने का एक साधन है। व्यक्ति अपने स्वयं के अतिरिक्त राष्ट्र का भी प्रतिनिधित्व करता है। अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राष्ट्र जितनी संस्थाओं को जन्म देता है, उसका उपकरण भी व्यक्ति ही। ध्यातव्य है कि राज्य भी एक संस्था है, जिसका निर्माता राष्ट्र है। इस प्रकार राज्य, राष्ट्र नहीं है, जैसा कि पश्चिम में माना जाता है। पं0 दीनदयाल उपाध्याय कहते हैं कि आज समष्टि की सबसे बड़ी इकाई राष्ट्र है। राष्ट्र के लिए चार बातों का होना आवश्यक है। प्रथम

आवश्यकता है–देश। देश भूमि और जन दोनों को मिलाकर बनता है। केवल भूमि ही देश नहीं है। किसी भूमि पर जन या समाज रहता हो और वह उस भूमि को माता के रूप में पूज्य समझे, तभी वह देश कहलाता है। जैसे–दक्षिणी ध्रुव में कोई नहीं रहता, तो वह देश नहीं है। किन्तु भारत में हम रहते हैं, हम इसे माँ मानते हैं, इसलिए यह देश है। दूसरी आवश्यकता है– सबकी इच्छाशक्ति अर्थात् सामूहिक जीवन का संकल्प। तीसरी एक व्यवस्था, जिसे नियम या संविधान कह सकते हैं, इसके लिए हमारे यहाँ 'धर्म' शब्द प्रयुक्त हुआ है। और चौथी आवश्यकता है– जीवन–आदर्श या संस्कृति। इन चारों का समुच्चय ही राष्ट्र है।

13.4 सांस्कृतिक राष्ट्रवाद– पं0 दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रवाद को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चिंतन से स्पंदित मानते थे। भारत की सांस्कृतिक एकता को स्वीकार करने के साथ–साथ उन्होंने भारत की सनातन प्रवाहमान बौद्धिक चेतना को सदैव महत्व दिया। वे मानते थे कि भारत का विभाजन सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उच्छेद का परिणाम है। उनका चिंतन संपूर्ण भारतीय साहित्य में राष्ट्रीयता के दो मूलभूत तत्वों, देशभक्ति एवं ऐतिहासिक गौरवभाव से ओत–प्रोत था। वे अपने प्रबोधनों में विष्णु पुराण का वह श्लोक उद्धृत करते थे, जिसमें कहा गया है कि–

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्। वर्षं यद् भारतं नाम भारती यस्य संततिः।।

अर्थात् समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में, जो भूभाग स्थित है, उसका नाम भारत है और उसकी संतान को भारतीय कहते हैं। वहीं सांस्कृतिक गौरव के भाव को पुनः इन शब्दों में व्यक्त किया गया है–

गायन्ति देवाः किल गीतकानि, धन्यास्तु ते भारत भूमिभागे।
स्वर्गापवर्गास्पदहेतु भूते, भवन्ति भूयः पुरुषाः सुरत्वात्।।

अर्थात् देवता भी स्वर्ग में गीत गाते हैं कि धन्य हैं वे जिनका जन्म भारत भूमि पर हुआ है। यह भूमि स्वर्ग से भी महान् है। भारत का राष्ट्रवाद थोपने का राष्ट्रवाद नहीं है और न ही किसी को प्रताड़ित करने का राष्ट्रवाद है तथा किसी के संप्रभु भूखंड को छीनने का भी राष्ट्रवाद नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक परिवार का राष्ट्रवाद है। राष्ट्रवाद एक संस्कार की तरह है। इसे संकल्प के रूप में देखा जाता है। संकल्पकर्ता भारत भूमि को हाथ जोड़कर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति संकल्प लेता है–''जंबूद्वीपे, भरतखंडे, आर्यावर्ते देशान्तरे, गते अमुक क्षेत्रे, अमुक नगरे,'' आदि–आदि। सांस्कृतिक

राष्ट्रीयता के लोकशिक्षण की इतनी प्रभावी प्रक्रिया अन्यत्र नहीं मिलती है। यह तो निश्चित है कि भारत नामक विशाल भूखण्ड की भौगोलिक एकता का साक्षात्कार एक दिन में नहीं हुआ, बल्कि हजारों वर्षों की आध्यात्मिक–सांस्कृतिक यात्रा की सुसंपन्नता के उपरान्त हुआ, जिसका जुड़ाव सांस्कृतिक था, मन सांस्कृतिक था और धर्म उसका आधार था।

सांस्कृतिक चेतना से पूरित भारत एक राष्ट्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाया हुआ है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, राष्ट्रवाद का वह रूप है, जिसमें राष्ट्र को एक साँझी संस्कृति के रूप में देखा जाता है। विविधता से भरे भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद स्पंदित हो रहा है। वही है जो विविधता में एकता को चरितार्थ किए हुए है। उसी की वजह से भारत दुनिया के किसी कोने से आने वाले का निरन्तर स्वागत किया, उनकी शरणस्थली बना। इसी संकल्पना का प्रभाव है कि हमने मानव कल्याण की कामना की। कभी संकुचित विचारों को महत्व नहीं दिया गया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हमारे जीवन मूल्यों को महत्व देता है। यह हमें संवेदनशील, उदार, सहिष्णु, संस्कारी बनाता है, यही कारण है कि भारत में पत्थर, नदियाँ, पर्वत, पशु–पक्षी पूजे जाते हैं। हम अपने देश को माता के समान पूजते हैं। 'वन्दे मातरम', 'भारतमाता' जैसे शब्दों से आह्वान करते हैं।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आधार के रूप में हमारी प्राचीन संस्कृति है, हमारी सांस्कृतिक एकता है, जो सबल और टिकाऊ है। यह लोगों को एकजुट करने में सक्षम है। इसी भारत की धरती से भारतीय संस्कृति के मूल्य उद्भूत हुए हैं। एकात्मकता, समन्वय, विशालता आदि सब यहीं की चेतना की देन है। अद्वैत वेदान्त के प्रतिष्ठापक आदिशंकराचार्य जैसे मनीषियों के अनथक परिश्रम का परिणाम है। भारतीय संस्कृति संश्लेषण प्रधान है। यह विज्ञानों की भांति विश्लेषणात्मक नहीं हैं, जो खण्डित रूप में विचार करे। इसलिए इसका स्वभाव समन्वयात्मक है। इस संस्कृति में एक ठहराव है, आस्था है, विश्वास है। यहां कोई भटकाव नहीं, भ्रम नहीं है। ऐसी संस्कृति से राष्ट्र सुदृढ़ होता है।

पं0 दीनदयाल उपाध्याय का मानना है कि राष्ट्र केवल भौतिक निकाय नहीं हुआ करता, राष्ट्र में रहने वाले लोगों के अन्तःकरण में अपनी भूमि के प्रति श्रद्धा की भावना होना राष्ट्रीयता की पहली आवश्यकता है। राष्ट्र की राष्ट्रीयता के निर्माण में संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रत्येक देश की अपनी एक संस्कृति होती है। देश में इतनी संस्कृतियों के होते हुए भी उन सबके मूल में एकता होती है। अनेकता में एकता की भावना होने पर भी सांस्कृतिक एकता ही राष्ट्रीय एकता की भूमि बन

पाती है। यह अन्तर्निहित सांस्कृतिक एकता हमारी राष्ट्रीय पहचान के सभ्यतामूलक आधार के साथ–साथ उच्च जीवन मूल्य भी है।

राष्ट्रवाद का स्वरूप राष्ट्र की संस्कृति एवं धर्म के द्वारा निर्धारित होता है। संस्कृति जहां राष्ट्र को उसकी प्राचीन स्वस्थ परम्पराओं के साथ सम्बद्ध करती है, वहीं धर्म राष्ट्र को उसकी अस्मिता का बोध कराता है। राष्ट्र के भौतिक स्वरूप के साथ धर्म एवं संस्कृति के अभिन्न होने पर ही राष्ट्रवाद का स्वरूप निर्मित होता है। भारतीय राष्ट्रतत्व के चिंतन में संपूर्ण विश्व के विकास की संकल्पना है। यह उदात्त संकल्पना पं0 दीनदयाल उपाध्याय द्वारा संपूर्ण मानवता को दिया गया एक अनुपम उपहार है, जो उनके सशरीर नहीं होने के बावजूद प्रखरता के साथ समूचे विश्व को प्रकाशित कर रहा है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद संप्रदायवाद को प्रश्रय नहीं देता। यह सबको साथ लेकर चलने वाली विचारधारा है। यह अतीत, वर्तमान और भविष्य को समाहित कर देश को आगे बढ़ाता है। यह कोई भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि एक अनुभूति है जो राष्ट्र के विभिन्न समुदायों और संस्कृतियों को परस्पर जोड़ती है। इसकी जड़ें भारतीय जनमानस में विद्यमान हैं, क्योंकि इस देश के चिंतन में मानव जाति के कल्याण की कामना की गई है। ''सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयः'' की कामना की गई है।

पंडित जी का सांस्कृतिक राष्ट्रवाद राष्ट्र के सतत विकास को निश्चित करता हुआ जन–जन को भारत बोध से परिचित कराता है और दृढ़ता से यह स्पष्ट करता है कि भारत एक भौगोलिक सीमा में निर्मित राज्य मात्र नहीं है, अपितु एक सांस्कृतिक नींव पर खड़ा हुआ गौरवशाली राष्ट्र है, जिसका इतिहास वैभवशाली रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत उसे एक राष्ट्र के रूप में पहचान देती है। संस्कृतिवाद ही राष्ट्र के लिए आवश्यक तत्व है और उत्तम मार्ग है। केवल संस्कृतिवादी लोग ही ऐसे हैं, जिनके समक्ष और कोई ध्येय नहीं है। संस्कृति ही भारत की आत्मा है, जिससे लोग भारत की रक्षा और विकास कर सकते हैं।

13.5 सारांश– पं0 दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्रवाद राजनीतिक नहीं, भौतिकवादी नहीं, सांस्कृतिक है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद राष्ट्रीय पहचान का सभ्यतामूलक आधार और नागरिक जीवन का चरम उत्कर्ष है। यह साँझी विरासत से सम्बद्ध समुदायों का जीवंत गठजोड़ है, जो एक जैसा स्वप्न जीते हैं और एक जैसे भविष्य की संकल्पना करते हैं। इसी के कारण विश्व–बन्धुत्व की भावना विद्यमान

है, मानव कल्याण की भावना है। इसी का प्रभाव है कि सभी मातृभूमि को पुण्यभूमि समझते हुए प्यार और सम्मान देते हैं, वन्दे मातरम का उद्घोष करते हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की वजह से ही हमारे देश में विविधता में एकता है। यही सांस्कृतिक चेतना प्रत्येक विपरीत परिस्थिति में हमारे भीतर एकत्व का भाव पैदा करती है, समन्वयवादी बनाती है। इसी सांस्कृतिक विरासत के कारण ही हम एक राष्ट्र के रूप में सदैव अपने अस्तित्व को बचाने में सफल रहे।

13.6 शब्दावली– राष्ट्र, संस्कृति, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद

13.7 प्रश्नावली–

1. पं0 दीनदयाल उपाध्याय के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की संकल्पना का विवेचन कीजिए।
2. पं0 दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्रवाद भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक है। समझाइए।
3. भारतीय संस्कृति, राष्ट्र से किस प्रकार सम्बद्ध है? स्पष्ट कीजिए।

13.8 उपयोगी पुस्तकें एवं संदर्भ ग्रंथ –

1. उपाध्याय, दीनदयाल, *एकात्म मानववादः तत्वमीमांसा सिद्धांत विवेचन*, प्रभात पेपरबैक्स, नई दिल्ली, 2020।
2. शर्मा, महेश चंद्र, *आधुनिक भारत के निर्माता : पंडित दीनदयाल उपाध्याय*, प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, 2017।
3. गुरुदेव, डॉ0 गुप्तिसागर जी, *सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अग्रदूत : पं0 दीनदयाल उपाध्याय*, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2023।
4. शर्मा, डॉ0 महेश चंद्र (संपादक), *दीनदयाल उपाध्याय : संपूर्ण वाङ्मय*, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2016।

.....000.....

खण्ड–7
बी.आर. अम्बेडकर

इकाई–14 सामाजिक दर्शन

14.0 प्रस्तावना

14.1 पृष्ठभूमि

14.2 अम्बेडकर –

14.3 जाति भेद के विरोध में तर्करू गांधी और अम्बेडकर

14.4 अम्बेडकर के तर्क

14.5 गांधी जी के तर्क–

14.6 जाति भेद का उन्मूलन

14.7 निष्कर्ष

.....000.....

14.0 प्रस्तावना

सामाजिक पुनर्निर्माण का स्वप्न किसी भी देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। अम्बेडकर और गांधी दोनो ही भारत का सामाजिक पुनर्निर्माण करना चाहते थे। दोनों दलित उत्थान के लिए प्रतिबद्ध थे। भारत के सामाजिक पुनर्निर्माण के स्तम्भ थे। दोनों की सोच पृथक-पृथक होते हुए भी चिंता एक थी। किन्तु विचारों, रणनीतियों व तरीकों के स्तर पर देानों के बीच महत्वपूर्ण मतभेद था।

जाति जन्म के आधार पर बना कठोर या बन्द समूह है। जाति पर आधारित होने के कारण जाति वंशानुगति पर आधारित है। जाति समाज को वंशानुगत आधार पर विभिन्न समुदायों में बांटती है। इसके साथ ही यह समुदायों का पदक्रम निर्धारित करती है। इसके साथ ही यह पदक्रम स्थानीय (क्षेत्रीय भिन्नता) होता है। पद-क्रम के आधार पर ही एक जाति का सामाजिक स्तर उच्च या निम्न घोषित किया जाता है। पद-क्रम में आमतौर पर ब्राह्मणों का सबसे ऊँचा पदक्रम तथा अछूतों को निम्नतम पदक्रम दिया जाता है।

14.1 पृष्ठभूमि

जन्म या वंशानुगति और पद-क्रम के साथ अपनी ही जाति में विवाह भी जाति व्यवस्था की अनिवार्य व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त परंपरागत रूप से प्रत्येक जाति का एक निश्चित व्यवसाय भी होता है। जैसे उत्तर भारत की एक

जाति चमड़े के व्यवसाय में लगे रहने के कारण चमार कही गई। साथ ही जातियांे के बीच और जाति के भीतर भोजन तथा सामाजिक व्यवहार संबंधी निषेध होते हैं। इस निषेध का सर्वप्रमुख रूप है छुआछूत। जैसे -केरल के नायर लोग नंबूदारी ब्राह्मण से बात तो कर सकते थे किन्तु उन्हे छू नहीं सकते थे।

जाति सिर्फ एक समूह ही नहीं है यह सामाजिक स्तरीकरण की एक व्यवस्था भी है। भारत की सामाजिक संरचना में जाति एक आधारभूत व्यवस्था है। चूंकि जातियों के बीच और जाति के भीतर पदक्रम तथा निषेध होता है। इसलिए जाति सामाजिक रूढ़ता को प्रकट करती है। जाति सिर्फ पद-क्रम व्यवसाय, निषेध पर आधारित, वंशानुगत, अन्तर्विवाही समूह मात्र नहीं है। यह यह सामाजिक रूढ़िता मात्र भी नहीं है बल्कि यह श्रेष्ठता की मानसिक धारणा भी है। गांधी व अम्बेडकर ने जाति-भेद का विरोध किया। क्योंकि दोनो ही विचारक जाति को एक मानसिक धारणा के रूप में स्वीकार करते थे।

गंाधी जाति के आधुनिक अर्थ में विश्वास नहीं करते थे। आधुनिक अर्थ में जाति जन्म के आधार पर ऊँच नीच का भेद करती है। इसमें एक जाति का व्यक्ति स्वयं को दूसरी जाति के व्यक्ति से श्रेष्ठ समझता है। इस तरह गांधी के अनुसार जाति आधुनिक अर्थ में श्रेष्ठता की धारणा है। इस अर्थ में वह एक बुराई और पाप है। अम्बेडकर ने भी जाति का गहरा विश्लेषण किया। अम्बेडकर के अनुसार भी ‘‘हिन्दुस्तान में जाति ईंट गारे से बना कोई मकान नहीं है। यह वास्तव में एक धारणा अथवा मानसिक स्थिति है।’’ इस प्रकार अम्बेदकर और गांधी जाति को धारणा अथवा मानसिक स्थिति के रूप में स्वीकार करते हैं। किन्तु इस समानता के अतिरिक्त गांधी और अम्बेडकर में दूर तक कोई समानता नहीं दिखाई देती।

गांधी जी ने जाति भेद का विरोध किया किन्तु वे जाति प्रथा के सभी रूपों के स्पष्ट विरोधी नहीं थे। गंाधी वैदिक युगीन वर्ण व्यवस्था के भी समर्थक थे। दूसरी ओर अम्बेडकर जातिभेद, जाति व्यवस्था, वर्ण व्यवस्था तीनों के ही विरोधी थे।

गांधी जाति को वहीं तक बुराई मानते थे जहां तक वह ऊँच नीच का भेद करती है। वे आर्थिक दृष्टि से एक जमाने में जाति के महत्व को स्वीकार करते हैं गांधी के अनुसार जाति प्रथा से पैतृक कौशल की रक्षा होती थी। प्रतियोगिता मर्यादित होती थी। यह कंगाली को दूर करने का सर्वोत्तम उपाय था। एक जाति के लोग एक दूसरे की सहायता करेंगंे। इससे व्यापार श्रेणियों को भी लाभ थे। यद्यपि इससे साहस अथवा आविष्कार को बढ़ावा मिलता था परन्तु यह साहस अथवा आविष्कार के मार्ग में बाधक भी नहीं था परन्तु वह साहस अथवा आविष्कार के मार्ग में बाधक भी नहीं था। गांधी जी इस प्रकार गांधी ने जाति प्रथाके उन्ही पक्षों का विरोध किया जो पक्ष जाति भेद को बढ़ाने वाले थे। अम्बेडकर ने जाति प्रथा और जाति भेद में संबंध देखा और दोनों का विरोध किया। गांधी जी ने जाति भेद का विरोध करके वैदिक वर्णव्यवस्था को फिर से समाज पर लगाने की धारणा प्रस्तुत की। अम्बेडकर वर्ण व्यवस्था को पुरातनपंथी दृष्टिकोण मानते थे। इसके साथ ही वे वर्णव्यस्था के आधार पर समाज का पुननिर्माण नहीं करना चाहते थे। गांधी ने आर्थिक सामाजिक अध्यात्मिक तर्कों के आधार पर वर्ण व्यवस्था का समर्थन किया था।

वर्ण व्यवस्था का आर्थिक तर्क यह है कि इससे पैतृक कौशल की रक्षा होती है। वर्णव्यवस्था का सामाजिक तर्क है कि इससे प्रतियोगिता मर्यादित होती है और समाज में वैमनस्य कम होते हैं। अध्यात्मिक तर्क है कि व्यवसाय के चुनाव के लिए खर्च किए जाने वाले समय में कमी होती है और व्यक्ति अपनी ऊर्जा का कण-कण सत्य या ईश्वर के साक्षात्कार में लगाना है। अम्बेडकर ने इन सभी तर्कों को खारिज किया। वर्ण व्यवस्था श्रम का विभाजन न करके श्रमिकों का विभाजन करने लगती है। एक ही कौशल से जुड़े होने के कारण अयोग्य और हीन हो गये। इसके साथ ही

वर्ण व्यवस्था अगर कर्म या योग्यता के आधार पर व्यक्तियों का विभाजन है तो उन व्यक्तियों के समूहों को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र जैसे नाम देने की आवश्यकता क्या है।

वास्तव में गाँधी और अम्बेडकर के बीच जाति व वर्ण का अंतर सामाजिक पुनर्निर्माण के बारे में सोच का अंतर था। अम्बेडकर सामाजिक पुनर्निर्माण के लिए सामाजिक सुधारों को वरीयता देते थे, जबकि गांधी राजनीतिक सुधारों के बाद सामाजिक सुधारों की बात करते थे। गांधी के लिए भारत की आजादी के बाद भारत में आजादी का प्रश्न महत्वपूर्ण था। अम्बेडकर के अनुसार भारत में आजादी का प्रश्न भारत की आजादी से पहले महत्वपूर्ण था।

14.2 अम्बेडकर -

सामाजिक सुधार समाज के शक्ति संबंधों की संरचना को प्रभावित करते हैं। सामाजिक सुधारों को प्रथम वरीयता देने के समर्थन में अम्बेडकर के तर्कों को दो वर्गों में बांटा जा सकता है-ऐतिहासिक तर्क व सैद्धांतिक तर्क। ऐतिहासिक तर्क से यह बात सिद्ध होती है कि सामाजिक या धार्मिक क्रांतियों के बाद राजनीतिक क्रांतियां घटित हुई हैं। जैसे अरब में मोहम्मद साहब की शिक्षाओं के द्वारा उत्पन्न जागरूकता के बाद खलीफा के शासन की स्थापना हुई। महात्मा बुद्ध द्वारा की गई सामाजिक व धार्मिक क्रांति के बाद ही चन्द्र गुप्त ने राजनीतिक क्रांति को उत्पन्न किया। महाराष्ट्र मंे भक्ति आंदोलन के संतों के उपदेशों से उत्पन्न सामाजिक तथा धार्मिक जागरूकता के बाद ही शिवाजी ने राजनीतिक क्रांति उत्पन्नकी। गुरू नानक देव की शिक्षाओं के बाद ही पंजाब में राजनीतिक शसक्तिकरण किया।

सैद्धांतिक तर्क यह है कि जब समाज के भीतर पायी जाने वाली शक्ति संरचना जब समताकारी होती है तो राजनीतिक अधिकारों का बंटवारा भी समतापरक होता है। अम्बेडकर ने फर्डीनिंड का उद्धरण दिया है -'' संवैधानिक प्रश्न अधिकार के नहीं शक्ति के प्रश्न होते हैं। किसी देश की वास्तविक शासन पद्वति का अस्तित्व उस देश में पाई जाने वाली शक्ति की वास्तविक दशा में होता है। इसलिए राजनीतिक कानून का मूल्य और स्थिरता तभी है जब वे समाज के भीतर पायी जाने वाली शक्तियों की वास्तविक अवस्थाओं को ठीक-ठीक प्रकट करें।'' दलितों के लिए विश्ेाष अधिकारोंकी मांग अम्बेडकर के लिए समाज की शक्ति-संरचना के बदलाव का प्रश्न था। राष्ट्रीय आंदोलन में अम्बेडकर द्वारा साम्प्रदायिक पुरस्कार की मांग की इसी दृष्टिकोण को रेखांकित करती है।

अम्बेडकर के लिए भारत में सामाजिक पुनर्निर्माण का प्रश्न सामाजिक सुधार की प्रक्रिया से जुड़ा था। लेकिन अम्बेडकर के लिए समाज सुधार का वह मतलब नहीं था जो भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के पहले चरण में कांग्रेस के लिए था। कांग्रेस आरंभिक दिनों में विधवा विवाह, बाल विवाह पर रोक जैसे परिवार के भीतर के सुधारों को संबोधित कर रही थी। किन्तु अम्बेडकर के जिस समाज समाज सुधार का अर्थ था - हिन्दू समाज का पुनर्जन्म। अम्बेडकर हिन्दू समाज की पुनर्रचना और उसका पुनर्गठन करना चाहते थे। हिन्दू समाज की पुनर्रचना का प्रश्न अमीर-गरीब, धर्म सम्प्रदाय, ऊँच नीच, छूत-अछूत के भेद के उन्मूलन से जुड़ा था। किन्तु समाज के ढांचे को प्रभावित करने वाले सभी कारक जाति प्रथा से संबंधित हो चुके थे। इसलिए अम्बेडकर को यह लगा कि जाति प्रथा को उन्मूलित करके ही समाज के ढांचे को बदला जा सकता है।

दूसरी तरफ गांधी सामाजिक पुनर्निर्माण में राजनीतिक सुधारों पर ज्यादा बल देते थे। उन्होंने सामाजिक सुधारों को उपेक्षित तो नहीं किया किन्तु वे राजनीतिक प्रश्नों के बाद ही सामाजिक बुराइयों के निराकरण पर बल देते थे। गांधी धीरे-धीरे ब्रिटिश उपनिवेशवाद को सबसे बड़ी सामूहिक बुराई मानने लगे थे। अम्बेडकर भारत की पराधीनता के प्रश्न को भी दलित मुद्दे से जोड़कर देखते थे।

14.3 जाति भेद के विरोध में तर्क: गांधी और अम्बेडकर

गांधी और अम्बेडकर दोनो ने ही जाति भेद का विरोध किया। दोनों के ही अनुसार जाति असमानता, ऊँच नीच, श्रेष्ठता निकृष्टता की धारणा है। दोनो का मानना है कि जाति लोगों की नियंिग्यता को जन्म देती है। जाति भेद को गलत मानने के बावजूद गांधी और अम्बेडकर के तर्क अलग-अलग हैं।

14.4 अम्बेडकर के तर्क -

अम्बेडकर ने जाति प्रथा का समर्थन करने वाले तर्कंि की चर्चा भी की है और उनका जोरदार खण्डन भी किया है। जाति प्रथा के समर्थक श्रम विभाजन, नस्लीय शुद्धता, उच्चता के आधार पर इसका समर्थन करते हैं। गांधी स्वयं वर्ण व्यवस्था और जाति प्रथा की श्रम विभाजन करने वाली व्यवस्था के रूप में प्रशंसा करते थे। किन्तु अम्बेडकर ऐसे किसी भी तर्क से सहमत नहीं थे। जाति प्रथाके समर्थन में कहा जाता है कि आधुनिक सभ्य समाज में कार्य कुशलता के लिए श्रम विभाजन को आवश्यक माना जाता है। जाति प्रथा भी श्रम विभाजन करती है। इसलिए यह ठीक है। इसके साथ ही जाति प्रथा के समर्थक एक दूसरा तर्क भी देते हैं। जातियां नस्ल का रूप हैं। इससे नस्ल एवं रक्त की शुद्धता की रक्षा होती है। किन्तु अम्बेडकर ने वैयक्तिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक वह वैज्ञानिक आधारों पर इसे खारिज कर दिया। एक व्यक्ति की दृष्टि से जाति प्रथा हानिकारक है। यह वेशों को तय करने के बाद अस्वाभाविक विभाजन करती है। इसमें इसमें व्यक्ति की भावना इच्छा रुचि का काई स्थान नहीं होता। इसमें मनुष्य की निजी क्षमता एवं प्रशिक्षण का भी काई स्थान नहीं होता।

सामाजिक दृष्टि से भी यह हानिकारक है। इससे हिन्दू समाज असंगठित बना रहा। विभिन्न जातियों के भिन्न-भिन्न आदर्श और स्वार्थ होते हैं। यह जातियों के बीच में संघर्ष का आधार बन जाते हैं। आदिवासियों के उत्थान तथा शूद्रों के उद्धार प्रयास में जाति, व्यवस्था बाधक है। आर्थिक दृष्टि से ीाी जाति प्रथा हानिकारक है क्योंकि व्यवसाय-परिवर्तन की अनुमति न देकर यह भारत मंे बेरोजगारी का प्रमुख व प्रत्यक्ष कारक बनी हुई है।

धार्मिक दृष्टि से भी जाति प्रथा हानिप्रद है। हिन्दू धर्म में विशेष रूप से पाये जाने के कारण यह हिन्दू धर्म के प्रसार में बाधक रही है। जाति प्रथा का कोई जीव-वैज्ञानिक आधार भी नहीं है। अम्बेडकर के अनुसार जातियांे (जीव वैज्ञानिक समानताएं) का कोई रूप नही होता है। संतान में पाये जाने वाले गुणों या लक्षणों पर जीव विज्ञान या आनुवंशिकी में आज तक सहमति नहीं बन पाई। इसलिए यहकहना कि जातियां नस्ल के रूप में जीव-वैज्ञानिक इकाईयां हैं -उस तरह से है कि हिन्दुओं के पूर्वजों केा आनुवंशिकता है उस ज्ञान की हजारों वर्ष पूर्व प्राप्ति कर सके हैं। उस ज्ञान की हजारों वर्ष पूर्व प्राप्ति का दावा करना हास्यास्पद है। दूसरे यदि जातियांे को नस्लों का रूप मान भी लिया जाये तो अन्तर्जातीय भोजों पर पाबंदी क्यों है? जातियां समाज का नस्लीय विभाजन नहीं है वरन ये नस्ल का सामाजिक विभाजन है।

समानता का सकारात्मक तर्क भी जातिभेद का खण्डन करता है। जाति-भेद योग्यता का हनन है और सक्षम तथा सुविधा-संपन्नों का समर्थन है। किसी मनुष्य की क्षमता तीन बातों पर निर्भर करती है। -शारीरिक वेष, परंपरा, सामाजिक उत्तराधिकार तथा व्यक्ति विशेष के अपने प्रयत्न। अगर किसी व्यक्ति विशेष के असमान प्रयत्न के कारण असमान व्यवहार किया जाये तो यह अनुचित नहीं है। परन्तु किसी व्यक्ति विशेष के शारीरिक वंश परंपरा के कारण, सामाजिक उत्तराधिकार के कारण असमान व्यवहार किया जाये तो यह अनुचित है। यह उत्तम कुल, शिक्षा, पारिभाषिक ख्याति, पैतृक संपदा तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठा को लाभ देना होगा। यह याग्य का चयन नहीं है। सक्षम का चयन है। दूसरे अम्बेडकर समानता को व्यवहार्य सिद्धांत मानते थे। आधुनिक राजनीतिक सभी की अलग-अलग क्षमताओं तथा आवश्यकताओं के आधार पर अलग-अलग व्यवहार नहीं कर सकते।

14.5 गांधी जी के तर्क-

गांधी जी ने जाति भेद का विरोध मूलतः आध्यात्मिक तर्क द्वारा किया है। गांधी आध्यात्मिक समानता को जातिगत असमानता के विरोध में पार रहे थे। गांधी ने इस विरोध को खारिज कर सबके बिल्कुल बराबर होने की घोषणा की। गांधी के अनुसार -हम सब बिल्कुल बराबर हैं किन्तु यह बराबरी आत्मा की है न कि शरीर की। एक व्यक्ति का स्वयं को दूसरे से श्रेष्ठ समझना मनुष्य के प्रति पाप है। गांधी जाति भेद को वर्ण व्यवस्था का दुरुपयोग मानते थे। वे वर्ण व्यवस्था के चार विभाजनों को मौलिक और स्वाभाविक मानते थे। उन्होंने कहीं-कहीं जातियों केा अनावश्यक तथा प्रगति के लिए बाधक बताया है। प्रगति के लिए बाधक बताना-गांधी का आर्थिक तर्क है। लेकिन गांधी श्रम विभाजन करने वाली पैतृक कौशल को सुरक्षित करने वाली तथा प्रतियोगिता को मर्यादित करने वाली जाति प्रथा का समर्थन करते हैं। गांधी इस बिन्दु पर वर्ण और जाति के बीच की रेखा को मिटा देते हैं।

14.6 जाति भेद का उन्मूलन

गांधी जी जाति-भेद के उन्मूलन के लिए धार्मिक, आर्थिक व नैतिक सुधारों की बात करते हैं। गांधी के अनुसार जाति भेद का उन्मूलन सच्चे धर्म की स्थापना से संभव है।सच्चे धर्म का तकाजा है कि हम सभी स्वेच्छा से अतिशूद्र (अधिक सेवा भाव) बन जायें। चंूकि शूद्र शारीरिक श्रम द्वारा दूसरों की सेवा करके जाति भेद में छिपी उच्चता अथवा श्रेष्ठ होने का भाव नकार दिया जाता है। जहां अम्बेडकर जाति भेद को धार्मिक भावना पर आधारित मानते थे वहीं गांधी जी जाति भेद को धार्मिक मानने से इन्कार करते हैं। गांधी जी के अनुसार धर्म के साथ जाति का कोई प्रयोजन नहीं है। मुझे किसी धर्म ग्रन्थ में ऐसे अवरोधों और भेद भाव का विधान नहीं मिलता। अम्बेडकर जाति भेद के किले को तोड़ने के लिए जातियों के साथ पवित्रता और ईश्वरीय विधान की भावना को समाप्त करना चाहते थे। इसके ठीक विपरीत गांधी जी सबकुछ ईश्वर द्वारा रचित है, इसलिए सबकुछ समान है इस धार्मिक भावना की पुर्नवापसी चाहते थे। गांधी जी - मैं अद्वैत में विश्वास करता हूँ। मुझे मनुष्यों की ही नहीं प्राणि मात्र की एकता में विश्वास है। उदय और पतन सबका साथ-साथ होता है। इसी को सर्वोदय कहते हैं।

गांधी जी को अमीरी और गरीबी से जोड़ते हुए अमीरी-गरीबी के अंतर को समाप्त करने के लिए स्थानान्तरण के सिद्धांत की बात करते हैं। हमें स्वयं को अपने धन का स्वामी नहीं वरन् न्यासी मानना चाहिए। अपनी सेवा के उचित पारिश्रमिक से अधिक को अपने पास न रखते हुए समाज सेवा पर लगा देना चाहिए। इससे जाति या आर्थिक शिकायतों को आधार बनाकर उठने वाले तमाम झगड़े समाप्त हो जायेंगें। गांधी जी अन्नदायी श्रम के सिद्धांत द्वारा भी जाति भेद को कमजोर करने मंे विश्वास करते हैं। अन्नदायी श्रम के सिद्धांत के अनुसार जीवित रहने के लिए हर व्यक्ति को श्रम करना आवश्यक है। इससे मानसिक कार्याें को उच्च तथा शारीरिक श्रम को निम्न माने जाने की धारणा डूब जायेगी। गांधी जी ने कहा था -हर व्यक्ति को स्वयं अपना भंगी बनना होगा।

हृदय परिवर्तन के नैतिक कारक में भी गांधी जी का अटूट विश्वास था। गांधी जी विश्वास था कि पाप से घृणा करो पापी से नहीं क्योंकि पापी व्यक्ति भी भीतर से अच्छा होता है प्रत्येकव्यक्ति की आत्मा में सत्य का निवास है। इस सत्य को अहिंसा और प्रेम के मूल्यों के रूप में जागृत करना होगा। सच्चा प्रेम भेद की दीवारों को तोड़ देता है। इसमें जाति भी शामिल है। अम्बेडकर ने जाति उन्मूलन के लिए कुछ उपायों की चर्चा की है। अम्बेडकर के अनुसार - उपजातियों को समाप्त कर देने पर जाति प्रथा के प्रसार पर अंकुश लगेगा। अन्तर्जातीय विवाह व भोज को स्वीकार किया जाये। किन्तु स्वयं अम्बेडकर भी इन उपायों को अपर्याप्त मानते हैं। उनका विचार था कि जाति ईंट-गारे की दीवार या कांटेदार तारों की घेरा बंदी नहीं है जो लोगों को आपस में मिलने से रोकती है और जिसको गिरा देने से बाधा

दूर हो जायेगी। यह तो एक धारणा अर्थात् मानसिक स्थिति है। अतः जातिवाद की समाप्ति का अभिप्राय किसी भौतिक पदार्थ का अस्तित्व मिटाना नहीं है। वरन् धारणा अर्थात् भावनात्मक परिवर्तन से है।

अम्बेडकर जाति का संबंध धर्म से जोड़ते थे और इसीलिए वे धर्मशास्त्र में संशोधन की आवश्यकता पर बल देते थे। वे मानते थे कि पुरोहित था ब्राह्मण और पवित्र धर्मशास्त्र जाति प्रथा को बनाये रखने में सबसे बड़े कारण हैं। अम्बेडकर जातिवाद को ब्राह्मणवाद की उपज मानते थे। इसीलिए वे ब्राह्मण वादको समाप्त करके हिन्दू धर्म में व्यापक परिवर्तन करते हुए प्रथा के उन्मूलन की बात करते हैं। महात्मागांधी भी जाति प्रथा और छुआ छूत को सामाजिक पुननिर्माण में एक बड़ी बाधा मानते थे। किन्तु गांधी और अम्बेडकर के बीच जाति प्रथा के संबंध में कई महत्वपूर्ण मतभेद थे। गंधी जी ने जाति प्रथा व छुआछूत का विश्लेषण जिस रूप में किया अम्बेडकर उससे बिलकुल भिन्न रूप में करते हैं। अम्बेडकर जाति का कारण धर्म को मानते थे। जबकि गांधी जी जाति धर्म में संबंध नहीं मानते थे। गंाधी जी ने हरिजन में लिखा - धर्म के साथ जाति का कोई प्रयोजन नहीं है। दलित उत्थान के उपायों एवं रणनीतियों के बिन्दु पर भी दोनों में मतभेद था। गंाधी जी ने अछूतों को हरिजन का प्रेमपूर्ण नाम दिया था। इसके साथ ही गांधी दलित उत्थान के लिए किसी अधिकार या संघर्ष की मांग के बजाय सवर्णंि में पाप-बोध पैदा करना चाहते थे। जबकि अम्बेडकर अधिकार व संघर्ष की बात करते थे। गांधी जी के लिए पूना पैक्ट सवर्णंि का पाप-बोध था। जबकि अम्बेडकर के लिए दलितों के राजनीतिक संघर्ष का एक पड़ाव था।

वास्तव में महात्मा और अम्बेडकर के बीच राजनीति के मूलगामी सिद्धांत में ही फर्क था। महात्मा गांधी राजनीति को सत्य व अहिंसा से संचालित करना चाहते थे, अम्बेडकर समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व से। दलित मुक्ति के लक्ष्य पर भी दोनो में मतभेद था। महात्मागांधी हरिजनोत्थान को हिन्दू धर्म के भीतर की समस्या मानते थे। अम्बेडकर दलितोत्थान को हिन्दू धर्म के ढांचे की समस्या मानते थें महात्मा गांधी हरिजनों को हिन्दू धर्म के दायरे से बाहर जाने के विरोधी थे जबकि अम्बेडकर दलित समानता की मांग को हिन्दू धर्म से बाहर जाकर समाधान करने के पक्षपाती थे। अम्बेडकर द्वारा 1956 में लाखों दलितों के साथ बौद्ध धर्म का अपनाया जाना इसी बात की ओर संकेत करता है।

14.7 निष्कर्ष:

वास्तव में गांधी और अम्बेडकर दोनों ने जाति के नकारात्मक पक्षों को ज्यादा आधार बनाया किन्तु राजनीति ने जाति का आधुनिकीकरण कर दिया है। जातियों के पद-क्रम बदले हैं, छुआछूत की भावना कम हुई है। पारंपरिक निष्ठायें आधुनिक लोकतांत्रिक निष्ठाओं से जुड़ गई हैं। भारत में लोकतांत्रिक राजनीति में विभाजनकारी तत्वों के बजाय एकताकारी तत्वों को बल प्रदान किया है और इसका आधार जाति समूह रहे हैं। इसलिए जातियों के नकारात्मक तत्वों को बदलने की बात सोचनी चाहिए। आधुनिक राजनीतिक दृष्टि से भी जातियों के बदलाव के बारे में तो सोचा जा सकता है। किन्तु एक झटके में ही जातियों की सामूहिकता के बारे में सोचना एक यूटोपिया है।

.....000.....

खण्ड–8 : महात्मा गांधी

इकाई–16 : सत्य अहिंसा

ईकाई का रूपरेखा

16.0 उद्देश्य

16.1 प्रस्तावना

16.2 सत्य और अहिंसा

16.2.1 गाँधीजी के अहिंसा की अवधारणा

16.3 सत्य व अहिंसा का प्रभाव

16.4 सारांश

16.5 शब्दावली

16.6 उपयोगी पुस्तकें

16.7. बोध प्रश्नों के उत्तर

16.0 उद्देश्य

इस इकाई के पढ़ने के बाद इस योग्य होना चाहिए कि आप –

- सत्य और अहिंसा के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है तथा इसके द्वारा हम कैसे न्यास की स्थापना कर सकें।
- सामाजिक न्याय की स्थापना में सत्य और अहिंसा की विचार धारा को ग्रहण करायें
- कैसे सत्य और अहिंसा एक दूसरे के पूरक हैं।
- गाँधीजी ने सत्य और अहिंसा को निहत्थों का हथियार बताया इसकी जानकारी प्राप्त कर सकें।

16.1 प्रस्तावना –

इस इकाई का उद्देश्य सत्य और अहिंसा के द्वारा सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं नैतिक परिवर्तन पर चर्चा करेंगे। गाँधीजी की मूल परिकल्पना में अहिंसा का स्थान सर्वोपरि है। अहिंसा और सत्य का गाँधीजी ने सूक्ष्म विष्लेषण कर उसे व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में प्रयोग किया। एक व्यवहारिक आदर्शवादी की तरह गाँधीजी ने हमेंशा सत्य व अहिंसा दोनों की बात की। अपने व्यवहारिक

आदर्शवाद की तह में जाकर उन्होंने अहिंसा के व्यवहारिक प्रयोग को अमली जामा पहनाया तथा विश्व को अहिंसक क्रांति का एक नया अस्त्र दिया।

गाँधीजी के अहिंसा के सिद्धांत एवं उसके प्रयोग की जितनी आवश्यकता उनके जीवित रहत थी आज इसकी आवश्यकता उससे ज्यादा महसूस की जा रही है।

गाँधीजी ने अहिंसा के विभिन्न प्रयोग किए। साथ ही इन प्रयोगों में वे सफल रहे। गाँधीजी की अहिंसा को समाज से विमुक्त नहीं करती बल्कि इसे समाज में अहिंसा के प्रयोग को करने को प्रेरित करती है।

16.2 सत्य और अहिंसा

हमारी सारी प्रवृत्तियों का केन्द्र सत्य होना चाहिए। सत्य हमारे जीवन का प्राण होना चाहिए। धर्म यात्री की प्रगति में जब एक बार यह मंजिल आ जाती है तब सही जीवन के और सब नियम अनायास या जाते हैं और उनका पालन स्वाभाविक बन जाता है। परन्तु सत्य के बिना जीवन में किसी भी सिद्धांत या नियम का पालन असंभव है।

सत्य ईश्वर का सही नाम है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य अपने ज्ञान के अनुसार सत्य का पालन करें तो उसमें कुछ भी बेजा नहीं हैं बेशक, वैसा करना उसका कर्तव्य है। फिर अगर इस प्रकार सत्य पालन में किसी से कोई भूल हो जाती है तो वह अपने आप ठीक हो जायेगी। क्योंकि सत्य की खोज में तप स्वयं सहने की जरूरत होती है, कभी–कभी उसके पीछे मर मिटना होता है। इसमें स्वाथ के लिए किंचित भी गुंजाइश नहीं हो सकतीं सत्य की ऐसी निःस्वार्थ खोज में कोई बहुत समय तक पथभ्रष्ट नहीं हो सकता। ज्योंही वह गलत रास्ते पर जाता है, त्योंही ठोकर खाकर गिरता है और इस प्रकार फिर सही मार्ग पर लग जाता है।

अहिंसा या प्रेम का जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। अहिंसा के सिद्धांत का भंग कर हर बुरे विचार से अनुचित जल्दबाजी से झूठ बोलने से, घृणा से और किसी का बुरा चाहने से भी होता है। दुनिया के लिए जो वस्तु जरूरी है उस पर अधिकार जमाने से भी इस सिद्धांत का भंग होता है। अहिंसा के बिना सत्य की खोज असंभव है। अहिंसा और सत्य आपस में इतने ओत–प्रोत है कि उन्हें एक दूसरे से अलग करना लगभग असंभव है वे सिक्के के दो पहलू हैं। अहिंसा साधन है सत्य साध्य है। साधन तभी साधन है जब वह हमारी पहुंच के भीतर हो, और इसलिए अहिंसा हमारा सर्वोपरि कर्तव्य है।

सत्य और अहिंसा एक दूसरे के पूरक हैं सत्य और अहिंसा एक दूसरे का अर्थ स्पष्ट करते हैं। गाँधीजी ने कभी भी अहिंसा के अमूर्त रूप की बात नहीं बल्कि हमेंशा उन्होंने इसे मूर्त रूप में प्रस्तुत किया। गाँधीजी ने बाद के वर्षों में इसके अर्थ को कुछ निश्चित तत्वों व घटनाओं से सम्बद्ध व सरलीकृत करने की कोशिश की। लेकिन सत्य के प्रति उनकी जागरूकता ने हमेंशा की तरह उन्हें सही रास्ता दिखाया।

गाँधीजी का सम्पूर्ण जीवन समझौतों और समायोजनों का समन्वय था परन्तु गाँधीजी ने अपनी मौलिकता से कभी समझौता नहीं किया। मानवीय अवधारणाएं जो कि मानवीय संवेदनाओं से किसी भी स्तर या कमतर नहीं है, हमेंशा से द्वन्, के इर्द–गिर्द ही घूमती रही है फिर वह द्धन्द अच्छाई बुराई का हो या ठंडे–गर्म का। हिंसा और अहिंसा भी इसका कोई अपवाद नहीं है। शुद्ध हिंसा की ही तरह शुद्ध अहिंसा भी मानवीय अस्तित्ववान हो सकता है। विरोधी की तरह नहीं। जिस स्थायी व निरंतर शांति की तलाश मानव अपने निर्माण काल से ही कर रहा है वह एक दिखावा मात्र है। युद्ध व शांति, द्धन्द व मिलन, मानवीय सामाजिक, राजनीतिक व मनोवैज्ञानिक विकास प्रक्रिया के दो अभिन्न अंग हैं। क्रम विकास युद्ध से शांति

की ओर गमन है, यह आम अवधारणा है विल्कुल तथ्यों से परे और भ्रामक है। वरन इसके बजाय मानवीय विकासक्रम एक प्रकार के शांति व युद्ध से दूसरे प्रकार की शांति व युद्ध की तलाश है। यह सापेक्ष है न कि सम्पूर्ण विकास क्रम।

गाँधीजी ने सत्य को मूल अर्थ में लिया है। सत्य का आदर्श प्रहलाद का आदर्श है। सत्य आत्मा है ईश्वर है अतः आचरण ही सत्य है। यही सत्याग्रह है। सत्याग्रह निष्क्रिय प्रतिरोध नहीं है। उन्होंने इसका प्रारम्भ 1908 में दक्षिण अफ्रिका में किया था। सत्याग्रह शारीरिक बल नहीं है अपितु आत्मबल है। आत्मा में प्रेम की लौ जलती है। सत्याग्रही कभी भी जिसका विरोध करता है उसका अहित नहीं चाहता। राम सत्याग्रह के प्रतीक है रावण की अनन्त भौतिक शक्ति आत्मबली राम के सामने कुछ भी नहीं है। सत्याग्रह कामधेनु है। सत्याग्रह से सत्याग्रही एवं विरोधी दोनों का लाभ होता है। हरिषचन्द्र, मीराबाई, सुकरात सत्याग्रही थे। सत्याग्रही अपने सत्य पर अड़ जाता है। हार शब्द उसके शब्दकोष में नहीं है। वह किसी अन्य की प्रतीक्षा नहीं करता, वह निर्भय होता है। सत्याग्रह मात्र सरकार के विरुद्ध ही नहीं होता वह किसी भी अत्याचार या अन्याय के विरोा में हो सकता है चाहे वह व्यक्ति द्वारा हो, समाज द्वारा हो या सरकार द्वारा। गाँधीजी लिखते है थोरो ने अपने ही समाज का जो दास व्यापार में सलग्न था, विरोध किया, इसी प्रकार मार्टिन लूथर किंग ने अपने ही लोगों के विरुद्ध सत्याग्रह के बल पर जर्मनी को स्वतंत्र किया।

सत्याग्रह का आदर्श 'सत्यमेंव जयते' है। ईश्वर की उपस्थिति एवं पथ प्रदर्शन सत्याग्रह की पूर्वमान्यता है। सत्याग्रही को शक्ति अपनी आत्मा से ईश्वर से मिलती है। वह अंतरात्मा की आवाज के अनुसार आचरण करता है। यही सत्याग्रह सर्वदा समष्टि के लाभ के लिए होना चाहिए। सत्याग्रही विजयी होता है किन्तु उसकी विजय उसके विरोधी ही पराजय नहीं होती अपितु उसकी वह अधिक महत्वपूर्ण विजय होती है क्योंकि सत्याग्रह के द्वारा असत्, अमंगल एवं अन्याय दूर होता है। इस प्रकार विरोधी पथभ्रष्ट होने से बचता है। यह विरोधी का परिवर्तन है। यह प्रश्न उठ सकता है कि सत्य क्यों वरेण्य है? क्या सत्याग्रह दुराग्रह नहीं है क्या आज आए दिन सत्याग्रह के नाम पर दुराग्रह का कारण बन जाता है। आदर्श का प्रयोग ज्यों ही अनुचित ढंग से होगा वह आदर्श नहीं रह सकेगा। गाँधी के अनुसार सत्य ईश्वर है। परमतत्व है। साथ ही वह परममूल्य, निःश्रेयस् भी है अतः वही तथ्य को कहना चाहता है। सत्य का शत्रु कोई नहीं होता क्योंकि उसकी आत्मा प्रेम से आप्लावित रहती है। सत्याग्रह की योग्यता पर इस प्रकार सचमुच अत्यन्त कठिन साधना से प्राप्त होती है।

अहिंसा मात्र हिंसा न करने से पूर्ण नहीं होती बल्कि इसके लिए मन, वचन और कर्म को एक जैसा रखना होता है। गाँधी ने सत्याग्रह का आदर्श प्रहलाद को बताया है। इस संदर्भ में विचारक के अनुसार जैन धर्म में अहिंसा पर गंभीरता पूर्व विचार किया गया है। किन्तु वह निषेधात्मक है। यह ठीक है किन्तु विचार का ध्यान विचार गौतम बुद्ध की अहिंसा के विधायक पक्ष महाकरुणा पर आधारित था। विचारक शायद पांतजल के योगसूत्र के 'अहिंसा प्रतिष्छायां तत्र सन्निद्यौ बैर त्यागः' के भाव को समझ सका। हिन्दू ऋषियों में गाय, हिरण एवं मयूर के साथ–साथ सिंह व्याघ्र एंव सांप भी विचरण करत है। हिन्दू ऋषिकुलों में पले सिंह शावकों के साथ खेलने वाले, उनके दाँत गिनने वाले भरत का यह भारत है। विचारक हिन्दू अहिंसा की परम्परा को कादम्बरी के जाबालि आश्रम के वर्णन में देख सकता है जब यह प्रश्न उठ सकता है कि क्या अहिंसा सही अर्थ में व्यवहार्थ है। क्या हम खाते,पीते, चलते, श्वसन करते जाने अनजाने हिंसा नहीं करते? गाँधी ने इसे सविनय स्वीकारा है। हम आत्यान्तिक अर्थ में अहिंसक नहीं हो सकते। वह हमारी असमर्थता है। इस स्थिति में अहिंसा के व्रतों के कार्यो का एकमात्र स्रोत करुणा है। यदि वह भरसक अणुतम जीवों को भी नष्ट होने से बचा सके और इस प्रकार सतत् हिंसा से मुक्त होने का प्रयत्न करता है

तो वह अहिंसा व्रती होगा। गाँधीजी ने अपनी आत्मकथा में इस प्रकार लिखा है– सत्य का पूर्ण आभास अहिंसा के पूर्ण साक्षात्कार से ही संभव है। गाँधी ने अपनी आत्मकथा का अन्त मनसा, वाचा, एवं कर्मणा अहिंसा के वरदान हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया है। इस प्रकार सत्य अहिंसा का व्रती ही सत्याग्रह का अधिकारी है।

16.2.1 गाँधीजी के अहिंसा की अवधारणा–

गाँधीवादी अहिंसा मुख्य रूप से आध्यात्मिक लक्ष्य तथा गौण रूप से राजनीतिक व सामाजिक लक्ष्यों से प्रेरित होने के कारण आधुनिक समाज में अपनी लोकप्रियता व स्वीकार्यता आज भी बरकरार है। एक नेता व विचारक के रूप में गाँधीजी की महानता इस बात में निहित थी कि उन्होंने अहिंसा के व्यक्तिपरक संदेश को जन आन्दोलन के सफल तकनीकी परिवर्तित कर दिया। महावीर, बुद्ध, नागसेन और शांतिदेव ने हिंसा को व्यक्तिगत क्रिया व प्रेरणा से जोड़ा है लेकिन गाँधीजी ने इसे एक सामाजिक व राजनीतिक तकनीकी में तब्दील कर दिया। उनके विचार में राजनीति में सुधार का सर्वोत्तम साधन अहिंसा ही हो सकता है।

हिंसा एक ऐसा व्यापक वर्ग है जिसकी अभिव्यक्ति, व्यक्तिगत व संस्थागत दोनों स्तरों पर होती है। बुरे विचार, बदले की भावना, ईर्ष्या, कटुता, निष्ठुरता तथा यहां तक कि अनावश्यक पदार्थों को अनावश्यक रूप से इकट्ठा करना भी व्यक्तिगत हिंसा की श्रेणी में आता है। अहिंसा दूसरों को कष्ट, हानि या चोट पहुंचाने से बचना मात्र नहीं है वरन यह सकारात्मक आत्म बलिदान व रचनात्मक दुख भोग के प्राचीन सिद्धांतों की भी अभिव्यक्ति करती है। गाँधीजी ने इसे पूर्ण निःस्वार्थ तथा वैश्विक प्रेम के रूप में रूपायित किया। अहिंसा के अंतिम लक्ष्य में तथा दुश्मनों या विरोधियों के प्रेम पूर्वक अंगीकार भी शामिल है। 1930 में गाँधीजी ने कहा –सर्पदंश से पीड़ित दुश्मन की जान बचाने के लिए वह उसके जहर को चूसना सहर्ष स्वीकार करेंगे।' अतः अहिंसा सकारात्मक करुणा व प्रेम का पर्याय है।

गाँधीजी सम्पूर्ण विश्व को परिवार मानते हुए अहिंसा को वैश्विक शांति व एकता को सुनिश्चित करने वाली एक अनिवार्य व अपरिहार्य ताकत मानते थे। गाँधीजी के अनुसार अहिंसा का सामाजिक अनुप्रयोग आध्यात्मिक तत्व में मीमांसा की स्वीकृति तथा सामाजिक सद्भाव के अनवरत उन्ननयन पर निर्भर करता है। उन्होंने अहिंसा को वैश्विक दैविक सत्ता में समाहित करते हुए कहा कि जीवन की प्रत्येक अंक पवित्र है। अहिंसा अब अपरिहार्य रूप से सत्य या ईश्वर की एकीकृत हैं। गाँधीजी प्रत्येक मानव को ईश्वर की संतान मानते थे। इसलिए किसी भी जीव को किसी भी रूप में सताने को वह इस व्यक्ति के दैवीय रूप का अपमान मानते थे।

अहिंसा के व्यवहार के लिए सत्य तथा ईश्वर की करुणा में अगाध श्रद्धा का होना नितान्त आवश्यक है। आत्मनिरीक्षण इनका एक प्रमुख तत्व है। अहिंसा के व्रतियों के लिए यह अपेक्षित है कि वह लोभ, दंभ वासना, ईर्ष्या, घृणा तथा कपट से मुक्ति का पूरेमन से प्रयत्न करें। यह निरन्तर गुणात्मक उन्नयन की ओर ले जाने का मार्ग है। प्रत्येक अहिंसक सत्याग्रहियों के लिए अहिंसा के व्रत का अनुपालन जरूरी है ताकि दूसरों के लिए यह प्रेरणा का सबब बन सके। इसलिए अहिंसा मानकों को स्वीकृति का मतलब है मूल्यों का नैतिक मूल्यांतरण। अगर प्रेम के नियम या व्रत का अनुपालन दृढ़ता पूर्वक किया जाए तो यह सम्पूर्ण समाज व सभ्यता को गुणात्मक व चारित्रिक उत्थान की ओर प्रेरित कर सकता है।

अहिंसा के व्रती अपने विरोधियों तक के जीवन को आदर व सरकार की भावना से देखें ऐसी अपेक्षा थी। हरिजन में अपने एक लेख में गाँधीजी ने लिखा– तुम सत्याग्रही नहीं हो यदि तुम अपने विरोधियों को

मरते हुए देखकर भी निष्क्रिय बने रहते हो। तुम्हें उसके जीवन की रक्षा हर कीमत पर करनी चाहिए भले ही तुम्हें इसके लिए अपनी जान की बाजी लगानी क्यों पड़े।

बोध प्रश्न–1– रिक्त स्थानों की पूर्ति करो –

सत्य के बिना जीवन में किसी भी सिद्धांत या नियम (1) ..... है। सत्य (2) .....नाम है। अहिंसा या प्रेम का जीवन में (3)..... है। सत्य और अहिंसा (4) .....है। अहिंसा के व्यवहार के लिए (5) ..... आवश्यक है। प्रत्येक अहिंसक सत्याग्रहियों के लिए ..... (6) ..... जरूरी है। तुम्हें (7) ..... चाहिए। भले ही क्यों न (8)..... पड़े।

16.3 सत्य व अहिंसा का प्रभाव–

गाँधीजी ने सत्य को मूल अर्थ में लिया। सत्य का आदर्श प्रह्लाद का आदर्श हैं सत्य आत्मा है ईश्वर है अतः अंतरात्मा के अनुसार जो सही हो उसका वाचा, कर्मणा आचरण ही सत्य आचरण है। सत्य का मानव के सम्पूर्ण जीवन में प्रभाव पड़ता है यदि मनुष्य सत्य का अनुकरण करता है तो उसे अपना उद्देश्य पूर्ण करने में सरलता न सहजता प्राप्त होती है। हां सत्य में बाधाएं अनेक हैं लेकिन ये बाधाएं जैसे ही दूर होगी मानव में स्थायित्व का भाव स्वतः ही आ जायेगा।

इसी प्रकार गाँधीजी ने अहिंसा का भी मानवीय जीवन पर गहरा प्रभाव दृष्टिगत किया है। मून के अनुसार मनसा, वाचा एवं कर्मणा किसी का अमंगल न होने देना अहिंसा है। ईंट का जवाब पत्थर के स्थान पर 'जो तूको कांटा बुवै ताहि बोई तू फूल' में विश्वास करना अहिंसा है। अहिंसा का कोई शत्रु नहीं होता। अहिंसा ही मनुष्य को जानवरों से पृथक करती है। यदि हम जानवरों जैसा व्यवहार करने लगेंगे तो हमारा अस्तित्व जानवरों जैसा ही माना जाएगा जो मानवीय जीवन पर गंभीर प्रभाव छोड़ता है।

सत्य और अहिंसा के पालना द्वारा मनुष्य अपने लक्ष्य को सामाजिक सहयोग की भावना से दूसरों को बिना कष्ट पहुंचाये पूरा करता है। यदि सत्य और अहिंसा को अपनी दृष्टि से सम्पूर्ण समाज का संचालन करना हो तो शांति, सद्भाव, भाईचारा, विकास, सहयोग, सहिष्णुता तथा सर्वधर्म समभाव की भावना स्वतः व्ययाप्त हो जायेगी। सत्य और अहिंसा मानव जीवन को खुशहाल करने, प्रगति करने तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करता है। इन दोनों का प्रयोग करने वाला मनुष्य कभी भी अनैतिक, अमानवीय, अराजक, तथा असंतुष्ट नहीं रह सकता है। सत्य और अहिंसा गाँधीजी के द्वारा व्यावहारिक जीवन में लाया गया महत्वपूर्ण परिवर्तन है। इसका अनुकरण सभी मानव जाति को करना चाहिए।

बोध प्रश्न–2– (1) सत्य का आचरण क्या है?

_____
_____
_____

(2) अहिंसा क्या है?

_____
_____
_____
_____

(3) 'जो तूको कांटा वुवै ताहि वोई तू फूल' का अर्थ क्या है?

_____
_____
_____
_____

(4) सत्य और अहिंसा किस प्रकार मानव जीवन पर प्रभाव डालता है?

_____
_____
_____
_____

16.4 सारांश

इस इकाई में हमने मुख्य तौर पर सत्य और अहिंसा का विस्तृत वर्णन किया है तथा मानव जीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है का वर्णन किया हैं गाँधी जी की मूल परिकल्पना में अहिंसा का स्थान सर्वोपरि हैं। अहिंसा का गाँधीजी ने सूक्ष्म विश्लेषण कर उसे व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय प्ररिप्रेक्ष्य में प्रयोग किया गया है।

सत्य और अहिंसा एक दूसरे के पूरक हैं। सत्य और अहिंसा एक दूसरे का अर्थ स्पष्ट करता है। गाँधीवादी अहिंसा मुख्य रूप से आध्यात्मिक लक्ष्य तथा गौण रूप से राजनीतिक व सामाजिक लक्ष्यों से प्रेरित होने के कारण आधुनिक समाज में अपनी लोकप्रियता व स्वीकार्यता आज भी बरकरार है।

16.5 शब्दावली

सर्वधर्मसमभाव : सभी धर्मों के साथ समान भाव होना।

चारित्रिक उत्थान : चरित्र का विकास

अहिंसा के व्रती : अहिंसा का पालन करने वाले।

गाँधीवादी अहिंसा : गाँधीजी द्वारा बताया गया अहिंसा का मार्ग।

स्वीकार्यता : मान्यता

अनवरत उन्ननयन : लगातार वृद्धि, बिना रुकावट के आगे बढ़ना।

8.6 उपयोगी पुस्तकें

(1) हरिजन – 17.08.1934

(2) एम0के0 गाँधी–एन आटोबायोग्राफी या दि स्टोरी आप माई एक्सपेरीमेंट्स विथ ट्रुथ।

(3) वी0पी0 वर्मा : दि पोलिटिकल फिलोस्फी आपफ महात्मागाँधी एण्ड सर्वोदय।

(4) यंग इण्डिया : 18.12.1924

(5) सर्वोदय – एम0के0 गाँधी

(6) सक्सेना मिश्र शर्मा– समकालीन भारतीय दर्शन

बोध प्रश्नों के उत्तर –

बोध प्रश्न

(1) का पालन

(2) ईश्वर का सही

(3) महत्वपूर्ण योगदान है।

(4) एक दूसरे के पूरक

(5) सत्य तथा ईश्वर की करुणा में अगाध श्रद्धा का होना नितान्त

(6) अहिंसा के व्रत का अनुपालन

(7) इसके जीवन की रक्षा हर कीमत पर करनी चाहिए।

(8) जान की बाजी लगानी पड़े।

बोध प्रश्न–

(1)–मनसा, वाचा एवं कर्मणा आचरण ही सत्य आचरण है। समय का मानव के सम्पूर्ण जीवन में प्रभाव पड़ता है।

(2) हिंसा न करना ही अहिंसा है। गाँधीजी के अनुसार मनसा, वाचा एवं कर्मणा किसी का अमंगल न होने देना अहिंसा है।

(3) इसका अर्थ है कि यदि कोई दोस्त या दुश्मन भी तुम्हारी बुराई करे तो उसके बारे में सत्य और सही सोचना चाहिए। बुराई के कारण अपना नैतिक पतन नहीं कर सकते हैं।

(4) मानव के जीवन में सत्य ओर अहिंसा दो ऐसे मार्ग हैं जिस पर चलकर ही विकास किया जा सकता है। असत्य और हिंसा के द्वारा न तो किसी का विकास हुआ है और न होगा।

.....000.....

इकाई–17 सत्याग्रह

इकाई की रूपरेखा

17.0 उद्देश्य

17.1 प्रस्तावना

17.2 सत्याग्रह का अर्थ

17.3 सत्याग्रह की उत्पत्ति

17.4 सत्याग्रही की योग्यता

17.5 सत्याग्रह के व्रत

17.6 मुख्य व्रत

17.6.1 सत्य

17.6.2 अहिंसा

17.6.3 ब्रह्मचर्य व्रत

17.6.4 जीभ पर संयम

17.6.5 अस्तेय

17.6.6 अपरिग्रह

17.7 गौणव्रत

17.7.1 सामाजिक व धार्मिक सममानसिकता

17.7.2 जीविका श्रम

17.7.3 स्वदेशी

17.7.4 निडरता

17.7.5 विनम्रता

17.8 सारांश

17.9 शब्दावली

17.10 उपयोगी पुस्तकें

17.11 बोध प्रश्नों के उत्तर

17.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आपको इस योग्य होना चाहिए कि आप –

- सत्याग्रह का अर्थ और उत्पत्ति को जान सकें।
- सत्याग्रही बनने के लिए आवश्यक योग्यताओं की जानकारी हो सके।
- गाँधीजी ने सत्याग्रह के सन्दर्भ में क्या विचार दिए को बता सकें।
- भगवतगीता और सत्याग्रह किस प्रकार मानवीय जीवन से प्रभावित करते हैं बता सकें।
- सत्याग्रही विचारधारा की प्रासंगिकता सबको बता सकें।

17.1 प्रस्तावना

इस इकाई का उद्देश्य सत्याग्रह का अर्थ और उत्पत्ति के बारे में जानकारी प्रदान करना है। सत्याग्रह मौलिक रूप से गाँधीजी से सम्बन्धित नहीं था उनसे पहले भी उपनिषदों, रामायण, महाभारत, गीता, कुरान जैसे धार्मिक तथा अन्य अनेक पुस्तकों में सत्याग्रह के विचार का व्यापक उल्लेख मिलता है। इसे व्यवहार में उतारने का काम प्रहलाद, राजा हरिश्चन्द्र, सुकरात, प्लेटो, ईसा मसीह, सम्राट अशोक जैसे अनेक भारतीयों और पाश्चात्य चिंतकों ने समय–समय पर किया है। प्रहलाद शायद ऐसा पहला सत्याग्रही व्यक्ति था। जिसने अपने क्रूर पिता के अत्याचारों के खिलाफ सत्याग्रह का अभिनव प्रयोग किया। तब इसे सत्याग्रह के मूल अर्थ में नहीं समझा गया। गाँधी जी के अनुसार सत्याग्रह रूपी सिद्धांत का जन्म इसके नामकरण के पहले ही अस्तित्व में आ गया था। वास्तव में जब इसका जन्म हुआ था तो में खुद भी नहीं जानता था कि यह क्या है।

कुछ पाश्चात्य चिंतकों का विचार है कि गाँधीजी ने सत्याग्रह के विचार को, ईसा मसीह के न्यू टेस्टामेंट विशेष कर पर्वत पर के उपदेश से लिया है। कुछ अन्य लोगों का मानना है कि इस विचार को उन्होंने टालस्टाय की रचनाओं से लिया है, जबकि टालस्टाय ने खुद इसे न्यू टेस्टामेंट से लिया था। वास्तव में गाँधी जी के सत्याग्रह के विचार न तो ईसा मसीह और न ही टालस्टाय से प्रेरित है बल्कि उनकी प्रेरणा का मुख्य आधार उनके अपने वैष्णवी मत थे जिन पर उन्हें अटूट विश्वास था। देखा जाय तो सत्याग्रह भारतीय परम्पराओं से ही उपजी प्रतीत होती है।

17.2 सत्याग्रह का अर्थ

सत्याग्रह शब्द मूल रूप से संस्कृत शब्द है। यह दो शब्दों सत्य और आग्रह के मिश्रण से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है सत्य के लिए आग्रह। दूसरे शब्दों में सत्य पर टिके रहना तथा सत्य की उपलब्धि हेतु दृढ़तापूर्वक लगे रहना, जमें रहना ही सत्याग्रह है। सत्याग्रह को परिभाषित करते हुए गाँधीजी ने लिखा है–

सत्य प्रेम पूर्वक आग्रह की मांग करता है और इस प्रकार यह आग्रह ताकत के एक पर्यायवाची के रूप में बदले जाते हैं। यही कारण है कि मेंने भारतीय आन्दोलन को निष्क्रिय प्रतिरोध के बजाय सत्याग्रह

कहना शुरू किया जिसका आशय ऐसी ताकत से है जिसकी बुनियाद सत्य, प्रेम व अहिंसा के मजबूत खंभों पर टिकी है।

गाँधीजी ने इंडियन ओपिनियन में सत्याग्रह को एक पवित्र उद्देश्य हेतु दृढ़ता के रूप में रेखांकित किया है। यंग इंडिया में वे इस बात की ओ संकेत करते हैं कि सत्याग्रह –'आत्म दुःखभोग के सिद्धांत' का एक नवीन रूप भर है और हिंद स्वराज में आत्मबलिदान को अधिक श्रेयस्कर कहते हैं। तथ एक आत्मबलिदानी यानी स्व दुःख भोगी अपनी गलतियों से दूसरों को कष्ट नहीं पहुंचाता है।

सत्याग्रह, जो गांधीजी का सर्वोच्च आविष्कार, खोज या कृति है जो सत्य के ऐसे अनवरत व अविराम खोज की बात करता है, जहां हिंसा, घृणा, ईर्ष्या, दंभ व द्वेष का कोई स्थान नहीं है। इस अवधारणा का मतलब निष्क्रिया, दुर्बलता, निःसहायता या स्वार्थपरायणता नहीं है। वास्तव में यह मानवीय मस्तिष्क की ऐसी सोच तथा जीवन दर्शन को इंगित करता है जिसकी बुनियाद पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति हेतु दृढ़ इच्छा तथा घृणा पर प्रेम के विजय के सिद्धान्त पर टिकी है। असीम श्रद्धा, हृदय परिवर्तन हेतु स्वैच्छिक आत्म दुःखभोग तथा इन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अहिंसक तथा न्याय पूर्ण तरीकों को धीरता तथा सक्रियता से इस्तेमाल करना सत्याग्रह के मूल में है।

सत्याग्रह का अर्थ राजनीतिक तथा आर्थिक आधिपत्य के खिलाफ मानवीय आत्मा के शक्ति की दृढ़ता भी है। आधिपत्य हमेंशा अपने झूठ व स्वार्थ के लिए सत्य को खारिज करता है। सत्याग्रह मानवीय चेतना की सर्वोत्कृष्ट अभिव्यक्ति है। यह चेतना मानव के सत्य की प्राप्ति हेतु अहिंसक संघर्ष की ओर जोरदार ढंग से अभ्रिप्रेरित करती है।

सत्याग्रह लक्ष्य को प्राप्त करने का सरल व सहज मार्ग है। इस पर चलकर ही सत्य को प्राप्त किया जा सकता है। सत्याग्रह श्रद्धा, विश्वास, विवेक, प्रेम और विनम्रता की महानतम् अभिव्यक्ति है। यह अपने आप में एक महान विजय है। सत्याग्रह सत्य के अनसंधान तथा उस तक पहुंचने का अनवरत प्रयास है। यह अपना कार्य शांति, स्थिरता लेकिन तीक्ष्णतापूर्वक करता है। वास्तव में संसार में इसके समान लचीला, सौम्य व स्पष्ट कोई भी ताकत नहीं है। यह अन्याय, अनीति, दमन व शोषण के खिलाफ आत्मबल को खड़ा करता है। शाब्दिक रूप से इसका अर्थ होता है 'सत्य का दबाव' जो अपनी अभिव्यक्ति आत्मदुखभोग, श्रद्धा संकल्प, आत्मशुद्धि तथा आत्मविश्वास में साकार करता है।

सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक तथा नैतिक विकास में सत्याग्रह की महत्वपूर्ण भूमिका है। सत्याग्रह सभी लोगों के लिए उपयोगी नहीं है। इसका प्रयोग वही कर सकता है जिसमें सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य को मानने तथा व्यवहार में लाने की इच्छा शक्ति हो। सत्याग्रह आत्मबल को बढ़ाकर आन्तिरिक शक्ति प्रदान करती है तथा स्थायी परिणाम का निर्धारण करती है।

प्रसिद्ध गाँधीवादी आचार्य जे0वी0 कृपलानी के शब्दों में सत्याग्रह प्रहार के अलावा भी कुछ और अधिक की मांग करता है। यह कुछ अधिक संघर्षरत लोगों के सतत् नैतिक उत्थान की बात करता है। इसका अर्थ विरोधियों को नैतिक रुप से परास्त करना भी है। एक सत्याग्रही हड़ताली की अपेक्षा कहीं अधिक बेहतर असहयोगी होता है। वास्तविक रुप में सत्याग्रह सत्य के लिए अनवरत कार्याभिमुख खोज तथा असत्य के खिलाफ अहिसंक संघर्ष है।

सत्याग्रह का अर्थ राजनीतिक में सत्य के प्रयोग से है। सत्याग्रह के अन्तर्गत मानव जाति के भाई–चारे पर जोर था। इसके अंतर्गत अस्तित्व के लिए संघर्ष तथा उसमें एक के ही बच पाने जैसे जैविक सिद्धान्तों को तिलांजलि दी गई थी। सत्याग्रह हाब्स द्वारा की गई मानव जीवन की परिभाषा 'सभी का सभी

के विरुद्ध संघर्ष' को भी नकारता है। इसमें प्रेम, परस्पर सहयोग तथा सहकार को मानव प्रगति का आधार माना गया है। यह वेदान्त के इस सिद्धान्त 'समग्र जीवन एक है' का पालन करता है अथवा ईसाईयों की मान्यता के अनुसार हम एक दूसरे से संबद्ध है। मानव जीवन तथा समाज जैविक है। अपने आप को नुकसान पहुचाँए बिना कोई अपने पड़ोसी का बुरा नहीं कर सकता। गाँधीजी कहते है ''मनुष्य को भगवान की सम्पूर्ण रचना की भलाई के बारे में दिल से सोचना चाहिए तथा उससे प्रार्थना करनी चाहिए कि वह ऐसा करने की योग्यता प्रदान करे।'' सभी प्राणियों के कल्याण के बारे में सोचने में ही व्यक्ति का कल्याण निहित है जो सिर्फ अपने अथवा अपने समुदाय के बारे में ही सोचता है वह स्वार्थी है और उसका कभी भला नहीं हो सकता।

बहादुरी, बलिदान, देशभक्ति, अनुशासन आदि जैसी कुछ अच्छाइयां पारम्परिक रुप में युद्ध से संबंध है लेकिन अब यह अप्रासंगिक है क्योंकि उसके लड़ने के लिए अब अत्यन्त विध्वंसक नए हथियार बना लिए गए है। युद्ध में सिर्फ भौतिक एवं नैतिक तबाही और बर्बादी होती है। समस्याओं का हल करने के बजाए इससे वह और पेचीदा हो जाती है। ऐतिहासिक रुप में अगर हम युद्ध के कारणों की पड़ताल करें तो पायेगें कि पिछली लड़ाई से पैदा हुए असंतुलन तथा अन्याय के कारण ही पहला विश्वयुद्ध पहले से मौजूद असंतुलन के कारण हुआ था लेकिन दूसरे विश्वयुद्ध का कारण दोनों युद्धों के बीच की अवधि में स्थापित थोपी हुई शान्ति थी। अब कोई भी विश्वयुद्ध पिछले युद्ध के बाद स्थापित अन्यायपूर्ण शांति के परिणाम स्वरुप होगा।

गाँधीजी ने सत्याग्रह का प्रयोग सर्वप्रथम द0 अफ्रिका में यह किया था। यह द0 अफ्रिका को श्वेतों का उपनिवेष बनाए रखने के समर्थकों के विरुद्ध उन्हें सूझा था। उन्होंने वहाँ पर सत्याग्रह की तकनीकों को आजमाकर उनमें महारथ हासिल की। लेकिन गाँधीजी ने इसको अपने तकनीक के रुप में कभी प्रचारित नहीं किया। ऐसा शायद उनकी विनम्रता अथवा हरेक नए विचार की उत्पत्ति प्राचीन बौद्धिक विरासत से जोड़ने की भारतीय विचारकों की मानसिकता के कारण भी हो सकता है। महान विद्वान तथा देशभक्त तिलक ने उद्गारों पर ध्यान देना चाहिए। तिलक ने भी गीता पर विद्वतापूर्ण भाष्य लिए था। वह कहते है, ''कोई भी नियम तोड़ने की सजा हमेंषा निहित है। लेकिन जब कोई नियम स्वंयमेंव अनैतिक हो और सरकारी अधिकारी उसे थोपना चाहता हो सत्य, न्याय एवं धर्म में हमारी आस्था की परीक्षा आवष्यक हो जाती है और उसके लिए अनैतिक कानून की अवज्ञा की जानी चाहिए। लेकिन सत्य एवं न्याय के प्रति आस्था एवं समर्पण इतने उच्चस्तर अथवा भावप्रवण होना चाहिए कि भक्त अथवा आस्थावान के दिमाग में कर्त्तव्यनिष्ठा के अलावा कोई और नैतिक विचार आना ही नहीं चाहिए। किसी भी बाधा के बावजूद अपने कर्त्तव्य पालन पर अडिग रहने की भावना ही सर्वोच्चता होनी चाहिए। यह गुण अध्ययन अथवा विद्वता से प्राप्त नहीं किया जा सकता। यह अध्यात्मिक शक्ति है। यह उपनिषदों की शिक्षा है। यह अध्यात्मिक शक्ति हालांकि अध्ययन अथवा मनन से प्राप्त नहीं की जा सकती है बल्कि कोई प्रतिबद्ध व्यक्ति गीता के अनुसार प्रायष्चित करके इसे अभ्यास द्वारा प्राप्त कर सकता है।

बोध प्रश्न–

(1) सत्याग्रह का क्या अर्थ है?

_____

_____

_____
_____

(2) गाँधीजी ने सत्याग्रह की व्याख्या इंडियन ओपीनियन और यंग इंडिया में किस प्रकार की।

_____
_____
_____
_____

(3) सत्याग्रह के लक्ष्य को प्राप्त करने के मार्ग क्या हैं?

_____
_____
_____
_____

(4) आचार्य जे0बी0 कृपलानी ने सत्याग्रह के सन्दर्भ में क्या विचार दिये?

_____
_____
_____
_____

17.3 सत्याग्रह की उत्पत्ति

सत्याग्रह का सिद्धांत कोई नवीन खोज नहीं है। यह उतना ही पुराना हे जितना पतंजलि। गाँधीजी ने इसकी उत्पत्ति को शुद्धता के विचार से जोड़ने का जोरदार प्रयास किया। सत्याग्रह को कामधेनु बताते हुए गाँधी जी ने इसे सत्याग्रह और उसके विरोधी दोनों के लिए उपयोगी बताया। सत्याग्रह का सम्बन्ध वैदिक आर्य युग के यज्ञों से भी रहा है। 'मानव व पशु बलि' के मौलिक रूप तथा सत्याग्रह में इसके समकालीन अभिव्यक्ति के बीच (यह उपनिषदों के बौद्धिक शुद्धिकरण तथा जैनों व बौद्धों के मानवतावादी सरोकारों के तीक्ष्ण बदलावों के दौर से यह गुजरा है।)

गाँधी जी ने इस अनुपम हथियार की खोज दक्षिण अफ्रीका में नस्लीय भेदभाव के खिलाफ अपने अहिंसक संघर्ष के दौरान की। 1906 में गाँधीजी के दक्षिण अफ्रीका के प्रवासी भारतीयों को संगठित किया तथा अन्यायपूर्ण कानूनों व सार्वजनिक व्यवहारों के खिलाफ प्रतिरोध के एक नवीन तरीके को ईजाद किया जिसे गाँधीजी ने –निष्क्रिय प्रतिरोध' का नाम दिया लेकिन समय बीतने तथा संघर्ष के तीक्ष्ण होने के साथ ही यह नाम संदेह व संशय के घेरे में आ गया तथा इसे कमजोरों के हथियार के रूप में माना जाने लगा। परिणाम स्वरूप एक ऐसे अंग्रेजी शब्द का इस्तेमाल शर्मनाक माना जाने लगा जो कि आसानी से बोधगम्य नहीं हो।

उन्होंने यह महसूस किया कि जिस आन्दोलन को उन्होंने शुरू किया था वह निष्क्रिय प्रतिरोध से भिन्न कुछ अधिक गहरे अर्थों वाला था।सो इस नवीन किस्म के प्रतिरोध के पुनर्नामांकन की महती आवश्यकता को महसूस करते हुए गाँधीजी ने अपने साप्ताहिक पत्र इंडियन ओपीनियन में एक नवीन व उपयुक्त शब्द सुझाने हेतु एक छोटे से पुरस्कार की घोषणा की। उनके एक सहयोगी मगन लाल गाँधी ने 'सदाग्रह' शब्द सुझाया जिसका अर्थ होता है पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अनवरत प्रयास। गाँधीजी ने इसे पसंद किया लेकिन साथ ही यह भी महसूस किया कि यह इनके विचारों को सम्पूर्ण रूप से अभिव्यक्त नहीं करता है कयोंकि उनकी नजरों में यह एक ऐसा सत्य बल था जिसकी अभिव्यक्ति, सत्य प्रेम व अहिंसा जेसे दिव्य गुणों से परिचालित होता था। इसलिए उन्होंने इसमें थोड़ा सा संशोधन किया और इसे सत्याग्रह नाम दिया जिसका शाब्दिक अर्थ –सत्य के लिए आग्रह' है। सत्याग्रह की उत्पत्तियों पर जोसेफ जे डाक के साथ विचार–विमर्श करते हुए गाँधीजी ने निम्न विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा–

में याद करता हूं कि कैसे अपने स्कूल में सीखे एक गुजराती कविता की एक पंक्ति ने मुझे बेहद आकर्षित किया था। इसका भावार्थ कुछ इस प्रकार था– यदि कोई व्यक्ति आपकी जिज्ञासा शांत करता है और बदले में यदि आप भी उसकी जिज्ञासा शांत करते हैं तो इसमें उल्लेखनीय कुछ भी नहीं। असली बात तो तब है जब आप किसी की बुराई के बदल भलाई का दान करते हैं। बचपन की इस अवस्था में इस पंक्ति ने मेंरे ऊपर जबरदस्त प्रभाव डाला और मेंने इसे अपने व्यवहार में परिणित करने का भरसक प्रयत्न कियां

भगवद्गीता का आप पर पहला प्रभाव पड़ा होगा? के जवाब में कहा नहीं, हां यह जरूर है कि संस्कृत में लिखी भगवद्गीता से में पूरी तरह वाकिफ हूं, लेकिन इसकी शिक्षाओं को इस विशेष कार्य हेतु सन्दर्भ नहीं बनाया। वास्तव में न्यू टेस्टामेंट ने मुझे निष्क्रिय प्रतिरोध की उपयुक्तता तथ मूल्य के सही रूप में समझाया। जब मेंने पर्वत पर के उपदेश की इन लाइनों को पढ़ा कि बुरे आदमी का नहीं वरन बुराइ का प्रतिरोध करो। यदि कोई तुम्हारे दाहिने गाल पर थप्पड़ मारता है तो झट से अपना बांया गाल भी आगे कर दो तथा अपने दुश्मन को भी अपने प्रियजनों की तरह ही प्रेम करो तथा उसकी भलाई के लिए प्रार्थना करो क्योंकि वह स्वर्ग में रहने वाले तुम्हारे पिता के पुत्रों में कोई एक हो सकता है तो में आनन्द और हर्ष से अभिभूत हो गया तथा मुझे लगा कि इसने मेंरे अपने विचारों को वहां पक्का कर दिया जहां इसकी मुझे सबसे कम आशा थी। भगवद्गीता ने इस सोच को गहराई प्रदान की तथा टाल्सटाय के स्वर्ग का साम्राज्य तुम्हारे भीतर है ने इसे स्थायित्व प्रदान किया।

इस प्रकार हम देखते हैं कि सत्याग्रह की उत्पत्ति सामाजिक शान्ति बढ़ाने तथा नैतिक उत्थान के लिए आवश्यक मानी गयी। सत्याग्रह ने आपसी समझ, शान्ति व सौहार्द्र बढ़ाने का कार्य किया है इसकी उत्पत्ति जगत में क्रांतिकारी घटना थी।

बोध प्रश्न :

1. सत्याग्रह की उत्पत्ति कहां हुई?

   _____
   _____
   _____
   _____

2. मगन लाल गाँधी ने सत्याग्रह के सन्दर्भ में क्या विचार दिए।

_____
_____
_____
_____

3. गाँधीजी गुजराती कविता से किस प्रकार प्रभावित हुए।

_____
_____
_____
_____

4. बुरे आदमी का नहीं बल्कि बुराई का प्रतिरोध करो से क्या आशय है?

_____
_____
_____
_____

17.4 सत्याग्रह की योग्यता

महात्मा गाँधी ने कहा में भारतवर्ष के प्रत्येक सत्याग्रही के लिए इसे अनिवार्य योग्यता मानता हूं सत्याग्रही की निम्न योग्यताएं हैं।

1. ईश्वर के प्रति उसके मन में जीवन्त आस्था होनी चाहिए।
2. किसी भी प्रकार के नशा से उसे मुक्त होना चाहिए।
3. स्वभाव से वह खादी बुनने वाला तथा कातने वाला हो हिन्दुस्तानी के लिए यह परम आवश्यक है।
4. समय–समय पर तय किये जाने वाले सभी अनुशासनात्मक नियमों के प्रति वह वफादार हो।
5. सत्य के प्रति उसके मन में अगाध श्रद्धा होनी चाहिए। अर्थात उसे मानवीय प्रकृति में चिन्हित भलमनसाहत के प्रति उसके मन में पूरी श्रद्धा होनी चाहिए। जिसे वह अपने प्रेम व सत्य से सराबोर कर जागृत करने की अपेक्षा रखता है।
6. जेल के नियमों को वह तन–मन से तब तक स्वीकार करें तब तक कि वह उसके आत्मसम्मान को विशेष रूप से ठेस पहुंचाने वाला न हो।

इस प्रकार सत्याग्रह का पालन वही कर सकता है जो उपरोक्त नियमों का पालन सहृदयता के साथ कर सके। सत्याग्रह की योग्यता ही उसे सफलता तक ले जाता है।

सत्याग्रह का मर्म यह है कि जिन्हें अत्याचार सहना पड़े सिर्फ वे ही सत्याग्रह करें। ऐसे मामलों की कल्पना की जा सकती है, जिसमें सहानुभूति पूर्ण कहा जा सकने वाला सत्याग्रह करना उचित हो।सत्याग्रही

की जड़ में विचार यह है कि अन्यायी का हृदय परिवर्तन किया जाए कि पीड़ित पक्ष के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग के बिना अन्यायी मन चाहा अन्याय नहीं कर सकता। दोनो ही स्थितियों में अगर लोग अपने ध्येय के लिए कष्ट सहने को तैयार न हो तो सत्याग्रह के रूप में किसी बाहरी सहायता से उनकी सच्ची मुक्ति नहीं हो सकती।

सत्याग्रह के आन्दोलन में लड़ाई का तरीका और रणनीति का चुनाव अर्थात आगे बढ़े या पीछे हटे सविनय कानून भंग करे या रचनात्मक कार्य तथा शुद्ध निःस्वार्थ मानव सेवा के द्वारा अहिंक बल संगठित करें आदि बातों का निर्णय परिस्थिति की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार किया जाता है। सत्याग्रही के लिए जो भी योजना बना दी जाए उस पर उसे ठंडे निश्चय के साथ अमल करना चाहिए, न उसे उत्तेजित होना चाहिए और न निराश होना चाहिए।

17.5 सत्याग्रह के व्रत :

सत्याग्रह की सफलता तथा सत्याग्रही को विषम परिस्थितियों में कार्य हेतु शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक रूप से तैयार करने के लिए गाँधीजी ने कुछ विशेष व्रत निर्धारित किये हैं जो एकादश व्रत के नाम से प्रसिद्ध है, सत्याग्रहियों को उन विशेष व्रतों को अपने निजी तथा सार्वजनिक जीवन में पूरी तरह अपनाने की अपेक्षा रची गई। इस व्रतों को मुख्य तथा गौण दो वर्गों में बांटा गया है।

17.6 मुख्य व्रत

17.6.1 सत्य

सभी वतों में सत्य का व्रत सबसे पहले आता है, सत्य के व्रत के अनुपालन को सामान्यतः सत्य बोलने मात्र तक सीमित मान लिया जाता है। लेकिन गाँधीजी के अनुसार इसका वास्तविक अर्थ है विचार, तथाकार्य में सात्विकता सत्यता का अनुपालन। इसलिए सत्य के अनुपालन के दौरान, दुराव, छिपाव,चालाकी, धोखेबाजी तथा कपट को पूर्णतः परे रखा जाता है। सत्य का अनुपालन अनवरत प्रयास तथाजीवन के अन्य निहित स्वार्थों के प्रति उदासी के भाव के साथ किया जाना चाहिए।

इसका अर्थ है सतत् तथा पूर्ण अनाशक्ति। गाँधी जी के अनुसार सत्य के दर्शन का अनुभव अनाशक्ति से ही संभव है। क्रोध, लोभ, डर, दंभ आदि ऐसी बुराई है जो साधनों को भटकाने का कार्य करती है।

गाँधीजी ने सत्य को मूल अर्थ में लिया है। सत्य का आदर्श प्रहलाद का आदर्श है, ईश्वर है अतः अन्तरात्मा के अनुसार जो सही हो उसका मनसा, वाचा एवं कर्मणा आचरण ही सत्य आचरण है। यही सत्याग्रह है। सत्याग्रह निष्क्रिय विरोध नहीं है। उन्होंने इसका प्रारम्भ 1908 में दक्षिण अफ्रिका में किया था। सत्याग्रह शारीरिक बल नहीं है अपितु आत्मबल है आत्मा में प्रेम की लौ जलती है। सत्याग्रही कभी भी जिसका विरोध करता है उसका अहित नहीं चाहता, राम सत्याग्रह–आत्मबल के प्रतीक है। रावण की अनन्त भौतिक शक्ति आत्मबली राम के सामने कुछ भी नहीं है। सत्याग्रह कामधेनु है। सत्याग्रह से सत्याग्रही एवं विरोधी दोनों का लाभ होता है। हरिष्चन्द्र, मीराबाई, डेनियल, एवं सुकरात सत्याग्रही थे। सत्याग्रही अपने सत्य पर अड़ जाता है, 'हार' शब्द उसके शब्दकोष में नहीं है। वह किसी अन्य की प्रतिक्षा नहीं करता, वह निर्भय होता है। सत्याग्रह मात्र सरकार के विरुद्ध ही नहीं होता, वह किसी भी अत्याचार या अन्याय के विरोध में ही सकता है चाहे वह व्यक्तिगत द्वारा ही, समाज द्वारा हो सरकार द्वारा। गाँधी लिखते है कि वह

व्यक्ति द्वारा हो, समाज द्वारा हो या सरकार द्वारा। गाँधी लिखते है कि थोरो ने अपने ही समाज का जो दास व्यापार में संलग्न था, विरोध किया। इसी प्रकार महान लूथर ने ही अपने ही लोगों के विरुद्ध सत्याग्रह के बल पर जर्मनी को स्वतंत्र किया। गैलीलियों सत्याग्रही था। उसने समाज का विरोध कर, मृत्यु को स्वीकारना अच्छा समझा, किन्तु सत्य से प्रतिमुख नहीं हुआ और इस प्रकार खगोल विज्ञान को उसी अक्षुण्ण देन पृथ्वी गोल है जो सूर्य को चारो ओर चक्कर लगाती है सत्याग्रही का प्रतीक है।

17.6.2 अहिंसा

गाँधी जी कहते हैं मेंरी राय में अहिंसा केवल व्यक्तिगत सद्‌गुण नहीं है। वह एक सामाजिक सद्‌गुण भी है जिसका विकास अन्य सद्‌गुणों की भांति किया जाना चाहिए। अवश्य ही समाज का नियमन ज्यादातर आपस के व्यवहार में अहिंसा के प्रकट होने से होता है। मेंरा अनुरोध इतना ही है कि इसका राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पैमाने पर अधिक विस्तार किया जाए।

अहिंसा का शाब्दिक अर्थ हिंसा का परित्याग है। किसी जीवित प्राणी के प्राण नहीं लेने ही काफी नहीं है। इस व्रत के अनुपालक उन लोगों को भी शारीरिक या मानसिक नुकसान पहुंचाते हैं या पहुंचाने की चेष्टा नहीं करते हैं। जो उनके विचार में अन्यायी व अत्याचारी हैं। सो एक अहिंसा व्रती से इस बात की अपेक्षा की जाती है कि वह अपने धुरविरोधियों पर भी क्रोध न करें वरन् उसे प्रेम करें। अन्याय व अत्याचार का विरोध करना अहिंसा व्रतियों का धर्म है फिर वह अन्याय माता–पिता का हो, सरकार का हो या किसी और का हो लेकिन अन्यायियों या अत्याचारियों को चोट पहुंचाने की किसी की कार्यवाही अहिंसा में पूर्णतः निषेध हैं अहिंसा व सत्यव्रत के साधक अत्याचारियों पर प्रेम से विजय पाने की कोशिश करते हैं। वे शोषकों की इच्छा को ढोने के बजाय सजा भोगना पसंद करते हैं तथा उनकी अवज्ञा तब तक जारी रहती है जब तक शोषक खुद परास्त नहीं हो जाते।

मात्र हिंसा न करना ही हिंसा नहीं है। इसका गाँधी ने अत्यन्त व्यापक अर्थ में प्रयोग किया है। मनसा, वाचा, कर्मणा किसी का अमंगल न होने देना अहिंसा है। ईट का जवाब पत्थर के स्थान पर 'जो तू को काँटा बुवै ताहि बोई तू फुल' में विश्वास करना अहिंसा है। अहिंसक का कोई शत्रु नहीं होता। गाँधी के अनुसार अहिंसा की साधना के द्वारा संसार अहिंसा के व्रती के पैरो में नतमस्तक हो जाता है। सचमुच गाँधीजी अहिंसा को सत्य का पयार्य मानते है। उन्होंने सत्य एवं अहिंसा की अभिन्नता पर बार–बार बल दिया; वे दोनो इस प्रकार गुथे है कि व्यवहारतः दोनों को पृथक कर पाना असंभव है। वे एक ही सिक्के के दो पहलू है। कौन कह सकता है कि सीधा है और कौन उल्टा? कभी–कभी गाँधी के सत्य एवं साध्य अन्त में एक ही हो जाते है किन्तु स्वयं ईश्वर अत्यन्त प्रेम है। गाँधी ने अहिंसा को प्रेम माना है। अहिंसा मात्र निषेधात्मक अमंगलताहीनता ही नहीं है बल्कि प्रेम की विधायक स्थिति है।

17.6.3 ब्रह्मचर्य व्रत

उपर्युक्त दोनों व्रतों का अनुपालन तब तक संभव नहीं है जब तक ब्रह्मचर्य व्रत पालन नहीं किया जाए। इस व्रत के लिए सिर्फ यही काफी नहीं है कि कोई किसी औरत को कामुक नजरों से नहीं देखें वरन् उसे अननी पाशविक इच्छाओं को इस तरह से काबू में रखना चाहिए कि वह अपने विचार या कल्पना में भी इन इच्छाओं के वसीभूत नहीं हो पाए। यदि व्यक्ति शादी शुदा है तो उसे अपने पत्नी के प्रति विषयासक्त नहीं

रहना चाहिए। वरन् इसके बजाय उसे अपनी पत्नी को जीवन पर्यन्त सखा मानना चाहिए तथा उसके साथ पूर्णतः संबंध स्थापित करना चाहिए।

सचमुच कामेंच्छा पर अधिकार है। राष्ट्र सेवी अथवा धर्मव्रती के लिए ब्रह्मचर्य अनिवार्य है, चाहे वह विवाहित हो अथवा अविवाहित। गॉधी के अनुसार विवाह से एक पुरुष एवं एक स्त्री मात्र जीवन साथी बनते है– इस जीवन में एवं आने वाले जीवनों में भी। विवाह का आदर्श मांसल प्रेम एवं विषय वासन की तृप्ति नहीं है। अपितु धर्म साधन हेतु सन्तानोत्पत्ति। कामेंच्छा मात्र पुत्रषैण का साधन है गाँधी हिन्दूषास्त्र की इस उक्तियों में अक्षरषः विश्वास करते है गाँधी ने तो यहाँ तक लिख है कि सत्य एवं अहिंसा का व्रत बिना ब्रह्मचर्य के संभव नहीं है।

17.6.4 जीभ पर संयम (अस्वाद)

जीभ पर संयम रखे बिना उपर्युक्त वर्णित व्रतों पर खरा उतरना संभव नहीं है यह व्रत विशेषकर ब्रह्मचर्य को साधने का सबसे पहला मंत्र है। यौन पिपासा भी निश्चित रूप से स्वाद से इस तरह जुड़ी हुई है कि बिना इस पर प्रभावी नियंत्रण के पाशविक इच्छाओं पर नियंत्रण संभव नहीं हैं सो एक ब्रह्मचर्य व्रत के साधक को भोजन इस विचार से करना चाहिए कि वह इसे स्वाद के लिए नहीं वरन शरीर मस्तिष्क व आत्मा को पूर्णतः स्वस्थ रखने के लिए खाता है।

17.6.5 अस्तेय

किसी दूसरे व्यक्ति की सम्पत्ति उसकी अनुमति या जानकारी के बिना लेना या यह सोच रखना कि यह बेनामी सम्पत्ति है, निश्चित रूप से चोरी है। लेकिन गाँधीजी के अनुसार चोरी में बिना वास्तविक जरूरत के दूसरों से कुछ ग्रहण करना या तत्काल जरूरत से कहीं अधिकमात्रा में किसी सामान को प्राप्त करना या फिर तय समय सीमा से अधिक उसका उपभोग करना इच्छाओं में बेलगाम गुणोत्तर वृद्धि तथा भविष्य हेतु संचय की असीमित ख्वाहिश जबकि किसी और को इसकी तत्काल जरूरत है। वे सब शामिल हैं। उनकें अनुसार अपनी वैध जरूरत से अधिक सम्पत्ति रखना या उसकी चाह करना चोरी है।

गाँधीजी के अनुसार प्रकृति हमारी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है। सिवाय लालच को छोड़कर। इसका तात्पर्य है कि यदि जरूरत भर की चीजों को लिया जाए तो सभी को सब कुछ मिल सकता है समस्या तब होती है जब व्यक्ति लालच के चक्कर में भण्डारण करने लगता है तो इससे दूसरों को वह वस्तु नहीं मिल पाती जिसकी उसे जरूरत है।

17.6.6 अपरिग्रह

सिर्फ यही काफी नहीं है कि संचय अधिक नहीं किया जाए वरन यह भी आवश्यक है कि अपनी शारीरिक जरूरतों के लिए अत्यंत जरूरी सामानों के अलावा कुछ और नहीं रखा जाए। सो यदि कोई कुर्सी के बिना कार्य करता है तो उसे ऐसा अवश्य करना चाहिए। अतः इस व्रत के अनुपालक अपने जीवन को निरंतर सरलीकृत करेंगे।

अपरिग्रह का अस्तेय के साथ चोली दामन का सम्बन्ध है। कोई चीज वास्तव में चुराई न गई हो तो भी अगर आवश्यकता के बिना उसका संग्रह करते हैं तो वह चोरी का माल समझा जाना चाहिए। परिग्रह का अर्थ है भविष्य के लिए संग्रह करना। सत्य शोधक, प्रेम धर्म का पालन करने वाले कल के लिए कोई चीज

संग्रह करके नहीं रख सकता। ईश्वर परिग्रह नहीं करता। वह जिस समय कितनी चीज की जरूरत है उससे अधिक कभी उत्पन्न नहीं करता।

17.7 गौण व्रत –

17.7.1 सामाजिक व धार्मिक सम मानसिकता (सर्व धर्म समभाव)

गाँधीजी के अनुसार सत्याग्रही को सामाजिक, धार्मिक तथा लैंगिक समानता में पूर्ण विश्वास होनाचाहिए। उसे जाति, रंग, नस्ल, लिंग, व्यवसाय, धर्म, जन्मस्थान तथा वास–स्थान से इतर सभी लोगों के प्रति सम मानसिकता की भावना का विकास करना चाहिए इसके साथ ही उसे सभी धर्मों के प्रति सम–आधार भाव रखना चाहिए। उसे छुआ–छूत सहित समाज की सभी विद्रूपताओं तथा असंगतियों के उन्मूलन का प्रयास करना चाहिए। उसे सांप्रदायिकता समरसता कायम करते हुए समाज के दबे कुचले तबकों के निरंतर उत्थान में अपने आपको समर्पित कर देना चाहिए।

17.7.2 जीविका श्रम (ब्रेड लेबर)

जीविका श्रम के व्रत से आशय है कि प्रत्येक व्यक्ति विशेषकर एक सत्याग्रही को अपनी जीविका पोषण अपने हाथों से उपार्जित श्रम से करनी चाहिए। क्योंकि प्रत्येक आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन में शारीरिक श्रम की पहली भूमिका होती है। जीविका श्रम उन लोगों के लिए सच्चा आशीर्वाद है जो अहिंसा का पालन करते हैं। सत्य की पूजा करते हैं तथा ब्रह्मचर्य को अपने जीवन का सहज स्वाभाविक धर्म मानते हैं। यह आज्ञा पालन आत्म सम्मान तथा आत्म दृढ़ता, दूसरों के साथ एकत्व की भावना, सहयोग व व्यवस्था, ऊर्जा साहस, समरसता तथा भौतिक मूल्यों पर दृढ़ रहने जैसी आदतों में निर्णायक भूमिका अदा करता है। गाँधीजी ने जीविकोपार्जन हेतु चरखे को एकमात्र वैश्विक साधन बताया लेकिन उन्होंने कृषि को भी हमेंशा आदर्श व सम्मान के भाव से देखा। कताई के अतिरिक्त गाँधीजी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना सफाई कर्मी खुद होना चाहिए।

उन्होने महसूस किया कि इस समय समाज में निश्चित रूप से कुछ ऐसी जगह मौजूद है जहां सफाई कार्य में संलग्न लोगों को समाज का बहिस्कृत अंग बनने पर मजबूर किया जाता है। सो प्रत्येक को एक सफाई कर्मी के रूप में अपनी रोटी कमानी चाहिए। इस प्रकार यदि सफाई–कर्म को सही रूप में किया जाय तथा इस पर बुद्धिमत्ता पूर्ण विचार किया जाए तो यह मानवीय एकता की वाहक बन सकती है।

17.7.3 स्वदेशी

गाँधी जी का स्वदेशी प्रेम भारत की आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक गतिविधि का मूल था। उन्होंने अपने व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक प्रयास द्वारा अधिकाधिक स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन तथा प्रयोग करने का प्रयास किया। इनका मानना है था इसके द्वारा न केवल लोगों को रोजगार प्राप्त होगा बल्कि सभी सम्पन्न होंगे। उद्योग धन्धे विकसित होंगे तथा स्वावलम्बन को बढ़ावा मिलेगा। स्वदेशी एक विचार है। उनका मानना था कि यदि हम एक एक रूपया बचाते हैं तो भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास करते हैं। स्वदेशी के द्वारा श्रम को भी सुरक्षित, सुविधापूर्ण तथा लाभकारी बनाने के लिए गाँधी जी स्वदेशी पर सर्वाधिक बल दिये।

स्वदेशी का उपासक अपने निकट के पड़ोसियों की सेवा को प्रथम कर्तव्य मानकर अपने को समर्पित कर देगा इसमें बाकी के लोगों के हितों को छोड़ने या कुर्बान करने की भी नौबत आ सकती है।

इन वस्तुओं को उपयोग करना जिसके निर्माता के प्रति यह भाव हो कि वह संभवतः धोखा दे रहा है, सत्य के सरोकारों के विपरीत है। जो सत्य के व्रती मेंनचेस्टर, जर्मनी या फिर अपने खुद के देश के मीलों जहां कि कपट विहीनता के बारे में वे सुनिश्चित नहीं हो में वस्तुओं का प्रयोग किसी प्रकार से नहीं करेंगे।

स्वदेशी व्रत का अनुपालन करने के लिए यह जरूरी है कि वह सादे, सरल तथा फैशन विहीन वस्तुओं का उपयोग करें। उसके कपड़े साधारण ढंग से निर्मित व सादे हों तथा उसमें फैशनेबल बटनों, विदेशी कटावों का भी पूर्णतया निषेध हो। स्वदेशी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लागू होगी। स्वदेशी का पालन करते हुए मृत्यु भी हो जाए तो अच्छा है, परदेशी तो भयानक है ही।

'स्वधर्मो निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः'

स्वदेशी का व्रती ऐसी किसी वस्तु का प्रयोग न करे जिसके निर्माण में ऊपर के व्रतों का उल्लघंन होता हो। इस प्रकार स्वदेशी भावना का व्यक्ति मेंनेचेस्टर जर्मनी अथवा भारत में भी मिल की बनी वस्तुओं का प्रयोग नहीं कर सकता क्योंकि वह निष्चित रुप से नहीं जाना जा सकता कि मिलों में अस्तेय के व्रत का उल्लघंन नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त मिलों में मजदूरों का शोषण तो होता ही है, मिल की मषीनों के निर्माण में उनके जीवन के साथ खेल खेला जाता है। यही नहीं, अत्याधिक गर्मी से अन्य जीवों की भी हत्या होती है। गंभीर चिंतन से मिलों में ऊपर के कई व्रतों का उल्लघंन होता है। अप्राकृतिक ढंग से शरीर को सुन्दर बनाने से ब्रह्मचर्य में भी बाधा होती है। स्वदेशी भावना का विकास कई स्तरों पर हुआ है। आगे चलकर स्वदेशी खादी–हाथ का कटा–बुना कपड़ा हो गया। खादी चरखा है क्योंकि बिना चर्खे क खादी का निर्माण हो नहीं सकता और भी आगे चलकर स्वदेशी स्वराज का पयार्य हो गया। स्वदेशी भावना के पीछे 'स्वयमदासाः तपस्विंन' का मूल विचार है।

गांधी जी का स्वदेशी प्रेम भारत की आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक गतिविधि का मूल था। उन्होंने अपने व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक प्रयास द्वारा अधिकाधिक स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन तथा प्रयोग करने का प्रयास किया। इनका मानना था इसके द्वारा न केवल लोगों को रोजगार प्राप्त होगा बल्कि सभी सम्पन्न होंगे उद्योग–धन्धे विकसित होंगे तथा स्वावलंबन को बढ़ावा मिलेगा। स्वदेशी एक विचार है उनका मानना था कि यदि हम एक एक रुपया बचाते हैं तो भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास करते हैं। स्वदेशी के द्वारा श्रम को भी सुरक्षित, सुविधापूर्ण तथा लाभकारी बनाने के लिए गाँधी जी स्वदेशी पर सर्वाधिक बल दिये।

17.7.4 निडरता

सत्य और अहिंसा या प्रेम सत्याग्रह के प्रमुख अस्त्र हैं तथा इसके लिए अपेक्षित है पूर्ण निडरता या डरपोक यानी डरने वाला सत्य का अन्वेषण नहीं कर सकता है। सो सत्याग्रहियों को राजा, प्रजा, जाति, परिवार, चोर, डकैत, भयानक, जानवरों तथा मृत्यु तक के भय से अपने आप को आजाद करने की जरूरत है। साहसी बनने तथा अपने आप को बलिदान तथा पीड़ा–भोग हेतु तत्पर रहने के लिए भी निडरता एक आवश्यक शर्त है क्योंकि एक अहिंसक संघर्ष कर्ता को उनकी जरूरत हर वक्त होती है। सभी प्रकार से निडर को बिना पूर्णतः त्यागे अहिंसा के व्रत के मूल रूपेण पालन करना संभव नहीं है।

17.7.5 विनम्रता (विनयशीलता)

सत्याग्रह में विनम्रता का महत्वपूर्ण स्थान है। अखण्डता, अहंकारिता, आत्म महत्व, क्रोध तथा दंभ –सारे सत्य के साधनों के लिए बुराई के प्रतीक हैं। अनाशक्ति, निस्कपटता तथा मन की प्रशांति,

पूर्वाग्रहमुक्त तथा कार्य करने में कर्तापन की भावना का अभाव, सौम्यता, उत्कृष्टता, क्षमाशीलता तथा धरिताएं ये सब सत्य व अहिंसा के साधनों के वास्तविक गुण हैं। इन सब गुणों को मिला दिया जाए तो उसे विनयशीलता कहा जाता है। इसलिए गाँधीजी अपनी आत्मकथा में लिखते हैं 'सत्यान्वेषण के सहायक तत्व जितने सरल हैं उतने कठिन भी हैं ये किसी अक्खड़ व्यक्ति के लिए बिलकुल असंभव, लेकिन एक निर्दोष बच्चे को बिलकुल संभव जान पड़ सकता है। सत्य के साधकों को धूल से भी अधिक विनम्र होना चाहिए।

बोध प्रश्न –

1– सत्याग्रही के मन में क्या होनी चाहिए?

———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————

2– हिन्दुस्तानी के लिए परम् आवश्यक क्या है?

———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————

3– सत्याग्रही की दो प्रमुख योग्यताएं बताइए।

———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————

17.8 सारांश

इस इकाई के अन्तर्गत हमने सत्याग्रह, इसका अर्थ तथा उत्पत्ति के बारे में गहनता से अध्ययन किया। सर्वप्रथम हमने सत्याग्रह की परिभाषा इसका अर्थ के साथ–साथ इमें शामिल तत्वों के बारे में विवेचना किया। सत्याग्रह के अनिवार्य तत्वों में सत्य, अहिंसा, ईश्वर में श्रद्धा, भाई चारा, नैतिक मूल्यों की सर्वाच्चता तथा साधनों की सुचिता।

तत्पश्चात हमने सत्याग्रह की उत्पत्ति तथा उसका गीता से तुलनात्मक अध्ययन किया। सत्याग्रही की आवश्यक योग्यता के बारे में गहनता से विवेचन किया। सत्याग्रह सत्य को सर्वश्रेष्ठ मानकर उस पर चलने की सीख देता है जो समाज के सभी लोगों के लिए लाभदायक है।

17.9 शब्दावली

तत्पश्चात – एक के बाद दूसरे का वर्णन करना।

आत्मविश्वास– आत्मा की बातों पर विश्वास करना।

पाश्चात्यवासियों पर विचार– पश्चिमी देशों के विचार का वर्णन।

अनुपम हथियार– इसके समान कोई दूसरा हथियार नहीं।

बुराई का प्रतिरोध– बुराई को रोकना/विरोध करना।

आधार : बुनियाद, मूल।

कार्यात्मक : सकारात्मक, उपयोगी, समाज के एकीकरण के लिए अनावश्यक।

अनवरत प्रयास : लगातार प्रयास करना।

जीविका पोषण : जीवन जीने के लिए रोटी की आवश्यकता।

स्वदेशी : अपने देश का, देश में बनने वाला।

प्रत्यक्ष कार्यवाही : जो आंखों के सामने किया गया कार्य हो।

17.10 उपयोगी पुस्तकें

1. गौरीकांत ठाकुर– महात्मागाँधी फिलासफी आफ सत्याग्रह किशोर विद्या निकेतन, वाराणसी।
2. महत्मागाँधी – सत्याग्रह इन साउथ अफ्रीका, प्रथम संस्करण, एस. गणेशन, मद्रास।
3. जे.बी. कृपलानी– गांधियन टर्निनलाजी
4. यंग इण्डिया
5. सम्पूर्ण गाँधी वाड्0मय खण्ड –XIII
6. हरिजन
7. अनिल दत्त मिश्र– गांधी एक अध्ययन
8. एम.के. गाँधी– आटोबायोग्राफी

17.11 बोध प्रश्न के उत्तर

बोध प्रश्न खण्ड–1

1. सत्याग्रह शब्द मूल रूप से संस्कृत से बना है। यह दो शब्दों सत्य और आग्रह के मिश्रण से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है सत्य के लिए आग्रह।
2. गाँधी जी ने इंडियन ओपीनियन में सत्याग्रह को एक पवित्र उद्देश्य हेतु दृढ़ता के रूप में रेखांकित किया है। यंग इंडिया में वे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि सत्याग्रह –आत्म दुःखभोग के सिद्धांत' का एक नवीन रूप भर है।
3. सत्याग्रह लक्ष्य को प्राप्त करने का सरल व सहज मार्ग है इस पर चलकर ही सत्य को प्राप्त किया जा सकता है। सत्याग्रह श्रद्धा, विश्वास, विवेक प्रेम और विनम्रता की महानतम् अभिव्यक्ति है।

4. आचार्य जे.बी. कृपलानी के शब्दों में सत्याग्रह प्रहास के अलावा भी कुछ और अधिक की मांग करता है। यह कुछ अधिक सघर्षरत लोगों के सतत नैतिक उत्थान की बात करता है।

बोध प्रश्न खण्ड–2

1. सत्याग्रह की खोज गाँधीजी ने अनुपम हथियार के रूप में दक्षिण अफ्रीका में नस्लीय भेदभाव के खिलाफ अपने अहिंसक संघर्ष के दौरान की।
2. मगन लाल गाँधी जो गाँधीजी के सहयोगी थे ने सत्याग्रह के स्थान पर सदाग्रह शब्द सुझाया था जिसका अर्थ होता है पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अनवरत प्रयास।
3. गाँधीजी गुजराती कविता से प्रभावित होते हुए कहा–यदि कोई व्यक्ति आपकी पिपाशा शांत करता है और बदले में आप भी उसकी पिपाशा शान्त करते हैं तो इसमें उल्लेखनीय कुछ भी नहीं।
4. गाँधी जी का मानना था कि यदि बुराई का प्रतिरोध करो तो बुरे व्यक्ति ही नहीं मिलेंगे इससे बुराई व्याप्त नहीं होगी। इसी प्रकार इनका कहना था कि मरीज को न समाप्त करके मर्ज को समाप्त करना ज्यादा हितकारी है।

बोध प्रश्न खण्ड–3

1. सत्याग्रही के मन में ईश्वर के प्रति जीवन्त आस्था होनी चाहिए।
2. हिन्दुस्तानी के लिए परम् आवश्यक खादी बुनने वाला तथा कातने वाला होना चाहिए।
3. (i) किसी भी प्रकार के नशा से उसे मुक्त होना चाहिए।

   (ii) सत्य के प्रति मन में अगाध श्रद्धा होनी चाहिए।

.....0000.....

इकाई–18 सर्वोदय का अर्थ एवं उत्पत्ति

ईकाई की रूपरेखा

18.0 उद्देश्य

18.1 प्रस्तावना

18.2 अर्थ एवं उत्पत्ति

18.2.1 सर्वोदय के स्रोत

18.2.2 रस्किन की अन टू द लास्ट

18.2.3 भगवद्गीता

18.2.4 ईश्वस्योपनिषद

18.2.5 बुद्धवाद

18.2.6 जैनवाद

18.3 सारांश

18.4 शब्दावली

18.5 उपयोगी पुस्तकें

18.6 बोध प्रश्नों के उत्तर

18.0 उद्देश्य –

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप इस योग्य हो जायेंगे कि सर्वोदय का अर्थ एवं उत्पत्ति क्या है तथा इसका स्रोत क्या है? समाज के सभी वर्गों का उदय करना सर्वोदय का मूल आधार है। आज सर्वोदय मात्र एक विचार का स्वप्नलोकीन धारणा का प्रतिनिधित्व नहीं करता है बल्कि मानवीय मस्तिष्क को मानवीय समाज की पुनर्संरचना के लिए पुनर्भिमुख करने का प्रयास करता है।

विश्व समय–सयम पर विभिन्न सामाजिक–आर्थिक विचार धाराओं पूंजीवादी, समाजवादी और साम्यवादी के प्रचार, प्रयोग और क्रियान्वयन का साक्षी रहा है। लेकिन समस्त दृष्टिकोणों से सर्वोदय निःसन्देह गुणी प्रारूपों से बहुत अधिक श्रेष्ठ है। यह हमारे सामने एक राष्ट्र के संतुलित और एकीकृत विकास के सामने रखता है जिसमें धनी और निर्धन, विशेषाधिकार सम्पन्न और विशेषाधिकारहीन शासक और शासितों के बीच कोई अंतर नहीं होता। सर्वोदय में हठधर्मिता का कोई स्थान नहीं होता है।

18.1 प्रस्तावना

इस इकाई का उद्देश्य सर्वोदय के अर्थ, उत्पत्ति तथा स्रोत के बारे में विस्तृत चर्चा करना है। इसके विभिन्न पक्षों का अवलोकन कर हम इससे प्राप्त होने वाले लाभों का भी ज्ञान प्राप्त करते हैं। लियो टालस्टाय, थोरो, भगवद्गीता, जैनवाद तथा बुद्धवाद में सर्वोदय का हम स्पष्ट व्याख्या देखते हैं। इन सबक मूल एक है बस कहने का तरीका अलग–अलग है। सभी इस बात पर बल देते हैं कि समाज के सभी वर्गों का सभी प्रकार से उदय हो इसमें किसी को भी कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए।

18.2 अर्थ एवं उत्पत्ति

सर्वोदय की उत्पत्ति संस्कृत से हुई जो 'सर्व' और 'उदय' से मिलकर बना है। सर्वोदय का उत्पत्ति मूलक अर्थ सभी का विकास हैं। इसमें सभी जीवित प्राणी शामिल हैं। अन्य शब्दों में सर्वोदय का अर्थ सभी का जनकल्याण है। यह शब्द पहली बार गुजराती में अनुवाद के लिए शीर्षक के रूप में जान रस्किन की पुस्तक अन टू द लास्ट में प्रकट हुआ। सर्वोदय नौ आलेखों की श्रृंखला का शीर्षक था जिसे गाँधीजी ने लिखा और जिस 1908 में दक्षिण अफ्रीका की साप्ताहिक इंडियन ओपीनियन में गुजराती में प्रकाशित किया।

यह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक सभी को शामिल करता है। उपभोक्तावाद के विपरीत मत–एक और सभी की भलाई, ऊपर और नीचे, मजबूत एवं कमजोर तथा बुद्धिमान एवं मूर्ख सभी के लिए लागू होता है। अहस्तक्षेप नीति के विपरीत, जो सर्वोत्तम ही जीवित रहता है।' सर्वोदय सभी के अस्तित्व और विकास में विश्वास करता है। बिनोवा भावे के लिए 'सर्वोदय का विचार' गीता ने उपदेश के अनुसार एक व्यक्ति को सभी की भलाई के लिए स्वयं में समाविस्ट होना।

सब के जनकल्याण के संकेत के अतिरिक्त सर्वोदय दो और अर्थों को बताता है पहला– वैश्विक जनकल्याण और दूसरा सभी का एकीकृत विकास। अस्तक्षेप का दर्शन कुछ के द्वारा बहुतों के शोषण पर आधारित है। उपयोगितावादी विचारधारा अल्पसंख्यक की पूरी तरह उपेक्षा करते हुए बहुसंख्यक समर्थन करता है। सर्वोदय इन सिद्धांतों को अस्वीकार करता है जा कुछ के आनन्द के लिए है और वर्ग, वंश, रंग, प्रजाति क्षेत्र और धर्म से परे सभी के जन कल्याण की वकालत करता है। सर्वोदय का दर्शन मानवीय समाज की पुनर्संरचना का प्रयास करता है, या मानवीय मस्तिष्क को पुनराभिमुख करता है। इसका अर्थ जनकल्याण एवं सौभाग्य सबके लिए है। सभी हितों की टकराहट के बिना एक साथ विकास करें।

सर्वोदय के अर्थ की व्याख्या करते हुए दादा धर्माधिकारी ने कहा कि सर्वोदय एक बृहद संकेत वाला शब्द है और यह न केवल बहुतों या अधिकांश बल्कि सबों को आत्मसात करता है।

सर्वोदय एक दर्शन है जो मानवीय मस्तिष्क और आत्मा की अपूर्णता के विरुद्ध रोक लगाता है जो मानवीय मस्तिष्क और आत्मा की अपूर्णता के विरुद्ध रोक लगाता है। सर्वोदय शब्द के अर्थ के सम्बन्ध में बृहद तौर पर दृष्टिकोण है– पहला यह सूक्ष्म रूप है, जिसका सामान्य अर्थ है एक और सब का उदय, दूसरा इसका बृहद रूप सभी के उदय का संकेत देता है। वैश्विक जन कल्याण सब के सर्वांगीण विकास का संकेत देता है। लेकिन यह कई अन्य अर्थों का भी संकेत देता है। इसके नकारात्मक अर्थ में, यह कभी भी किसी एक व्यक्ति को शेष मानव जाति से अलग आनन्द के लिए नहीं छोड़ता है। एक सकारात्मक अर्थ यह व्यक्ति के विकास के सभी संकल्पों को प्रोन्नत करता है। बिनोवा भावे के अनुसार इसका अर्थ सब पीड़ाओं को दूर, सभी को प्रसन्न करना ही नहीं है बल्कि समानता पर आधारित एक विश्व स्थिति को लाना है। गाँधीजी के लिए सर्वोदय एक बृहद अर्थों में स्व–त्याग एवं स्वार्थहीन सेवा सहित एक का सभी से

समाविष्ट होना है। इसका उद्देश्य न केवल न्यूनतम भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति है बल्कि सभी व्यक्तियों के नैतिक आध्यात्मिक आशय का विकास करना है।

आज के युग की जो अकांक्षा है उससे सर्वोदय के लिए अनुकूल वातावरण पैदा हुआ है। उस अकांक्षा की पूर्ति के लिए सर्वोदय के सिद्धान्त और नीति के सिवाय दूसरा कोई चारा नहीं है। सर्वोदय का दर्शन समग्र जीवन के लिए होना चाहिए, निरपेक्ष होना चाहिए और सार्वभौम होना चाहिए। उसमें देश–काल की मर्यादाएं न होनी चाहिए। लोग कालानुक्रम में और इतिहास के सिद्धान्त में विश्वास करते है। यहाँ कालक्रम और इतिहास की बात नहीं कही जा रही है। कालातीत सिद्धान्त के माने यह है कि सिद्धान्त के विनियोग बदलते रहेगे; उसे लागू करने की पद्धति में 'परिवर्तन होता रहेगा लेकिन सिद्धान्त नहीं बदलेगा। बात यह है कि अहिंसा का पुजारी उपयोगितावाद का समर्थन नहीं कर सकता। वह तो सर्वभूतहितवाद यानी सबके अधिकतम् लाभ के लिए ही प्रयत्न करेगा और इस आदर्श की प्राप्ति में मर जायेगा। इस प्रकार वह इसलिए मरना चाहेगा कि दूसरे जी सके। दूसरों के साथ–साथ वह अपनी सेवा भी आप मर कर करेगा। सबके अधिकतम् सुख के भीतर अधिकांश का अधिकतम् सुख भी मिला हुआ है और इसलिए अहिंसावादी और उपयोगितावादी अपने रास्ते पर कई बार मिलेंगे। किन्तु अंत में ऐसा भी अवसर आयेगा जब उन्हें अलग–अलग रास्ते पकड़ने होगें और किसी–किसी दषा में एक दूसरे का विरोध भी करना होगा। तर्कसंगत बने रहने के लिए उपयोगितावादी अपने को कभी बलि नहीं कर सकता।

अहिंसावादी हमेशा मिट जाने को तैयार रहेगा। यदि हम चाहते है कि हमारा सर्वोदय अर्थात सच्चे लोकतंत्र का सपना सच्चा साबित हो तो हम छोटे से छोटे भारतवासी को भारत का उतना ही शासक समझेंगे जितना देश के बड़े से बड़े आदमी को। इसके लिए शर्त यह है कि सब शुद्ध हो, या न हुए हो तो शुद्ध हो जाएं। और शुद्धता के साथ–साथ बुद्धिमानी भी होनी चाहिए। तब कोई भी अपने दिल में जाति–अजाति और सवर्ण–अवर्ण के बीच भेदभाव नहीं रखेगा। हर एक सबकों अपनी बराबरी का समझेगा और उन्हें प्रेम के रेषमी जाल में बांध रखेगा। कोई किसी हो अछूत नहीं मानेगा। हम मेंहनत करने वाले मजदूर और घनी पूँजीपति को समान समझेंगे। सबको अपने पसीने की कमाई से ईमानदारी की रोजी कमाना आता होगा और वे मानसिक और शारीरिक श्रम में कोई फर्क नहीं करेंगे। यह आदर्श स्थिति जल्दी लाने के लिए हम अपने आपको स्वेच्छाा से भंगी बना लेगे। जिस किसी में भी बुद्धि होगी वह कभी अफीम, शराब या किसी नषीली चीज को नहीं छुऐगा। प्रत्येक पुरुष स्वदेशी का पालन जीवन व्रत के रुप में करेगा और हर एक स्त्री को जो अपनी पत्नी नहीं है उसकी उम्र के हिसाब से अपनी माता, बहन या पुत्री समझेगा और अपने हृदय में उसके प्रति कभी काम वासना नहीं रखेगा। जब जरुरत पड़ेगी वह अपने प्राण देने को तैयार होगा मगर दूसरे की जान लेने की कभी इच्छा नहीं करेगा। ध्येय की सबसे स्पष्ट व्याख्या और कद्रदानी से भी हम उस ध्येक नहीं पहुँच सकेंगे अगर हमें उसे प्राप्त करने के साधन मालूम नहीं होंगे और हम उनका उपयोग नहीं करेंगे। इसलिए मुझे तो मुख्य चिन्ता साधनों की रक्षा और उनके अधिकाधिक उपयोग की है। गाँधी जी का मानना था कि अगर हम साधनों की चिन्ता रख सके तो ध्येय की प्राप्ति निष्चित है। में भी अनुभव करता हूँ कि ध्येय की ओर हमारी प्रगति ठीक उतनी ही होगी जितने हमारे साधन शुद्ध होंगें। दादा धर्माधिकारी तथा विनोबा भावे ने सर्वोदय के सन्दर्भ में अपने मत दिये है जो सर्वोदय को उच्च स्थान प्राप्त कराते है।

मित्रों का सम्मान करते हुए विनोबा भावे ने सर्वोदय को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत के गाँवों को स्वावलम्बी बन जाना चाहिए और उन्हें जहाँ तक संभव हो कीमतों के उतार–चढ़ाव से बचा लेना चाहिए। जरुरी कच्चा माल गाँव में ही पैदा होता हो तो उन्हें अपने ही गांव में अपनी जरुरत का पक्का

माल तैयार कर लेना चाहिए। यंत्रों पर सारे समाज का अधिकार होना चाहिए। उत्पादन और अंतिम वितरण के बीच में कोई दलाल नहीं होने चाहिए। अहिंसा के आधार पर खड़ा समाज बीच के दलालों के मारफत काम नहीं कर सकता। सबको खाना मिलना चाहिए और सबको काम करना चाहिए। राष्ट्र की अर्थ व्यवस्था की योजना सम्मिलित परिवार के ढंग पर होनी चाहिए। अगर चरखे से सबको काम मिल सके तो उसे काम में लेना चाहिए। अगर आप सारे राष्ट्र के लिए योजना नहीं बना सकते और आपको भेदभाव करना ही पड़े तो उस सूरत में में अपने को साम्यवादी मानकर कहता हूँ कि अपनी योजना बनाने में अपको गरीबों के पक्ष में भेदभाव करना चाहिए संक्षेप में सर्वोदय की मेंरी रुपरेखा यही है।

18.2.1 सर्वोदय के स्रोत

सर्वोदय का सिद्धांत किसी एक ग्रंथ से नहीं लिया गया है बल्कि यह कई ग्रंथों का समन्वय है। विभिन्न स्रोतों ने गाँधीजी को उनके सर्वोदय के आशय को विकसित करने में सहयोग किया। ये थे– रस्किन की पुस्तक –अन टू द लास्ट, टालस्टाय की– द किंगडम ओर गाड विद इन यू, थोरो की सविनय अवज्ञा, भगवद्गीता, ईशावाश्योपनिषद, बुद्ध, जैन और इस्लाम इत्यादि।

18.2.2 रस्किन की अन टू दिस लास्ट –

गाँधीवादी दर्शन का सर्वोदय की खोज भारतीय अध्यात्म और धार्मिक विरासत की शिक्षाओं में की जा सकती है। यद्यपि गाँधी जी इस तथ्य को स्वीकारते हैं कि उन्हें तात्कालिक प्रेरणा रस्किन की अन टू दिस लास्ट से मिली, जिसमें सर्वोदय का अर्थ चित्रित था। सर्वजन कल्याण गाँधीजी के दर्शन का मूलाधार उसी दिन से बन गया जब उन्होंने गुजराती में छपे सर्वाधिक प्रसिद्ध 30 हजार शब्दों वाली पुस्तक हिंद स्वराज या इण्डियन होमरूल 1909 में लिखी।

गाँधीजी के अनुसार अन टू दिस लास्ट की मुख्य शिक्षाएं हैं –

(1) व्यक्ति की भलाई में सब की भलाई निहित है।

(2) एक वकील के कार्य का मूल्य एक नाई के कार्य के बराबर है। इसी प्रकार सब को अपने कार्यों द्वारा जीविकोपार्जन का अधिकार है।

(3) एक श्रमिक का जीवन जैसे खेत जोतने वाला और दस्तकारों का जीवन अन्य लोगों के जीवन की तरह ही है।

गाँधीजी ने स्वयं मत व्यक्त किया कि उन्होंने इसे बाद में सर्वोदय शीर्षक से गुजराती में अनुवाद किया। गाँधीजी और रस्किन दोनों ही गंभीरतापूर्वक सामाजिक जन कल्याण से संबंधित थे।

18.2.3 भगवद्गीता –

गाँधीजी ने अपनी प्राथमिक शक्ति और प्रेरणा भगवद्गीता से ही ग्रहण की। गाँधीजी के लिए गीता 'शाश्वत मां' है। उनके अनुसार गीता का सार आत्मानुभूति है। वह कहते हैं कि आत्मानुभूति और इसका अर्थ गीता की विषय वस्तु है। आगे वह कहते हैं जो गीता की भावना को जो पढ़ता है वह अहिंसा के रहस्य, व स्वयं को अनुभव करने का रहस्य–भौतिक शरीर के द्वारा करने की शिक्षा देती है।

गीता का मुख्य उद्देश्य धर्म की स्थापना करना है। यह सभी के लिए शांति और सौभाग्य लाना चाहता हैं यह संक्षिप्त रूप में हिन्दू विचारधारा को प्रस्तुत करता है जो बदले में, सभी प्राणियों के लिए भाई

चारे की बात करता है। जैसे कि ईश्वर और इसकी सभी रचनाएं एक हैं यह सभी स्वार्थहीन सेवाओं का, सभी जीवों के जन कल्याण को बढ़ावा देने की महत्ता को रेखांकित करता है। सर्वधर्म के द्वारा गीता का लक्ष्य –सर्वभूतहित' या सभी प्राणियों की भलाई भी है। इस प्रकार गीता सर्वजन कल्याण या सर्वोदय का उपदेश देती है जिससे गाँधीजी के विचार और क्रिया को प्रभावित किया।

18.2.4 ईशावास्योपनिषद –

ईशावास्योपनिषद का पहला श्लोक सर्वोदय की विचारधार से संबंधित है। छंद का पहला हिस्सा समानता और भ्रातृत्व को समाविष्ट करते हैं और दूसरा हिस्सा समाज के लिए त्याग, अ–ग्रहणशीलता, अशोषण के विचार पर आधारित है। गाँधीजी के अनुसार ईश्वर पूरे विश्व में व्याप्त हैं। यह श्लोक समानता और भ्रातृत्व का उपदेश देता है जो सर्वजन कल्याण के मौलिक, सिद्धांत है। वे जोर देते हैं कि –विश्व बंधुत्व केवल मानवीय प्राणियों का भ्रातृत्व नहीं है बल्कि यह सभी जीवित प्राणियों का है। में इस मंत्र को प्राप्त करता हूं।

18.2.5 बुद्धवाद

महात्मा बुद्ध के अनुसार सभी के जीवन से दुःखों को समाप्त करना होगा ताकि निर्वाण के परमानंद की प्राप्ति हो सके। यह उनके जीवन में यहां और वहां अनुभव किया जा सकता है। यह सभी प्राणियों के पूर्ण और निश्चित ज्ञान के लिए जाना जाता है। गाँधीजी बुद्ध के दर्शन से अत्यधिक प्रभावित और गहराई से प्रभावित हुए थे। जिसने विश्व प्रेम, जीवित प्राणियों के प्रति अहिंसा, त्याग और सन्यास को सभी के लिए जनकल्याण को बढ़ावा देने के लिए उपदेश दिया। बुद्ध ने पवित्रता पर जोर दिया। इस विचार ने गाँधीजी को प्रभावित किया, उन्होंने स्थिर भाव से कहा कि साधन और साध्य में गहरा सम्बन्ध होता है। बुद्ध ने मध्यम मार्ग का सन्देश दिया, इसी प्रकार सर्वोदय में, यह माना गया कि कोई भी चरम कदम नहीं उठा सकता है।

18.2.6 जैनवाद

जनकल्याण जैन धर्म का आदर्श है। पांच महाव्रतों में एक का निर्माण अहिंसा करता है। अहिंसा का सकारात्मक पक्ष सभी प्राणियों के लिए प्रेम है, न केवल मनुष्य बल्कि सभी के लिए। एक जैन तीर्थंकर का यह कर्तव्य हे कि वह अपना सम्पूर्ण जीवन पूरे ब्रह्माण्ड के जीवों की प्रसन्नता के लिए समर्पित कर दे।

संक्षेप में महात्मा गाँधी ने सर्वोदय को लेकर व्यापक रूप में अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है उनके अनुसार यही हम चाहते हैं कि हमारा सर्वोदय अर्थात सच्चे लोकतंत्र का सपना सच्चा साबित हो तो हम छोटे से छोटे भारतवासी को भारत का उतना ही शासक समझेंगे जितना देश के बड़े से बड़े आदमी को। इसके लिए शर्त यह है कि सब शुद्ध हों या न हुए हो तो शुद्ध हो जाए और शुद्धता के साथ–साथ बुद्धिमानी भी होनी चाहिए। तब कोई भी अपने दिल में जाति–पांति और सवर्ण–अवर्ण के बीच भेदभाव नहीं रखेगा। हर एक सबको अपनी बराबरी का समझेगा और उन्हें प्रेम के रेशमी जाल में बांध रखेगा। कोई किसी को अछूत नहीं मानेगा।

हम मेंहनत करने वाले मजदूर और धनी पूंजीपति को समान समझेंगे। सबको अपने पसीने की कमाई से ईमानदारी की रोजी कमाना आता होगा और वे मानसिक और शारीरिक श्रम में कोई फर्क नहीं करेंगे। यह आदर्श स्थिति जल्दी लाने के लिए हम अपने आप को स्वेच्छा से भंगी बना लेंगे। जिस किसी में

भी बुद्धि होगी वह कभी अफीम, शराब या किसी नशीली चीज को नहीं छुएगा। प्रत्येक पुरुष स्वदेशी का पालन जीवन व्रत के रूप में करेगा और हर एक स्त्री को जो अपनी पत्नी नहीं है उसकी उम्र के हिसाब से अपनी माता, बहन या पुत्री समझेगा और अपने हृदय में उसके प्रति कभी काम वासना नहीं रखेगा। जब जरूरत पड़ेगी वह अपने प्राण देने को तैयार रहेगा मगर दूसरे की जान लेने की कभी इच्छा नहीं करेगा, यही सर्वोदय का सर्वोच्च आदर्श जो व्यक्ति के जीवन को सुखमय बनाता है।

बोध प्रश्न –1

(1) सर्वोदय शब्द का अर्थ बताइए?

———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————

(2) विनोबा भावे के अनुसार सर्वोदय की व्याख्या करिए।

———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————

(3) दादा धर्माधिकारी के अनुसार सर्वोदय की व्याख्या करिए।

———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————

(4) सर्वोदय के स्रोत कौन–कौन से हैं?

———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————

(5) अन दू दिस लास्ट से गाँधी जी किस प्रकार प्रभावित हुए।

———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————————————————————
———————————————————

18.3 सारांश

इस इकाई के अन्तर्गत हमने सर्वोदय का अर्थ, उसकी उत्पत्ति तथा विभिन्न ग्रन्थों व विद्वानों द्वारा सर्वोदय के सन्दर्भ में दिये गये विचारों का अध्ययन किया है। सर्वप्रथम हमने सर्वोदय के उसकी उत्पत्ति का वर्णन किया तत्पश्चात, दादा धर्माधिकारी, बिनोवा भावे, गीता, जैन व बौद्ध धर्म, अन टू द लास्ट, इत्यादि के विचारों का विस्तृत अध्ययन किया है।

सर्वोदय भारत के प्राचीन आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की नींव पर आधारित एक नया समाज बनाना चाहता है और समकालीन समस्याओं की चुनौतियों को पूरा करने का प्रयास करता है। सर्वोदय सामाजिक और राजनीतिक अभिमुखीकरण के मुक्तिदाता का दर्शन है जहां पीड़ा है सर्वोदय उसका दमन करता है। यह मानवीय भावनात्मक एकीकरण और सर्वोच्च बौद्धिक आकांक्षा का चरमोत्कर्ष है।

18.4 शब्दावली –

(1) उद्धरण – ऊपर उठाना, उद्धार करना। लेख या ग्रंथ से गृहीत अंश।

(2) चकराना– चकित होना।

(3) जनाधिकार – जनता को कानून द्वारा प्राप्त अधिकार

(4) अल्प संख्यक– समाज में जिसकी भागीदारी संख्या में कम हो।

(5) जन कल्याण– सभी लोगों का हित/कल्याण।

18.5 उपयोगी पुस्तकें –

(1) विनोवा भावे– स्वराज शास्त्र, नई दिल्ली, सस्ता साहित्य मंडल

(2) अनिल दत्त मिश्र– गाँधी एक अध्ययन

(3) यंग इंडिया – एम0के0 गाँधी

(4) हरिजन– एम0के0 गाँधी

(5) के0एम0 रघुनाथ चेट्टी– सर्वोदय एण्ड फ्रीडम ए गांधियन एप्रेजल डिस्कवरी पब्लिकेशन हाऊस, नई दिल्ली।

(6) बी0पी0 पाण्डेय– गाँधी सर्वोदय एण्ड आर्गेनाइजेशन, चुग पब्लिकेशन, इलाहाबाद।

(7) जे0एन0 मोहंती– सर्वोदय एण्ड अरविंदो – ए एप्रोचमेंट, गाँधी मार्ग खण्ड–4

18.6 बोध प्रश्नों के उत्तर–

(1) सर्वोदय शब्द की उत्पत्ति संस्कृत से हुई है जो सर्व यानी सभी और उदय यानी उत्थान से मिलकर बना है। जिसका अर्थ है सभी का उत्थान, सभी का कल्याण।

(2) आचार्य विनोवा भावे के अनुसार सर्वोदय शब्द दो स्तरीय अर्थ पर नियंत्रण रखता है, पहला सर्वोदय का अर्थ वैज्ञानिक ज्ञान से पीड़ा और गरीबी दूर कर सभी को प्रसन्न करना है। दूसरा देवत्व, दया और समानता से पूर्ण विश्व राज्य की स्थापना सर्वोदय कहलाता है।

(3) सर्वोदय की व्याख्या करते हुए दादा धर्माधिकारी ने कहा कि सर्वोदय एक वृहत संकेत वाला शब्द है और यह न केवल बहुतों या अधिकांशों का बल्कि सबों को आत्मसात करता है।

(4) सर्वोदय का स्रोत एक ग्रंथ नहीं है न तो एक विद्वान बल्कि इसमें कई ग्रन्थों का समन्वय है। विभिन्न स्रोतों ने गाँधी जी को उनके सर्वोदय से आशय को विकसित करने में सहयोग किया यह हैं– रस्किन की पुस्तक अन टू दिस लास्ट, टालस्टाय की – द किंगडम आफ गाड विद इन यू, थोरो की सविनय अवज्ञा, भगवद्गीता, ईशावास्योपनिषद, बुद्ध, जैन व इस्लाम हैं।

(5) अन टू दिस लास्ट की मुख्य शिक्षाएं जैसे व्यक्ति की भलाई में सब की भलाई निहित है, एक वकील और नाई का कार्य बराबर है तथा श्रमिक का जीवन अन्य जीवों की तरह है। यही सब सिद्धांत से गाँधी जी प्रभावित हुए थे।

.....000.....